फाल्गुन कृष्ण पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 1 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 13, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकारा 16

तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप 15

## तलाकशुदा पति-पत्नी के बच्चों की सही परवरिश को हाईकोर्ट में जनहित याचिका

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाई कोर्ट ने पति पत्नी के विवाह विच्छेद के दौरान बच्चों की परवरिश पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बंध में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने केंद्र सरकार से छह मार्च तक स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। अगली सुनवाई छह मार्च को होगी। मामले के अनुसार अधिवक्ता श्रुति जोशी ने जनहित याचिका

**लगाई गुहार**

- संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 में संशोधन बिल केंद्र के पास लंबित
- बिल पास होने तक हाईकोर्ट से बच्चों की सही परवरिश को दिशा-निर्देश जारी करने की अपील

दायर कर कहा कि पति पत्नी के विवाह विच्छेद (तलाक) के दौरान इसका सबसे बुरा प्रभाव उनके बच्चों की परवरिश, शिक्षा, रहन सहन पर पड़ता है। जो प्यार बच्चों को पति-पत्नी के एक साथ रहकर मिल सकता है वह विवाह विच्छेद बाद नहीं मिलता है। जिसकी वजह से बच्चे आगे नहीं बढ़ पाते हैं उनकी परवरिश ठीक से नहीं हो पाती है।

इस संबंध में केंद्र सरकार के विधि आयोग ने रिपोर्ट में कहा है कि विवाह विच्छेद के दौरान बच्चों की परवरिश करने की जिम्मेदारी पति-पत्नी दोनों की होनी चाहिए। इसलिए संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 में संसोधन की आवश्यकता है। यह बिल अभी केंद्र सरकार में लंबित है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि जब तक यह बिल पास नहीं हो जाता, तब तक न्यायालय बच्चों की परवरिश के लिए दिशा-निर्देश जारी करें।

## काशीपुर में चाकू मारकर युवक की हत्या, एक गंभीर

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** दो पक्षों में हुए झगड़े में एक युवक की जान चली गई। वहीं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक पक्ष के लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। पुलिस ने लोगों को बमुश्किल समझाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

गुरुवार देर रात पच्चावाला निवासी चमन किसी काम से पैदल कुंडेश्वरी मोड़ गया था। लौटने के लिए उसने अपने भाई आकाश को बाइक लेकर आने के लिए कहा। आकाश अपने दोस्त अजय को लेकर पहुंचा। इस बीच चमन के साथ श्यामपुरम निवासी बाइक सवार दो युवक गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर वह मारपीट पर उतारू हो गए। आकाश और अजय ने चमन को बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने अपने साथी भी मौके पर बुला लिए। इस दौरान हमलावर ने आकाश और अजय पर चाकू से वार कर दिया। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर मौके पर भीड़ एकत्र होने पर हमलावर वहां से भाग गए।

घायल अवस्था में दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने आकाश को मृत घोषित कर दिया और अजय को रेफर कर दिया। सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि जांच की जा रही है।

## तीसरी तिमाही में 8.4% रही आर्थिक वृद्धि दर

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनएसओ ने जारी किए आंकड़े, समूचे वित्त वर्ष में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष (2023-24) की तीसरी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में तेजी से बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। आर्थिक वृद्धि का यह अनुमान जताए गए विभिन्न अनुमानों से कहीं अधिक है। आरबीआई ने तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष के लिए सात प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 4.3 प्रतिशत रही थी। जीडीपी वृद्धि एक निश्चित अवधि में वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य में वृद्धि को दर्शाती है। इसके साथ ही एनएसओ ने राष्ट्रीय खातों के अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देश की वृद्धि दर के बढ़कर 7.6 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है। इस साल जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

एनएसओ ने पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को भी संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है। पहले इसके 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल मूल्य-वर्धन (जीवीए) के हिसाब से विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 11.6 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इसमें 4.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी।




**केंद्रीय कैबिनेट ने दी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी**

# देश में 1 करोड़ घरों को मिलेगी 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

### छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक मिलेगी सब्सिडी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी। इस पर 75,021 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। योजना के तहत एक करोड़ घरों को छतों पर सौर संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक सब्सिडी और 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि छत पर सौर संयंत्र लगाने और एक करोड़ परिवारों को हर महीने प्रति परिवार 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने की योजना को मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी, 2024 को यह योजना शुरू की थी। योजना के तहत दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए लागत का 60 प्रतिशत और दो किलोवाट से तीन किलोवाट क्षमता के बीच प्रणाली के लिए अतिरिक्त लागत



के 40 प्रतिशत की केंद्रीय वित्तीय सहायता मिलेगी। यह सहायता तीन किलोवाट तक के लिए है।

मौजूदा मानक कीमतों पर देखा जाए तो एक किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 60,000 रुपये और तीन किलोवाट क्षमता या उससे अधिक के लिए सब्सिडी 78,000 रुपये होगी। योजना के तहत प्रत्येक जिले के एक गांव को 'मॉडल सोलर' गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 'रोल मॉडल' के रूप में कार्य करेगा। इसके अलावा, स्थानीय शहरी निकायों और पंचायती राज संस्थानों को भी अपने क्षेत्रों में छतों पर सौर संयंत्र लगाने को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

**पीएम सूर्य घर पोर्टल पर करवा सकते हैं पंजीकरण**

परिवार राष्ट्रीय पोर्टल पीएम सूर्य घर डॉट गॉव डॉट इन (https://pmsuryaghar.gov.in) के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन करेंगे और छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त विक्रेता का चयन कर सकेंगे। राष्ट्रीय पोर्टल के जरिए उपयुक्त सौर प्रणाली, लाभ आकलन, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी जरूरी जानकारी उपलब्ध होगी। परिवार रिहायशी मकानों में छतों पर तीन किलोवाट तक की क्षमता के सौर संयंत्र लगाने के लिए करीब सात प्रति ब्याज पर बिना किसी गारंटी के कर्ज ले सकेंगे।

**अधिशेष बिजली की बिक्री से कर सकेंगे कमाई**

इस योजना के माध्यम से, परिवार बिजली बिल बचाने के साथ-साथ वितरण कंपनियों को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। घर में अगर तीन किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली लगाई जाती है, तो इससे प्रतिमाह औसतन 300 से अधिक यूनिट बिजली पैदा की जा सकेगी। अनुमान है कि इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लगभग 17 लाख नौकरियां सृजित होंगी।

**अन्य फैसले...**

- बाघों के संरक्षण को इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस का होगा गठन
- तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित किए जाने पर भी लगी मुहर
- 12 महत्वपूर्ण एवं सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की गई
- राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य संस्थान, नागपुर में निदेशक पद सृजन को मंजूरी

**पीएंडके उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये सब्सिडी :** सरकार ने आगामी खरीफ सत्र के लिए फॉस्फेटिक एवं पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की घोषणा की। कहा है कि किसानों को प्रमुख पोषक तत्व डीएपी 1,350 रुपये प्रति क्विंटल के दाम पर मिलती रहेगी। कैबिनेट बैठक में पीएंडके उर्वरकों पर 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक के खरीफ सत्र के लिए पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आगामी खरीफ सत्र के लिए नाइट्रोजन पर सब्सिडी 47.02 रुपये, फॉस्फेटिक पर 28.72 रुपये, पोटाश पर 2.38 रुपये और सल्फर पर 1.89 रुपये प्रति किलोग्राम तय की गई है।

## सीरियल बम विस्फोट केस में करीम टुंडा बरी

जयपुर, एजेंसी



- 1993 में देशभर में पांच ट्रेनों में हुए थे सिलसिलेवार धमाके
- अजमेर की टाडा कोर्ट ने दो अन्य आरोपियों को दी उम्रकैद

अजमेर की एक विशेष अदालत ने 1993 में कई ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल करीम टुंडा को गुरुवार को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर सका।

न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता की टाडा अदालत ने दो अन्य आरोपियों-इरफान और हमीदुद्दीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। भारत में वांछित आतंकवादी दाऊद इब्राहिम के घनिष्ठ सहयोगी टुंडा (81) पर दिसंबर 1993 में बाबरी मस्जिद विध्वंस की पहली बरसी पर विभिन्न शहरों में पांच ट्रेनों में विस्फोट करने का आरोप है। इन बम धमाकों में दो लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। टुंडा के वकील शफकतुल्लाह सुल्तानी ने अजमेर में संवाददाताओं से कहा कि अदालत ने अब्दुल करीम टुंडा को उसके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी कर दिया। टाडा अदालत ने 5-6 दिसंबर 1993 की रात लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में यात्री ट्रेनों में हुए विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी टुंडा और सह आरोपियों इरफान उर्फ पप्पू और हमीदुद्दीन- के खिलाफ 30 सितंबर 2021 को आरोप तय किए थे।

**धमाकों में हुई थीं दो मौतें, 22 लोग हुए थे घायल**

नई दिल्ली और हावड़ा जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों, नई दिल्ली-मुंबई राजधानी एक्सप्रेस, सूरत-बड़ौदा फ्लाइंग क्वीन एक्सप्रेस और हैदराबाद-नई दिल्ली एपी एक्सप्रेस में हुए विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और कम से कम 22 घायल हो गए थे। आरोपियों के खिलाफ आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के साथ ही विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम और भारतीय रेलवे अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे।

**एक नजर**

### चालक रहित ट्रेन मामले में लोको पायलट बर्खास्त

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने जम्मू के कठुआ से पंजाब के उच्ची बस्सी तक लगभग 78 किलोमीटर तक बिना चालक के चलने वाली एक मालगाड़ी के लोको पायलट को सेवा से हटा दिया है। उन्होंने कहा कि उसकी लापरवाही के कारण एक बड़ा हादसा हो सकता था जिससे लोगों की जान जा सकती थी। रेलवे सूत्रों ने कहा कि इस मामले में एक उच्च स्तरीय जांच जारी है तथा कुछ और लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। बता दें कि घटना के तुरंत बाद उत्तर रेलवे ने लोको पायलट समेत छह लोगों को निलंबित कर दिया था।

### ओपीएस लागू नहीं होने पर हड़ताल की दी धमकी

**नई दिल्ली।** ज्वाइंट फोरम फॉर रिस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम (जेएफआरओपीएस) के तहत एकजुट हुई रेलवे कर्मचारियों व श्रमिक यूनियनों ने धमकी दी है कि अगर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे एक मई से देश भर में सभी ट्रेन सेवाओं का संचालन बंद कर देंगी। जेएफआरओपीएस के संयोजक शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि अब विकल्प नहीं बचा है।

### 2 मार्च से फिर बदलेगा मौसम, वर्षा के आसार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड में एक बार फिर से मौसम में बदलाव होने वाला है। दो से चार मार्च तक बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के जारी बुलेटिन के अनुसार दो से चार मार्च तक राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा। मैदान से लेकर पहाड़ तक बारिश होने की संभावना है। बारिश के चलते एक बार फिर से तापमान में गिरावट आएगी। यह मार्च माह में पहला पश्चिमी विक्षोभ होगा। बीते दिनों हुई बारिश की वजह से पहाड़ों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

## बनभूलपुरा हिंसा का वांटेड दिल्ली से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा के आखिरी वांटेड और हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के बेटे अब्दुल मोईद को एसओजी ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। तड़के टीम ने उसके ठिकाने पर दबिश दी। कई राज्यों में फरारी काटने के बाद उसने दिल्ली के एक मुस्लिम बाहुल्य इलाके में छिपने का ठिकाना बनाया था। 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद 21वें दिन उसकी गिरफ्तारी हुई। गुरुवार को अब्दुल मोईद को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को मलिक का बगीचा स्थित नजूल

**पुलिस की कार्रवाई**

- कई राज्यों में फरारी काटने के बाद दिल्ली को बनाया था पनाहगाह
- गुरुवार तड़के सोते समय एसओजी की टीम ने अब्दुल मोईद को दबोचा



भूमि पर कब्जा कर बनाए गए अवैध मदरसा और प्रार्थना स्थल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी। इस दौरान बनभूलपुरा क्षेत्र में हिंसा भड़की, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर उपद्रवियों ने पथराव कर पेट्रोल बम से हमला किया। मामले में नामजद लाइन नंबर 8 आजाद नगर निवासी अब्दुल मोईद पर हिंसा भड़काने के आरोप के साथ यूएपीए भी लगा है। घटना के बाद से ही मोईद फरार चल रहा था।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि मोईद की तलाश में पुलिस की छह टीमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब और हिमांचल प्रदेश की खाक छानती रही। जिस भी राज्य में मोईद ठहरा वहां उसने अपने पिता अब्दुल मलिक और अपने रसूखदार दोस्तों का इस्तेमाल किया। उसने अपने अड्डे भी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में बनाए, ताकि पुलिस उस तक पहुंच न सके। गुरुवार तड़के ही नैनीताल पुलिस व एसओजी की टीम ने दिल्ली से मोईद को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को ही पुलिस टीम उसे हल्द्वानी लेकर पहुंची। एसएसपी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया है। वहीं अब्दुल मलिक से पूछताछ पूरी होने के बाद अब्दुल मोईद की रिमांड के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई जाएगी। एसएसपी ने गिरफ्तार करने वाली टीम के लिए ढाई हजार और डीआईजी की ओर से पांच हजार के इनाम की घोषणा की है।

## संदेशखालि : शाहजहां शेख गिरफ्तार तृणमूल से छह साल के लिए निलंबित

**बशीरहाट, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन और कई दिनों तक चले सियासी संग्राम के बाद गुरुवार तड़के 55 दिनों से फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। शेख पर यौन उत्पीड़न एवं जमीन हड़पने का आरोप है। हालांकि उसकी गिरफ्तारी ईडी की टीम पर हमला करने के मामले में हुई है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने शेख को पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया है।

पार्टी नेता डेरेक ओ''ब्रायन ने कहा कि महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपी

- ईडी टीम पर हमले के मामले में फरार था बाहुबली नेता



शाहजहां शेख को छह वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया। संदेशखालि विधानसभा क्षेत्र का पार्टी संयोजक शेख उत्तर 24 परगना जिला परिषद के सदस्य भी था।

एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि शेख को उत्तर 24 परगना जिले के सुंदरवन के बाहरी इलाके में संदेशखालि से लगभग 30 किमी दूर मिनाखान थाना क्षेत्र में एक घर से गिरफ्तार किया गया।

शेख कुछ साथियों के साथ उस घर में छिपा था। गिरफ्तारी के बाद उसे बशीर हाट कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। सफेद कुर्ता-पायजामा पहने शेख सुबह करीब 10 बजकर 40 बजे हवालात से बाहर आया और अदालत कक्ष की ओर गया। उसने वहां इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों की तरफ हाथ हिलाया। मुश्किल से दो मिनट तक चली अदालती सुनवाई के बाद उसे कोलकाता के भवानी भवन ले जाया गया, जो पुलिस मुख्यालय है।

## हिमाचल में कांग्रेस के छह विधायक अयोग्य करार, जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

शिमला, एजेंसी

- विधानसभा अध्यक्ष ने दल बदल कानून के तहत की कार्रवाई
- राज्यसभा के लिए वोटिंग में भाजपा प्रत्याशी को दिया था वोट

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए हाल ही में हुए चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने के लिए गुरुवार को छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया। बागी विधायकों ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है। बागी विधायकों ने वित्त विधेयक पर सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी व्हिप की अवहेलना करते हुए विधानसभा में बजट पर मतदान से भी परहेज किया था।

अयोग्य घोषित किए गए विधायकों में राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र कुमार भुट्टो, रवि ठाकुर और चैतन्य शर्मा शामिल हैं। बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद सदन में कुल विधायकों की संख्या 68 से घटकर 62 रह गई है। इससे कांग्रेस विधायकों की संख्या 40 से घटकर 34 हो गई है।

**पार्टी में सभी मतभेद दूर, संकट खत्म : शिवकुमार**



**शिमला।** कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक डीके शिवकुमार ने गुरुवार को घोषणा की कि सभी मतभेद दूर हो गए हैं। सभी आंतरिक मामलों को सुलझाने के लिए एक समन्वय समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। दावा किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। शिवकुमार ने ये बातें संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहीं, जिसमें दो अन्य केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र सिंह हुड्डा और भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और हिमाचल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी शामिल थीं।

**चिंता का सबब** | पांच साल में सबसे न्यूनतम स्तर पर पहुंचा नैनी झील का जलस्तर

## नैनी झील का जलस्तर 5 फीट पर पहुंचा

- गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध नैनी झील का जलस्तर इस बार बारिश और बर्फबारी नहीं होने से तेजी से घट रहा है। हालात ये है कि झील का जलस्तर बीते पांच सालों में सबसे न्यूनतम स्तर पर 5 फीट पर पहुंच चुका है। इस वजह से झील के किनारे डेल्टा उभर आए हैं। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ जल संस्थान के अधिकारियों की भी चिंताएं बढ़ने लगी हैं।

बीते 5 सालों की अपेक्षा इस बार नैनीताल में बारिश और बर्फबारी औसतन कम हुई है। इसकी वजह से नैनीझील को रीचार्ज करने वाली झीलें खाली हैं।



मल्लीताल स्थित बोट स्टैंड के पास झील में उभरने लगे डेल्टा। ● अमृत विचार

नैनीताल के आसपास करीब 12 से अधिक ऐसे छोटे तालाब हैं जिनमें बरसात के दौरान पानी भरता है और वहां से साल भर पानी नैनीझील में रिसकर आता है। मगर इस बार ये छोटे-छोटे तालाब मलबे से भरे हैं। उधर, नैनी झील में डेल्टा उभरने से इसकी सुंदरता में भी ग्रहण लगने लगा है। अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो साल 2019 से लेकर 2024 तक झील का जल स्तर करीब 15 से लेकर 18 फिट तक गिरा है।

> नैनीताल के कैचमेंट एरिया क्षेत्र में अतिक्रमण होना और शहर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सीसी मार्ग के निर्माण के चलते झील का जल स्तर तेजी से गिर रहा है। इस वर्ष बारिश और बर्फबारी न होने का भी असर झील के जलस्तर पर देखा गया है।
>
> -प्रो अजय रावत, पर्यावरणविद



| वर्ष | जलस्तर (फीट में) |
|---|---|
| 2019 | 5.58 |
| 2020 | 5.83 |
| 2021 | 5.29 |
| 2022 | 8.38 |
| 2023 | 5.54 |
| 2024 | 5.17 |



**पेयजल आपूर्ति में जल संस्थान करेगा कटौती**

नैनी झील के गिरते जलस्तर को देखते हुए जल संस्थान अब पेयजल आपूर्ति में कटौती करने का मन बना रहा है। अब तक शहर में 12 एमएलडी पानी की रोजाना आपूर्ति की जाती है लेकिन जलसंस्थान के अधिशासी अभियंता के मुताबिक अब आने वाले समय में झील के जलस्तर को नियंत्रित किए जाने के लिए रोस्टिंग व्यवस्था की जाएगी। ताकि स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी पेयजल की पूर्ति की जा सके।

# आचार संहिता लागू होते ही होर्डिंग्स, बैनर हटाएं

## नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने नगर निकायों के अधिकारियों के साथ की बैठक में कामों के बारे में बताया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने गुरुवार को नगर निगम सभागार में एमसीएमसी की समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी नगर निकायों के जिम्मेदार अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से बताया।

मिश्रा ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लगने के बाद पहले 24 घंटे में निजी परिसंपत्तियों से होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर, पंफलेट आदि हटाए जाएंगे। दीवारों की रंगाई-पुताई होगी। उन्होंने कहा कि यदि अभी से सरकारी कार्यालयों में होने वाले पत्राचारों में प्रयुक्त डाक लिफाफों पर चुनाव का पर्व देश का गर्व, लोकतंत्र का सम्मान करें शत प्रतिशत मतदान करें थीम मुद्रित कर भेजे जाएंगे इससे चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। बैठक में सभी नगर निकायों के ईओ, जिला पंचायत अधिकारी आदि मौजूद रहे।



चुनाव रथ को रवाना करतीं 101 वर्षीय मतदाता मजीदन, साथ में सीडीओ व नगर आयुक्त। ● अमृत विचार

### सक्षम एप से घर बैठे वोटर कार्ड बनाएं, गलतियां भी संशोधित कराएं

**हल्द्वानी :** समाज कल्याण विभाग की ओर से लोकसभा चुनाव-2024 में दिव्यांगों का मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए रामपुर रोड स्थित वीएमके स्पेशल स्कूल में जागरूकता शिविर लगाया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि चुनाव आयोग की ओर से दिव्यांगों के लिए सक्षम एप जारी किया गया है। इसमें 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले एवं किन्हीं वजहों से वंचित रह गए दिव्यांग एप के जरिए घर बैठे वोट बना सकते हैं। इस एप से पहचान पत्र में फोटो और त्रुटियों का सुधार किया जा सकता है। मतदान के दिन व्हील चेयर, स्वयंसेवी, सहायता उपकरण भी मुहैया कराया जाता है। एप से दिव्यांग सूची की जांच तथा पोलिंग बूथ का विवरण भी देख सकते हैं। दि दिव्यांग चिन्हीकरण में वंचित रह गया है तो एप से चिन्हीकरण भी करा सकता है। इस अवसर पर दिव्यांगों का पंजीयन भी कराया गया। इसके बाद कुष्ठ आश्रम में दिव्यांगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। टीचिंग लर्निंग मैटीरियल एवं 68 दिव्यांग बच्चों को एडिप योजना में मानसिक किट भी बांटी गईं। इस दौरान प्रधानाचार्या राखी पाठक, काजल रौतेला, मोनिका वर्मा, हेमलता, खुशबू, राहुल आर्या, ललित मोहन पांडेय, गौरीशंकर कांडपाल मौजूद रहे।

### 101 वर्ष की मजीदन ने हरी झंडी दिखाकर चुनावी रथ को किया रवाना

**हल्द्वानी :** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल अधिकारी अशोक कुमार पांडे व नगर आयुक्त/स्वीप सहायक नोडल अधिकारी विशाल मिश्रा, 101 वर्षीय महिला मतदाता मजीदन निवासी लाइन नंबर-5 आजार नगर ने हरी झंडी दिखाकर चुनाव रथ रवाना किया। यह रथ जिले भर में घूम-घूम कर गीतों के जरिए मतदाताओं को जागरू करेगा। ये गीत नैनीताल के आइकॉन मोहनचंद जोशी, गायिका गुंजन जोशी, बाल कलाकार प्रणव कांडपाल व प्रशांत जोशी ने गाए हैं। सीडीओ पांडे ने बताया कि जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास जारी है। स्वीप स्कूल-कॉलेजों, इवेंट्स, प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम कर जागरूकता की जा रही है। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मोनिका चौहान, डॉ. सुरेश भट्ट, डॉ. प्रदीप उपाध्याय, गौरीशंकर कांडपाल मौजूद रहे।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में लघु उद्योगों की विशिष्ट भूमिका

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में अर्थशास्त्र विभाग एवं कैरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित व्याख्यान माला की तीसरी श्रृंखला के अंतर्गत नवें व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का शीर्षक 'भारतीय अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों की भूमिका' रहा।

कार्यक्रम निदेशक प्राचार्य एमसी पांडे ने व्याख्यानमाला की प्रासंगिकता एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। आयोजक सचिव डॉ. कृष्णा भारती ने कार्यक्रम की विषयवस्तु को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत किया।

मुख्य वक्ता रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों ने हमेशा से ही भारतीय अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम प्रबंधन समिति के संयोजक डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, सह संयोजक डॉ. दीपक खाती, डॉ.प्रकाश बिष्ट उपस्थित रहे।



सिचाई विभाग के कार्यालय में एकत्र बोट चालक और संचालक। ● अमृत विचार

# बोट संचालकों को लाइसेंस बांटे गए

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल के डांठ स्थित सिंचाई विभाग द्वारा हर वर्ष रिन्यूवल किए जाने वाले बोट के लाइसेंस का वितरण किया गया। जिलेदार के सेवानिवृत होने पर विभाग के मुख्य कार्यालय नैनीताल से सुभाष चंद्र ने रोइंग बोट और पैदल बोट के लाइसेंस वितरित किए।

इस दौरान जिलेदार कार्यालय में खासी भीड़ रही। कई बोट संचालक निराश दिखे। बोट संचालक समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र फर्त्याल ने बताया कि इस बार पैडल बोट और रोइंग बोट की नियम और शर्तें काफी सख्त हो गई हैं। इसमें से कुछ लोगों के अभी लाइसेंस आने बाकी हैं और कुछ लोगों के नियम के हिसाब से कागज पूरे नहीं हैं तो उनको सिंचाई विभाग जाकर जमा करने हैं।

सके बाद उनके लाइसेंस पूर्ण हो पाएंगे। इस दौरान अध्यक्ष बोर्ड चालक कल्याण समिति भीमताल देवेंद्र सिंह फर्त्याल, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, सचिव मनोज रावत, कोषाध्यक्ष सलीम उल्ला, उमेश भट्ट, रफीक उल्ला, नसीबुल्ला रईस खान आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### इंटर भूगोल परीक्षा में भी 682 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**रामनगर :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल एवं इंटर बोर्ड की परीक्षाओं में इंटर भूगोल परीक्षा में भी 682 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। जबकि इंटर लेखाशास्त्र की परीक्षा में 104 परीक्षार्थी परीक्षा भवन में अनुपस्थित पाए गए। बता दे कि इंटर भूगोल की परीक्षा में राज्य के सभी 1228 केंद्रों पर कुल 25820 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से केवल 25138 ने ही परीक्षा दी। इनमें हरिद्वार में 68, देहरादून 42, उत्तरकाशी से 31, टिहरी से 67, पौड़ी से 36, चमोली से 56, रुद्रपयाग जनपद से 31, पिथौरागढ़ 29, चम्पावत 31, अल्मोड़ा 28, बागेश्वर 7, नैनीताल से 33 व ऊधमसिंह नगर जनपद से 241 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह इंटर लेखा शास्त्र की परीक्षा में कुल 4084 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 3980 ने परीक्षा दी और 104 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

### ओखलकांडा के हर इंटर कॉलेज में खुलेगी एनसीसी

**भीमताल :** ओखलकांडा मंडल के हर इंटर कॉलेज में एनसीसी खुलेगी। 20 अक्टूबर 2023 को ओखलकांडा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मदन परगाई के नेतृत्व में वहां के क्षेत्रवासियों ने केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट को ओखलकांडा ब्लॉक के इंटर कॉलेजों में एनसीसी खुलवाने के लिए ज्ञापन दिया था। मांग का संज्ञान लेकर सांसद अजय भट्ट ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था। मंडल अध्यक्ष मदन परगाई ने बताया कि विभाग द्वारा जारी पत्र में स्कूलों से आवेदन मांगे गए हैं।

### सामाजिक कार्यों के लिए हिमानी को मिला पुरस्कार

**हल्द्वानी :** महिला महाविद्यालय में बीकॉम ऑनर्स छठे सेमेस्टर की छात्रा हिमानी गोस्वामी को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की ओर से कोठारी एकता धर्म सेवा श्री पुरस्कार दिया गया है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने बताया कि दिसंबर माह में कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से सेवा श्री पुरस्कार के लिए विश्वविद्यालय के परिसरों, संबद्ध महाविद्यालय और संस्थाओं के छात्र-छात्राओं की ओर से किए गए सामाजिक कार्यों का मूल्यांकन किया गया। महाविद्यालयों की ओर से इससे संबंधित विवरण भी भेजे गए थे। महाविद्यालय की छात्रा हिमानी गोस्वामी को 10 हजार की धनराशि का चेक, प्रमाण पत्र और गोल्ड मेडल दिया गया है। इस दौरान डॉ. फकीर सिंह, डॉ. रेखा जोशी, डॉ. रितुराज पंत आदि रहे।

### संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के लिए जहूर आलम का चयन



**नैनीताल।** युगमंच के संस्थापक निदेशक जहूर आलम को संगीत नाटक अकादमी की ओर से 2023 के राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुने जाने पर नैनीताल ही नहीं पूरे प्रदेश में रंगकर्मियों के बीच खुशी का माहौल है। आने वाली 6 मार्च को जहूर आलम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मान दिया जाएगा। बता दें कि यह पुरस्कार कुमाऊं के मोहन उप्रेती, बृजमोहन साह को भी मिल चुका है।

### युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित हुईं दीक्षा भट्ट



**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में रासायनिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एनजी साहू की शोध छात्रा दीक्षा भट्ट को यूसीओएसटी की ओर से देहरादून में आयोजित की गई कांफ्रेंस में राज्यपाल गुरमीत सिंह ने युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया है। दीक्षा को इंजीनियरिंग साइंस, सामग्री विज्ञान और नैनोटेक्नोलॉजी की मौखिक प्रस्तुति के लिए युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्रदान किया गया।

### स्वयंसेवियों ने गांवों में सर्वेक्षण अभियान चलाया

**नैनीताल।** राजकीय पालीटेक्निक के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के 7 दिवसीय विशेष शिविर में गुरुवार को स्वयंसेवियों ने गांवों में सर्वेक्षण अभियान चलाया। इस सर्वेक्षण में स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम का संचालन रंजना रावत, कविता नेगी ने किया। इस दौरान रजनीश भूटानी, बद्री, राधिका, दीपशंकर आदि मौजूद रहे।

# अस्पताल प्रभारी को वापस भेजने की मांग



एसडीएम को ज्ञापन देते क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** क्षेत्रवासियों ने कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधीर कन्याल को वापस भेजे जाने, या अस्पताल में शीघ्र ही चिकित्साधीक्षक की तैनाती की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने एसडीएम के माध्यम से डीएम और स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन भेजा है। लोगों का कहना है कि यहां के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुधीर कन्याल को हल्दूचौड़ के अस्पताल की व्यवस्था का जिम्मा सौंपा गया है। इस कारण यहां क्षेत्रवासी खासकर बीमार बच्चों के लिए परेशानी हो रही है। ज्ञापन में बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती की मांग भी की गई है। ज्ञापन देने वालों में मयंक गुप्ता, गुड्डू चौहान, अली हुसैन, ऋतिक गोस्वामी, वकील अहमद, नफीस अहमद, गोविंद पांडे, भगवती जोशी आदि उपस्थित थे।

## ई-रिक्शा चार्जिंग के लिए स्थल का चयन

**नैनीताल।** नगर में जल्द ही पैडल रिक्शा पूरी तरह से बंद होने वाले हैं। ब्रिटिश समय से चल रहे पैडल रिक्शा की संख्या 70 में से मात्र 11 रह गई है। नैनीताल में कुल 39 ई रिक्शा चलाने की अनुमति दी गई है। वर्तमान समय में 25 ई रिक्शा चलाए जा रहे हैं। चार्जिंग की व्यवस्था न होने के कारण 14 ई रिक्शा नहीं लाए गए थे। इस कारण 11 पैडल रिक्शा अभी भी चलाए जा रहे थे। शेष 69 पैडल रिक्शा को कबाड़ में तब्दील कर दिया गया है। इसके बाद अब नैनीताल में सिर्फ़ ई रिक्शा ही चलाए जाएंगे। नैनीताल माल रोड की शान पैडल रिक्शा का सिर्फ़ इतिहास रह जाएगा। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि डीएसए मैदान ई रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट बनाया गया है। बिजली के कनेक्शन के लिए ऊर्जा निगम से अनुमति लेने के लिए पत्र लिखा गया है।

# मल्लीताल के सुंदरीकरण कार्यों में मिलीं खामियां

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर में बीते वर्षों से संचालित सुंदरीकरण कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं। इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से कार्यों के मूल्यांकन व हैंडओवर प्रक्रिया के लिए कमेटी का गठन किया है। गठित कमेटी ने मल्लीताल क्षेत्र में किए गए कार्यों का निरीक्षण कर मूल्यांकन किया। इस दौरान कुछ खामियां मिलने पर उन्हें दूर करने के निर्देश कार्यदायी संस्था व ठेकेदार को दिए गए।

गुरुवार को जिलाधिकारी वंदना के निर्देशों पर ईओ (आईएएस)राहुल आनंद, जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी, कार्यदायी संस्था व थर्ड पार्टी अभियंता ने मल्लीताल स्थित बीएम शाह ओपन एयर थियेटर, श्रीराम सेवक सभा में किए गए निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को बाजार क्षेत्र में रास्ते में बिछाए गए कुछ पत्थर उखड़े हुए मिले।

साथ ही निर्माण कार्य में अन्य खामिया भी मिली। इस पर ईओ ने ऐसी स्थिति में कार्यों को हैंडओवर लेने से मना कर दिया। जिला पर्यटन अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण में जो खामियां पाई गई हैं, उनको दुरुस्त करने के निर्देश दे दिए गए हैं। कमी दुरुस्त करने के बाद संपत्ति स्वामित्व विभाग को सौंप दी जाएगी।



सुंदरीकरण कार्यों का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# रामनगर की भोजनमाता जानकी ने सबसे अच्छा खाना बनाया

- भीमताल में आयोजित प्रतियोगिता में पुरस्कृत हुईं

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** जनपद स्तरीय पीएम पोषण योजना के अंतर्गत पाककला प्रतियोगिता मॉडल स्कूल भीमताल में आयोजित हुई। प्रतियोगिता के संयोजक उप शिक्षा अधिकारी मानसिंह और जिला शिक्षा अधिकारी नैनीताल पुष्कर लाल टम्टा ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य भोजन माता के मध्य स्वच्छता, शालीनता, और मोटे अनाज के सेवन को बढ़ावा देना है।

प्रतियोगिता में रामनगर की जानकी बिष्ट ने प्रथम, कोटा बाग की पूनम ने दूसरा ,और भीमताल की हेमा देवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को तीन हजार, ढाई हजार और दो हजार के नगद पुरस्कार के साथ-साथ अंग वस्त्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक पीएम पोषण जनपद बंशीधर कांडपाल ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मीरा सिंह, जानकी अधिकारी तथा जीवंती गोस्वामी के साथ-साथ विनीता हरबोला, आनंदी गुणवंत, रीना गढ़िया, मंजू चौधरी ,रश्मि जोशी, अनिल कुमार शर्मा, हेमचंद भट्ट, इंद्र सिंह रावत, हरिश्चंद्र पाठक, सुरेश चंद्र आदि मौजूद रहे।



पाक कला प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि।

### कबाड़ वाहनों से लगता है सड़क पर जाम

**भीमताल :** भीमताल से हल्द्वानी मार्ग पर अस्पताल से कुछ दूरी पर कई खराब और कबाड़ वाहन खड़े हैं। इन वाहनों से जहां मार्ग की चौड़ाई कम हो रही है वहीं इन स्थानों में दिन भर जाम लगा रहता है। ऐसे में इस जाम से स्थानीय निवासियों के साथ वाहन चालक भी खासे परेशान हैं। तल्लीताल के व्यापारियों ने लोक निर्माण विभाग, पुलिस प्रशासन और अधिकारियों से जनहित में इन वाहनों को मार्ग से हटाने की मांग की है।

### गणेश बने भाजपा प्रबुद्ध वर्ग जिला संयोजक



**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी नैनीताल ने जिला नैनीताल में प्रबुद्ध वर्ग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक का दायित्व गणेश रावत को सौंपा है। रामनगर निवासी गणेश रावत छात्र संघ के अध्यक्ष रहने के अलावा पत्रकारिता और लेखन से भी जुड़े हुए हैं।

# कैंप में दिया कौशल विकास का प्रशिक्षण



भीमताल विकासखंड में मोबिलाइजेशन कैंप। ● अमृत विचार

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** विकासखंड में सहायक परियोजना निदेशक चंदा फर्त्या ल के निर्देशन में मोबिला इजेशन कैंप का आयोजन कि या गया। इसमें 40 एनआरएलए म समूह सदस्यों ने प्रतिभाग किया। कैंप में उ न्हें दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत प्रशिक्षण दिया गया।

बताया कि नैनीताल जनपद में 14 समूहों द्वारा होली को देखते हुए ऑर्गेनिक रंगों का निर्माण किया जा रहा है।

**बैठक** | सहायक आयुक्त राज्य कर ने व्यापार मंडल और टैक्स बार एसोसिएशन के साथ की बैठक

# वन टाइम सेटलमेंट स्कीम की जानकारी दी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मां नयना देवी व्यापार मंडल अध्यक्ष पुनीत टंडन ने कहा कि जीएसटी वन टाइम सेटलमेंट स्कीम 2023-24 को लेकर सहायक आयुक्त राज्य कर अभिषेक सिंह ह्यांकी ने व्यापार मंडल, होटल व रेस्टोरेंट समिति और टैक्स बार एसोसिएशन के साथ एक बैठक की।

मीटिंग में वन टाइम सेटलमेंट स्कीम 2023-24 के संबंध में व पुराना बकाया और वेट बकाया वसूली के संबंध में एक सूची व्यापार मंडल को उपलब्ध कराई है। विभाग द्वारा व्यापार मंडल से संबंधित नामों को सूची के अनुसार बात करके आग्रह किया के इस स्कीम का लाभ उठाएं। बैठक में जीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 79 के अन्तर्गत वसूली और धारा 39 के अन्तर्गत जीएसटीआर 3बी नोन फाइलिंग और अन्य नये प्रावधान बताए गए।

इस दौरान मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष पुनीत टंडन, शिव शंकर मजूमदार, विश्वदीप टंडन, तल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष मारुति नंदन साह, होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन सचिव वेद साह, अमनदीप सिंह आदि मौजूद रहे।



बैठक में प्रतिभाग करते मां नयना देवी व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# देवीधूरा और कूण के लोगों को मिलेगा पानी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** दशकों से पानी की दुश्वारियां झेलने वाले देवीधुरा व कूण के ग्रामीणों को जल्द ही घरों में पानी मिल पाएगा। बीते महीने पेयजल लाइन बिछने के बाद पंप हाउस से बल्दियाखान मुख्य टैंक तक पानी पहुंच गया है। जल्द ही गांव तक घर-घर में लगे कनेक्शनों में पानी चला दिया जाएगा।

नैनीताल से मात्र 13 किलोमीटर देवीधूरा गांव में कई दशकों से लोग पीने के पानी की समस्या झेल रहे थे। जिसको देखते हुए 17 सितंबर 2021 को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व पूर्व विधायक संजीव आर्य ने ऐपाल देवता इंटर कालेज में 189.38 लाख की देवीधूरा कूण पेयजल पंपिंग योजना का शिलान्यास किया था। इसके बाद जल निगम ने पंपिंग योजना का काम शुरू कर दिया था। योजना के तहत सौलिया में मुख्य टैंक, फिल्टर प्लांट के साथ ही देवीधुरा तक दो इंच की पाइप लाइन बिछा दी गई थी। साथ ही कूण गांव के ऊपरी क्षेत्र में टैंक के लिए जगह बना दी गई थी। लेकिन बीते वर्ष अतिवृष्टि के कारण भूस्खलन की चपेट में आकर 800 मीटर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। लाइन में 15 लाख रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ था। जल निगम के अपर सहायक अभियंता विवेक भट्ट ने बताया कि पंप का परीक्षण किया जा चुका है।

### सीएम धामी आज पेंशन योजनाओं का करेंगे शुभारंभ

**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज समाज कल्याण विभाग की ओर से सभी पेंशन योजनाओं का शुभारंभ ऑनलाइन करेंगे। सीडीओ अशोक पांडे ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री लाभार्थियों को प्रतिमाह पेंशन भुगतान का शुभारंभ करेंगे। इसका प्रत्येक ब्लॉक में इसका सजीव प्रसारण एवं लाभार्थियों से वार्ता भी की जाएगी। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लाभार्थियों को उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग कराने व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे।

## छात्राओं को सेनेटरी पैड उत्पादन की जानकारी दी

**कालाढूंगी।** राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग में 12 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य नवीन भगत ने किया। छात्राओं को मुख्य अतिथि कुमारी अंजली ने सेनेटरी पैड के उत्पादन की जानकारी दी। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. बिंदिया राही सिंह ने व्यवसाय संबंधित विचार साझा किए।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# मास्टर माइंड पिता के नक्शे कदम पर चला अब्दुल मोईद

## पुलिस की पहुंच से बचने के लिए ऐसे तंग मुस्लिम इलाकों को बनाया ठिकाना, जो थे पुलिस की पहुंच से दूर, लंबी रेकी के बाद पकड़ा

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा में पुलिस ने ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां की, लेकिन शहर छोड़कर फरार हो चुका मास्टर माइंड अब्दुल मलिक और उसका वांटेड बेटा पुलिस के हत्थे सबसे आखिर में चढ़े। वजह ये कि पहले अब्दुल मलिक और फिर बाप के ही नक्शे कदम पर चलते हुए वांटेड बेटे अब्दुल मोईद ने भी तंग गलियों वाले मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में अपना सेफ हाउस बनाया। इसके लिए दोनों बाप बेटों ने अपने रसूख, रसूखदार दोस्तों और कारोबारी रिश्तों को भुनाया।

8 फरवरी को बनभूलपुरा हिंसा के बाद से ही दोनों बाप-बेटे फरार थे, लेकिन दोनों साथ नहीं भागे। वो जानते थे कि अगर साथ भागे तो साथ पकड़े भी जाएंगे। हुआ भी वही जो मास्टर माइंड मलिक और वांटेड बेटे ने सोचा था। हल्द्वानी से लेकर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में दोनों अलग-अलग सफर करते रहे और फिर लौट कर दिल्ली आ गए। मलिक को पुलिस ने बीती 23 फरवरी को गिरफ्तार किया। सूत्रों की मानें तो मलिक के दिल्ली में व्यापक संबंध हैं। इन संबंधों में रसूखदार और व्यापारिक रिश्तों वाले लोग हैं। इन्हीं संबंधों के बूते दोनों दिल्ली में फरारी के आठ से 10 दिन काटे।

सूत्र अगर सही हैं तो इन लोगों ने दिल्ली के बल्लीमारान, सीलमपुर, ओखला, मुस्तफाबाद, चांदनी चौक, मटिया महल, बाबरपुर, किराड़ी, त्रिलोकपुरी और सीमापुरी में सबसे अधिक वक्त गुजारा, लेकिन एक दिन से ज्यादा ये कहीं नहीं रुके।

मलिक की गिरफ्तारी के बाद मोईद ने भी इन्हीं इलाकों में अपने सेफ हाउस बनाया। बताया जाता है कि ये सभी मुस्लिम बाहुल्य इलाके हैं, जहां पुलिस थाने और चौकियां तो हैं, लेकिन पुलिस की इलाकों के भीतर तक पहुंच नहीं है। यही वजह है कि मलिक हिंसा के 18वें और मोईद को 21वें दिन गिरफ्तार किया जा सका। दोनों को मुस्लिम बाहुल्य इलाकों से ही गिरफ्तार किया गया और वो भी लंबी रेकी के बाद।



गिरफ्तार मोईद के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

### मलिक और मोईद पर दर्ज है गंभीर धाराओं में मुकदमा

**हल्द्वानी :** दोनों बाप-बेटे बनभूलपुरा थाने की ओर से दर्ज मामले में आरोपी हैं। आठ फरवरी को बनभूलपुरा में हुई हिंसा में अब्दुल मलिक और अब्दुल मोईद के खिलाफ बनभूलपुरा थाने में आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 307, 395, 323, 332, 341, 342, 353, 427 और 436 में मुकदमा दर्ज किया था। इसके साथ मलिक व मोईद पर उत्तराखंड लोक संपत्ति अधिकार अधिनियम, आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम और गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) में मुकदमा दर्ज है।

**08** फरवरी को बनभूलपुरा हिंसा के बाद से ही दोनों बाप-बेटे फरार थे, लेकिन दोनों साथ नहीं भागे

**18** वें दिन बाद मलिक को और अब्दुल मोईद को 21वें दिन गिरफ्तार किया जा सका

## एक जेल में होंगे बाप-बेटे, लेकिन मिलेंगे नहीं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**सख्ती**

- दो मार्च को अब्दुल मलिक को जेल में दाखिल करेगी पुलिस
- न्यायालय में पेशी के बाद मोईद को भी नैनीताल जेल भेजा

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा के सभी उपद्रवी हल्द्वानी उपकारागार में है, लेकिन मलिक उन उपद्रवियों से अलग नैनीताल जेल ले जाया गया था। हालांकि मलिक पुलिस रिमांड पर है और वो दो फरवरी को वापस जेल में दाखिल किया जाएगा। इससे पहले उसके बेटे अब्दुल मोईद को भी नैनीताल जेल पहुंचा दिया गया, लेकिन एक जेल में रहने के बावजूद दोनों मिल नहीं पाएंगे।

बनभूलपुरा थाने के मुकदमे का आखिरी वांटेड अब्दुल मोईद सलाखों के पीछे पहुंच चुका है। मोईद को उसी नैनीताल जेल में भेजा गया है, जहां उसके पिता अब्दुल मलिक को ले जाया गया था। हालांकि अब्दुल मलिक 27 फरवरी से पुलिस की रिमांड पर है। एक फरवरी को उसकी रिमांड का आखिरी दिन है और 2 फरवरी को अब्दुल मलिक को दोबारा नैनीताल जेल में दाखिल किया जाएगा। मलिक के लिए जेल की बैरक नंबर एक तय है, जिसमें वो पहले भी रखा गया था। बताया जा रहा है कि पिता-पुत्र एक ही जेल में होंगे, लेकिन दोनों के मिलने पर पाबंदी होगी। इसके पीछे हवाला दिया जा रहा है कि अगर दोनों को मिलने की इजाजत दी गई तो साझा रणनीति बना लेंगे और इससे पुलिस की जांच प्रभावित हो सकती है। पुलिस सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि मलिक को जेल में दाखिल करने के बाद पुलिस न्यायालय से मोईद की रिमांड मांग सकती है। इससे न तो दोनों का आमना-सामना होगा और पुलिस मलिक से किए सवालों को मोईद के सामने दोहरा कर जवाब को वेरीफाई कर पाएगी।

### सर्विलांस नहीं, काम आया एसएसपी का इंटेलीजेंस

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा में नजूल की भूमि से जब अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई तो पुलिस को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। हालत यह हुई तो रात के अंधेरे में जान बचाना मुश्किल हो गया और भागने के लिए गलियां तलाशनी मुश्किल हो गईं। बनभूलपुरा जैसे ही तंग मुस्लिम इलाकों में बाप-बेटों ने शरण ली थी। इन इलाकों में पुलिस के पहुंचने से पहले ही खबर पहुंच जाती थी। दोनों के मोबाइल घटना के दिन से बंद थे और ऐसे में सर्विलांस भी काम नहीं आ रहा था। तब एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने अपने विभागीय और निजी संबंधों का इस्तेमाल किया। बावजूद इसके उन्हें सिर्फ मलिक और मोईद की मौजूदगी की खबर मिली। हालांकि टीम दोनों को गिरफ्तार करने में कामयाब रही।

**दबिश**

## सोया था मोईद, पुलिस को देख कर लगा कांपने

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**शिकंजा**

- 20 दिनों तक दिया चकमा, 21वें दिन चढ़ा एसओजी के हत्थे
- अपने ही एक करीबी दोस्त के घर से लिया गया हिरासत में

**अमृत विचार :** लंबी रेकी के बाद गुरुवार की भोर एसओजी ठिकाने तक पुलिस पहुंची तो मोईद कंबल तान कर सोया था। आहट पर आंख मीचते उठा और सामने पुलिस को देख कांपने लगा। बताया जा रहा है कि चारों से खुद को घिरा देखने के बाद उसने एक भी बार भागने की कोशिश नहीं की।

पुलिस का कहना है कि मोईद कई पंजाब, हिमाचल, दिल्ली, मुम्बई, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और बिहार तक फरारी काटने के बाद वापस दिल्ली पहुंचा। दिल्ली में भी वह कहीं भी एक से दूसरे दिन नहीं ठहरा। 21 दिन की फरारी में उसने करीब 8 दिन दिल्ली में गुजारे। पुलिस उसे लगातार ट्रैक कर रही थी, लेकिन पुलिस जहां पहुंचती मोईद वहां से निकल चुका होता। पुलिस उसके ठहरने का इंतजार कर रही है, ताकि बगैर किसी विरोध के उसे पकड़ा जा सके। 20 फरवरी को मुखबिर से पक्की खबर मिली। मुखबिर ने वो मकान बताया, जहां मोईद रुका था और साथ ही यह भी कि 20 रात वो यहीं सोएगा।

पुख्ता सूचना के बाद एसओजी दबे पांव मकान में दाखिल हुई और उस कमरे तक पहुंच गई, जहां वो सोया था। एसओजी की टीम ने उसके चेहरे से कंबल हटाया तो हड़बड़ाहट में उसने आंखें खोली और सामने असलहों से लैश पुलिस को देख सन्नाटे में चला गया। बताया जाता है कि जिस मकान मोईद रुका था वह उसके दोस्त का था।

### मोईद की तलाश कर रही थीं 6 टीमें

**हल्द्वानी :** मोईद की तलाश में पुलिस की 6 टीमें लगी थी। दरअसल, अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी के बाद एसएसपी ने पूरा जोर मोईद की गिरफ्तारी पर लगा दिया। 6 टीमों के साथ एसओजी को गिरफ्तारी का स्पेशल टास्क दिया गया। दिल्ली, मुम्बई, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार आदि राज्यों में लगातार दबिशें दी गईं। इन दबिशों में मोईद की खबर तो मिली, लेकिन मोईद नहीं और अंतत: उसे दिल्ली से धर दबोचा गया।

### पहचान छिपाने के लिए कहीं होटल में नहीं रुका मोईद

**हल्द्वानी :** 21 दिन की फरारी में मोईद ने कहीं भी ठहरने और छिपने के लिए होटल का इस्तेमाल नहीं किया। बताया जाता है कि फरारी के शुरुआती दिनों में एक वह होटल भी पहुंचा, लेकिन कमरा देने से पहले उससे उसकी आईडी मांग ली गई। टीवी और अखबारों में अपनी फरारी की खबर देने के बाद उसने होटल में ठहराना उचित नहीं समझा। उसके सबसे बड़ी वजह होटल में आईडी जमा करना और वहां से सीसीटीवी में उसका चेहरा आना था।

### न मोबाइल इस्तेमाल किया, न एटीएम

**हल्द्वानी :** फरारी के दौरान मोईद ने गिरफ्तारी से बचने के लिए सारे एहतियाद बरते, लेकिन फिर भी फंस गया। पुलिस की कहना है कि फरारी से पहले मोईद ने जिस कार का इस्तेमाल किया, वो उसकी नहीं थी। फरारी से पहले ही उसने न सिर्फ मोबाइल फोन का इस्तेमाल बंद किया, बल्कि पुलिस को लोकेशन न मिले तो उसने एटीएम कार्ड का भी उपयोग नहीं किया। उसने सिर्फ कैश खर्च किया और अगर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी किया तो अपने करीबियों के फोन से। फरारी के दौरान वह पुलिस से छिपा जरूर रहा, लेकिन उसकी अय्याशी में कोई फर्क नहीं पड़ा।

## अब्दुल्ला बिल्डिंग से मिले बैक डेट के स्टांप और भी कई सबूत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**कार्रवाई**

- सहायक नगर आयुक्त की ओर से दर्ज मामले में साबित हो सकते हैं अहम सबूत
- स्टांप के साथ ही पुलिस के हाथ लगे कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, फिलहाल पुलिस चुप



**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के घर की कुर्की हो चुकी है और खबर ये है कि कुर्की के दौरान अब्दुल्ला बिल्डिंग से बैक डेट के पुलिस को कई स्टांप मिले हैं। अगर ये सच है तो फिर हाल ही में सहायक नगर आयुक्त की ओर से दर्ज मामले में यह अहम सुबूत साबित हो सकते हैं। क्योंकि कुछ ऐसे ही स्टांप का उपयोग मलिक का बगीचा की जमीन को हथियाने के लिए किया गया था।

बता दें कि जिस जमीन को मलिक का बगीचा कहा जा रहा है, उस मलिक की बगीचा का नाम नगर निगम के दस्तावेजों में कहीं भी दर्ज नहीं है। बल्कि नगर निगम के दस्तावेजों में यह जमीन कंपनी बाग लिखी गई है। सहायक नगर आयुक्त की ओर से दर्ज मामले में अब्दुल मलिक और उसकी बीवी साफिया मलिक के साथ कुल आधा दर्जन लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने इस मामले में पत्र लिखकर नगर निगम से दस्तावेज मांगे हैं और कई सवाल पूछे हैं। इधर, सूत्रों के हवाले से खबर है कि कुर्की के दौरान मलिक के घर अब्दुल्ला बिल्डिंग से बैग डेट के कई कोरे और लिखे हुए स्टांप मिले हैं। अगर यह सच है तो मलिक के साथ उसकी पत्नी की भी मुश्किलें बढ़ना तय हैं। इसके अलावा कुर्की के दौरान ऐसे कई साक्ष्य मिले हैं, जो हिंसा के मामले में पुलिस के काम आ सकते हैं।

## सलाखों के पीछे होंगी बनभूलपुरा की पत्थरबाज महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**सख्ती**

- पुलिस ने करीब आधा दर्जन महिलाओं को किया चिह्नित
- कई वीडियो में पुलिस पर पथराव करती दिख रहीं महिलाएं



**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा में अभी तक जितनी भी गिरफ्तारियां की गई हैं, उसमें एक भी महिला नहीं है। हालांकि घटना के दिन महिलाओं ने भी पुलिस और प्रशासन की टीम पर जमकर पत्थर बरसाए थे। ऐसी महिलाओं को पुलिस ने चिह्नित कर लिया है और कुछ ही दिनों के भीतर इनकी गिरफ्तारी भी कर ली जाएगी।

बता दें कि 8 फरवरी को जब पुलिस सुरक्षा में प्रशासन और नगर निगम की टीम जेसीबी लेकर अतिक्रमण ध्वस्त करने मलिक का बगीचा पहुंची तो पथराव कर दिया गया। शाम करीब साढ़े 4 बजे शुरू हुआ पथराव निरंतर जारी रहा। आगजनी हुई और पेट्रोल बम से रात के अंधेरे में हमले किए गए। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के लोगों ने बड़ी संख्या में पत्थरबाजों और उपद्रवियों को अपने कैमरे में कैद किया। घटना के कई वीडियो भी वायरल हुए, जिसमें महिलाएं अपनी छत से पथराव करती और ललकारती दिखीं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि करीब आधा दर्जन महिलाओं को चिह्नित कर लिया गया है और जल्द ही इनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

## लालडांठ क्षेत्र में थमाया 11 दुकानदारों को नोटिस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन के तहत राज्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी हैं। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग हल्द्वानी ने राज्य मार्ग संख्या-41 के तिराहे पीलीकोठी-लालडांठ व बमौरी-लालडांठ दमुवाढूंगा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के चलते अतिक्रमण की जद में आए 11 दुकान के स्वामियों को नोटिस दी है। इसमें छोटे-बड़े सभी अतिक्रमण शामिल है। नोटिस के तहत जल्द ही अतिक्रमणकारियों ने स्वंयम सड़क के किनारे से अतिक्रमण नहीं हटाया तो लोनिवि प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाएने की कार्रवाई करेगा। लोनिवि ने राज्य मार्ग पर अतिक्रमण को चिन्हिंत करते हुए 11 लोगों को नोटिस दी हुई हैं। लोनिवि ने पूर्व में भी सड़क के किनारे बने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर चुका है। इसमें हल्दूचौड़ से गौला गेट क्षेत्र में 31, गोरापड़ाव से हल्दूचौड़ तक 53 व गदरपुर, दिनेशपुर व मनकोटा हल्द्वानी के बीच राज्य मार्ग 5 पर स्थित 95 कब्जेदारों को पूर्व में लोनिवि ने नोटिस जारी कर चुका है। इधर ईई अशोक कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक राज्य मार्ग के चौड़ीकरण के चलते मार्गों के किनारे पर हुए अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की गई है।

## नशे में सड़क पर वाहन दौड़ाता रहा पर्यटक

**नैनीताल:** तल्लीताल से मालरोड की ओर शराब के नशे में धुत पर्यटक अनि यंत्रित गति से वाहन दौड़ाता रहा। स्थानीय लोगों के विरोध करने पर प र्यटक अभद्रता करने लगा इसके बाद पर्यटक मौके से तेज गति से वाहन लेकर भाग गया।

इस बीच उसका टोल कर्मियों से शुल्क देने को लेकर विवाद भी हुआ। राहगीरों ने पर्यटक के वाहन को रोक पुलिस को शिकायत की। मगर शिकायत के बाद भी पुलिस समय से नहीं पहुंची। नतीजतन पर्यटक वाहन लेकर फरार हो गया। गुरुवार दोपहर तल्लीताल की ओर से एचआर नंबर का पर्यटक वाहन तल्लीताल लेक ब्रिंज चुंगी पर पहुंचा। चुंगी कर्मियों ने चालक से शुल्क मांगा तो उसने वाहन भगा दिया।

## नैनीताल में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** तल्लीताल क्षेत्र में तबियत बिगड़ने के बाद बीडी पांडे अस्पताल में मृत घोषित किए गए युवक के शव को स्वजन हल्द्वानी ले गए। स्वजनों के बिना अनुमति शव ले जाने के कारण पुलिस भी उन्हें तलाशती रही। हालांकि हल्द्वानी अस्पताल में मौत की पुष्टि करने के बाद परिजन खुद शव नैनीताल ले आए। पुलिस को सूचना देने के बाद पंचनामे की कार्रवाई पूरी हो सकी।

गुरुवार सुबह लंघम हॉस्टल क्षेत्र निवासी विशाल कीर्ति की तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में स्वजन उसे लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने स्वजनों को शव मोर्चरी में रखवाने की बात कही तो वह शव लेकर अस्पताल से बाहर आ गए। इसकी अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने वायरलेस पर सूचना प्रसारित कर स्वजनों को ज्योलीकोट क्षेत्र में रोक लिया। जहां स्वजनों ने पुलिस को जानकारी दी कि उनका बेटा जीवित है कि नहीं इसकी पुष्टि के लिए उसे हल्द्वानी अस्पताल लेकर जा रहे हैं। कोतवाली एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि हल्द्वानी में युवक की मौत की पुष्टि के बाद परिजन शव नैनीताल ले आए थे।

### प्रेम सिनेमा हॉल के पास मिला युवक का शव

**हल्द्वानी :** प्रेम सिनेमा हॉल के पास एक अज्ञात युवक का शव मिला। शव मिलने से वहां लोगों की भीड़ लग गई। भोटिया पड़ाव पुलिस चौकी ने पहले शव मोर्चरी भेज दिया। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि बृहस्पतिवार को प्रेम सिनेमा के पास 25 वर्षीय एक युवक का शव प्राप्त हुआ है। कहा कि पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। कहा कि शव को मोर्चरी रखवा दिया है। शव में चोट के निशान नहीं हैं।

### भाखड़ा पुल के पास मिला विक्षिप्त का शव

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे पर भाखड़ा पुल के पास शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर हल्द्वानी मोर्चरी भेज दिया है। गुरुवार को दिन में एक बजे राहगीरों ने भाखड़ा पुल के पास वन विभाग द्वारा खोदी गई खाई में शव पड़े होने सूचना दी। थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने बताया कि 35 वर्ष का मृतक पहनावे व हुलिये से विक्षिप्त लग रहा है। शव दो तीन दिन पुराना है। आसपास के थाने-चौकियों में सूचना दे दी गई है।

### सड़क किनारे मिला बुजुर्ग, अस्पताल में मौत

**हल्द्वानी :** संदिग्ध परिस्थिति में एक बुजुर्ग बुधवार को मंगलपड़ाव में सड़क किनारे गिरा मिला। मंगलपड़ाव पुलिस ने 108 की मदद से पहले बेस अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से उसे सुशीला तिवारी अस्पताल भेज दिया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बमेटा बंगर खीमा हल्दूचौड़ निवासी 80 वर्षीय केशव दत्त मिश्रा बुधवार शाम मंगलपड़ाव क्षेत्र में सड़क किनारे अर्द्ध बेहोशी की हालत में गिरे मिले। पुलिस ने उन्हें 108 की मदद से बेस पहुंचाया। यहां से उन्हें सुशीलातिवारी अस्पताल भेजा गया। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर शव मोर्चरी भेज दिया। पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल से उनके बेटे को सूचना दी। गुरुवार को पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## अराजक तत्वों पर की गई कार्रवाई

**नैनीताल:** तल्लीताल पुलिस ने थाना क्षेत्र में शामिल गांवों में गश्त कर 11 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम प्रधानों व ग्राम प्रहरियों को क्षेत्र की गतिविधियों में नजर रखने और असामाजिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देने को भी कहा है।

पिछले कुछ समय से तल्लीताल पुलिस शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी गश्त कर लोगों से संवाद कर रही है। इससे गांवों में रह रहे अराजक तत्वों में भय व लोगों में सुरक्षा की भावना जगी है। पुलिस देवीधूरा, बेलुवाखान, बेल, नाईसिला व बोहरागांव ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त कर चुकी है। एसओ रमेश सिंह बोरा ने बताया कि बुधवार की शाम ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क किनारे शराब पीने वाले 11 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## नहीं गिरफ्तार हुए कार सवार, हाईवे पर जाम

**नाराजगी**

- हाईवे जाम करने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाराज परिजनों को समझाया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शीशमहल में नैनीताल रोड पर बैठे ज्योति के परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चार दिन पहले शीशमहल में तेज रफ्तार कार ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया। वह दूर तक कार के साथ खिंचती गई। उसका हाथ उखड़ कर अलग गया और मौत हो गई। मामले में पुलिस की कारगुजारी से नाराज परिजन गुरुवार को नैनीताल हाईवे पर बैठ गए और कुछ वक्त के लिए यातायात रुक गया। हालांकि बाद में समझाबुझा कर पुलिस ने परिजनों को शांत किया।

बीती 25 फरवरी को शीशमहल रेलवे गेट के पास रहने वाले साहब सिंह की बेटी ज्योति (28 वर्ष) अपने पांच साल के बेटे के लिए दूध लेने जा रही थी। सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार कार ने ज्योति को अपनी चपेट में ले लिया। ज्योति कार में ही फंस गई और दूर तक खिंचती चली गई। घटना में उसका बायां हाथ शरीर से अलग हो गया। चार दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजन सड़क पर आ गए। यातायात बाधित होने की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जल्द गिरफ्तारी का भरोसा देकर परिजनों को सड़क से हटाया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। जल्द आरोपी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## वैगनआर में ले जा रहे सागौन के गिल्टे पकड़े

**रामनगर, अमृत विचार:** रामनगर में गुरुवार की देर रात रामनगर वन विभाग और वन निगम के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से वन निगम की लाट में काटी गई सागौन की लकड़ी चोरी का मामला पकड़ा। कर्मचारियों ने एक वैगनआर कार से ले जाए जा रहे सागौन के तीन गिल्टे बरामद किए। इस दौरान लकड़ी तस्कर अंधेरा का फायदा उठाकर फरार हो गए। बरामद लकड़ी की कीमत पचास हजार रुपये से अधिक की बताई गई है। कोसी रेंज के रेंजर शेखर तिवारी ने बताया कि कार व लकड़ी को कब्जे में लेकर अज्ञात तस्करों के खिलाफ वन अपराध दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि बरामद लकड़ी की कीमत करीब 50 हजार रुपये है। उन्होंने बताया कि कार के नम्बर से उसके मालिक की पहचान होने पर चोरों को पकड़ लिया जाएगा।



काठगोदाम में बनने वाले हिल डिपो के लिए पुराने भवनों को ध्वस्त करने की कार्रवाई हुई।

## हिल डिपो बनाने के लिए ध्वस्तीकरण शुरू

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** काठगोदाम डिपो का हिल डिपो के तौर पर निर्माण होना है। यहां स्थित पुराने भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हो गई है।

काठगोदाम में गुरुवार को पुराने भवनों को ध्वस्त किया जिससे स्पष्ट हो गया है कि अब जल्द ही हिल डिपो का निर्माण शुरू हो जाएगा। निर्माण एजेंसी पेयजल निगम की ओर से हिल डिपो का निर्माण किया जा रहा है। वहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही प्रधानमंत्री हिल डिपो का वर्चुअली शिलान्यास कर सकते हैं। गुरुवार को सहायक महाप्रबंधक परिसर में स्थित भवनों को तोड़ा गया। जल्द ही सहायक महाप्रबंधक कार्यालय को काठगोदाम वर्कशॉप में स्थित कार्यालय में शिफ्ट किया जा सकता है।

## सार-संक्षेप



कालाढूंगी में यूसी उप्रेती को सम्मानित करते ठेकेदार। ● अमृत विचार

### एसडीओ की सेवानिवृति पर दी विदाई

**कालाढूंगी :** सिंचाई खंड कालाढूंगी कार्यालय में तैनात सहायक अभियंता यूसी उप्रेती के सेवानिवृत होने पर विभागीय लोगों एवं ठेकेदारों ने कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विदाई दी। इस दौरान लोगों ने उनके द्वारा कालाढूंगी क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था, नालों से सुरक्षा व्यवस्था आदि में दिए गए सहयोग की सराहना की। उप्रेती के सेवानिवृत होने पर अब गणेश दत्त पांडे ने सहायक अभियंता के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान विभाग से केसी रजवार, हरीश भट्ट, यशवंत सिंह, नीतू मेहता सहित राजकीय ठेकेदार यूनियन के कमल बोहरा, यामीन सैफी, राजेंद्र सिंह जलाल, उमेश चंद्र तिवारी, मन्नू पंत, कृष्णानद उप्रेती, मो , मेहताब, छत्र सिंह, मदन बधानी, संतोष पांडे, मोहन सिंह खोलिया, देव सिंह मंगोलिया, कुलदीप बनौला, गिरीश भट्ट आदि उपस्थित थे।

### छात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता



**हल्द्वानी :** हल्द्वानी की पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने गुरुवार को हल्द्वानी आईटीआई में अपर निदेशक प्रशिक्षण का पदभार ग्रहण कर लिया। 30 जनवरी को उनका स्थानांतरण अपर निदेशक प्रशिक्षण आईटीआई हल्द्वानी पद पर हो गया था लेकिन हल्द्वानी के बनभूलपुरा कांड के चलते वह हल्द्वानी सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर बनी रहीं। कार्यभार संभालने के पहले दिन कार्यालय में मौजूद अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। अपर निदेशक प्रशिक्षण ऋचा सिंह ने बताया कि हल्द्वानी आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण कर रहे छात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के साथ ही उनको कंपनियों में प्रशिक्षण और रोजगार मिल सके, इसके लिए प्रयास किए जाएंगे।



भाजपा में शामिल कार्यकर्ताओं के साथ पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### भाजपा ने 34 कार्यकर्ताओं की कराई घर वापसी

**हल्द्वानी :** लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा का सदस्यता अभियान जारी है। किन्हीं वजहों से भाजपा छोड़कर गए कार्यकर्ताओं की घर वापसी भी करवाई जा रही है। गुरुवार को सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रमुख गोविंद बिष्ट ने रघुवर दत्त जोशी के नेतृत्व में धारी, रामगढ़, खन्स्यूं, पतलोट, पोखरी, सुनकोट, गहना, पहाड़पानी, नौकुचियाताल, कसियालेख, गुनी गांव आदि के 34 कार्यकर्ताओं की घर वापसी कराई। बिष्ट ने फूल माला पहनाकर सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। इन सभी कार्यकर्ताओं को पिछले विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार का समर्थन देने की वजह से निष्कासित कर दिया गया था। ये सभी जिला, मंडल के विभिन्न पदों पर नियुक्त थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, चन्दन सिंह बिष्ट, मुकेश बोरा, नवीन भट्ट, रंजन बर्गली, खीमानंद शर्मा, कमल पांडे, विनोद मेहरा, कमल मुनि मौजूद रहे।



बुद्ध पार्क में धरना देतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

### सरकार से वार्ता सफल होने तक रहेगा पूर्ण कार्य बहिष्कार

**हल्द्वानी :** आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सेविका, मिनी कमर्चारी संगठन उत्तराखंड के बैनर तले कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार गुरुवार को भी जारी रहा। प्रदेश स्तरीय आह्वान पर कार्यकत्रियों ने बुद्धपार्क में धरना-प्रदर्शन कर जमकर नारोबाजी की। जिलाध्यक्ष हेमा लोहनी ने बताया कि सरकार की ओर से संगठन को 2 मार्च को वार्ता का आशवासन दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक मांगों पर सरकार के साथ वार्ता सफल नहीं हो जाती, तब तक पूर्ण कार्य बहिष्कार रहेगा। इस दौरान दीपा सामंत, सीमा नेगी, धीरज गौड़, कमला पांडे, सोनी दरम्वाल, हंसा, पूजा पाठक, मुन्नी जोशी, गीता कन्याल, तुलसी, बीना जोशी, रंजना, हेमा बिष्ट, गीता अधिकारी, कला गर्ब्याल, जानकी शर्मा, पुष्पा नेगी, उषा भट्ट, ललिता दुर्गापाल आदि मौजूद रहे।



ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे कांग्रेस प्रदेश महासचिव महेश शर्मा।

### सदन में मामला उठाने पर विधायक सुमित का आभार जताया

**कालाढूंगी :** कोटाबाग के सूरपुर चकलुवा गांव में बनने वाले एथेनॉल प्लांट के मानकों की जांच की मांग को लेकर ग्रामीण अडिग हैं। कालाढूंगी में गांव बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले दीन दयाल पार्क में विगत 15 दिनों से ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन जारी है। ग्रामीणों ने विधानसभा सत्र में हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश द्वारा सदन में एथेनाल फैक्ट्री का मामला उठाने पर उनका आभार व्यक्त किया। गुरुवार को पूर्व दर्जा राज्यमंत्री महेश शर्मा, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दीप चंद्र सती ने धरना स्थल पर पहुंचकर शासन एवं प्रशासन से स्थलीय निरीक्षण के साथ मानकों की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की। इस दौरान क्षेत्र पंचायत संगठन के जिलाध्यक्ष गंगा सिंह सामंत, जनार्दन जोशी, गुड्डू चौहान, त्रिभुवन कन्याल, रवि दिगारी, संजय शाही, कुबेर सिंह जलाल, पुष्कर खनायत, अली हुसैन, पंकज नेगी, राजू जंतवाल, कुंदन बसेड़ा, विनोद जोशी, भगवान दास, सचिन मेहरा आदि उपस्थित थे।

### मतदान के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**हल्द्वानी :** महिला महाविद्यालय में भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत एनएसएस और स्वीप कमेटी ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित, एनएसएस समन्वयक डॉ. ललिता जोशी, डॉ. ऋतुराज पन्त, डॉ. बीना जोशी, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. रेनू जोशी आदि उपस्थित रहे।

### फेयरवेल पार्टी में छात्रों के नृत्य, गायन ने मोहा मन

**हल्द्वानी :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्थित लेक्चर थिएटर में 2020 बैच के एमबीबीएस छात्रों ने पूर्व छात्रों के लिए गुरुवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। छात्र-छात्राओं के आकर्षक नृत्य, गायन व रंगारंग कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# योजना में कर्ज के 90 प्रतिशत का ब्याज देगी प्रदेश सरकार

## मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन योजना में दिया जाता है लोन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राज्य में दूध का उत्पादन बढ़ाने व स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार तरह-तरह की योजनाएं चलाती है। पशुपालकों के लिए एक नई योजना में 90 प्रतिशत कर्ज का ब्याज का भुगतान सरकार की ओर से किया जाएगा।

पशुपालन में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन योजना चलाई गई है, जिसमें डेयरी, भार वाहक, भेड़-बकरी, सूकर आदि पशु इकाइयों और कुक्कुट पालन उद्यमिता विकास के लिए पशुपालकों को लोन दिया जा रहा है। इसके तहत योजना में मूलधन के 90 प्रतिशत धनराशि पर लगने वाला ब्याज सरकार की ओर से, जबकि शेष 10 प्रतिशत

> मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन योजना पशुपालकों के लिए लाभदायक है, जिसमें लोन राशि का 90 फीसदी धनराशि पर सरकार की ओर से ब्याज दिया जा रहा है। - **डॉ. एसबी पांडे,** निदेशक, पशुपालन विभाग

का ब्याज व मूल राशि का भुगतान पशुपालकों को करना होगा। कर्ज चुकाने के लिए 3 वर्ष की अवधि तय की गई है।

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिन पशुपालकों को इस योजना का लाभ लेना है, वे तुरंत नजदीकी पशु अस्पताल से फार्म लेकर भर सकते हैं। बताया कि चुनावी आचार संहिता लगने के बाद फिलहाल योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा।

उन्होंने बताया कि लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय समिति करेगी, जिसकी अध्यक्ष जिलाधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ



लेने के लिए आवेदनकर्ता को बैंक से लोन स्वीकृति का सहमति पत्र आवश्यक तौर पर फार्म के साथ संलग्न करना होगा।

पशु पालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि डेयरी पशु इकाई के लिए 5 भैंस या 10 गाय यूनिट पर 7.50 लाख रुपये, 1 खच्चर यूनिट के लिए 1 लाख रुपये, 10 बकरी व 1 भेड़ यूनिट के लिए 2 लाख रुपये, 6 सूकर यूनिट के लिए 50 हजार रुपये और 1000 पक्षी कॉमर्शियल ब्रायलर यूनिट के लिए 4.54 लाख रुपये कर्ज के रूप में मिलेगा।

# भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा बनाई

संवाददाता, गरमपानी

**आयोजन**
- राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत हुआ कार्यक्रम
- महिला समूहों के भविष्य के कार्यों पर हुआ मंथन

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित महिला सभागार गरमपानी में 18 गांवो के ग्राम संगठन की बैठक में तमाम महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्राम संगठन से जुड़ी महिलाओं ने भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की रुपरेखा तैयार की। मास्टर ट्रेनर उमेश बिष्ट ने कई अहम जानकारियां दी।

सभागार में हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम का शुभारंभ एबीडीओ विनोद कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एबीडीओ विनोद कुमार ने गरमपानी क्लस्टर के तहत 18 गांवो में गठित ग्राम संगठनों की पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को शिविर का लाभ उठाने का आह्वान किया।

मास्टर ट्रेनर उमेश बिष्ट ने कार्ययोजना तैयार करने, स्वरोजगार के माध्यम से समूहों को मजबूत करने, प्रत्येक कार्य को गंभीरता से करने समेत तमाम बिंदुओं पर जानकारी दी। बताया की ग्राम संगठन से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वरोजगार से जुड़ आत्मनिर्भर बनाने को तमाम योजनाएं संचालित की जा रही है।

योजनाओं की सही जानकारी से महिला समूहों को लाभान्वित किया जा सकता है। आजीविका मिशन के ब्लॉक कोर्डिनेटर कमलेश जलाल ने समूहों की मजबूती को एकजुटता से कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान महेश पुरी, योगेश, विजय, नवीन, मंजू बिष्ट, प्रभा बिष्ट, ज्योति नेगी, रीना राठौर, गंगा देवी, भावना भट्ट आदि मौजूद रहे।

# सात महीने से नहीं मिला चिकित्सकों को वेतन

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** पहाड़ों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव के बावजूद सेवा दे रहे बांडधारी चिकित्सक वेतन के लिए ही तरस गए हैं। बीते सात महीने से चिकित्सकों को वेतन का भुगतान ही नहीं हो सका है। ऐसे में चिकित्सकों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अकेले रामगढ़ ब्लॉक के विभिन्न अस्पतालों में ही पांच बांड धारी चिकित्सक वेतन का इंतजार कर थक चुके हैं। सीएमओ डा. श्वेता भंडारी के अनुसार बजट आवंटन के लिए सरकार को डिमांड भेज दी गई है।

सूदूर गांवों में स्थित अस्पतालों में तमाम समस्याओं के बावजूद चिकित्सक सेवाएं दे रहे। गांवो के बाशिंदों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को चिकित्सक भी दिन रात एक कर रहे हैं। सरकार ने कई अस्पतालों में बांडधारी चिकित्सकों की तैनाती की है ताकी लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके पर बांडधारी चिकित्सकों को ही वेतन के लाले पड़ गए हैं। रामगढ़ ब्लॉक के सीएचसी सुयालबाड़ी में तैनात तीन जबकि दो अन्य चिकित्सकों को बीते अगस्त से वेतन भुगतान नहीं हो सका है। ऐसे में चिकित्सकों को तमाम दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। सात महीने से वेतन का इंतजार कर रहे चिकित्सक मायूस हो चुके हैं। लगातार अधिकारियों से संपर्क साधने के बावजूद वेतन का भुगतान सात महीने से लटका पड़ा है। लंबित वेतन भुगतान न होने से बांडधारी चिकित्सकों की आर्थिक स्थिति भी बिगड़ने लगी है। बांडधारी चिकित्सक डा. भूमिश्री के अनुसार सात महीने का लंबा समय बीतने के बाद भी अब तक वेतन भुगतान नहीं हो सका है। इधर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. श्वेता भंडारी के अनुसार वेतन के लिए बंजट की डिमांड सरकार को भेज दी गई है।

# विधायक निधि खर्च करने में दीवान ने दिखाई दरियादिली

संवाददाता, रामनगर



**अमृत विचार :** रामनगर से भाजपा विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने विभिन्न योजनाओं में खर्च करने में दरियादिली दिखाई है। उन्होंने इस वित्त वर्ष में विधायक निधि का पूरा पैसा खर्च कर दिया है। विधायक निधि को उन्होंने विद्यालय, मन्दिर, स्कूल, सम्पर्क मार्ग, मिनी खेल स्टेडियम जैसी योजनाओं में खर्च किया है।

उन्होंने स्कूलों में फर्नीचर, कंप्यूटर आदि के लिए उन्होंने करीब 40 लाख की धनराशि व्यय की, वहीं मंदिरों के जीर्णोद्धार-रखरखाव में 25 लाख खर्च किया है।

खेल के क्षेत्र में कानियां के मिनी स्टेडियम के लिए उन्होंने 10 लाख खर्च किए। इसके बाद एमआरएलएम के लिए 7 लाख रुपये का बजट दिया। ब्लॉक कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, विधायक ने 216 योजनाओं के लिए 612.55 लाख रुपये का प्रस्ताव दिया था। इसमें 154 योजनाएं 414.43 लाख रुपये खर्च कर पूरी कर ली गई हैं। शेष बची 61 योजनाओं पर कार्य चल रहा है। खुद विधायक दीवान सिंह बिष्ट कहते हैं कि जनता ने विकास और जन सेवा के लिए ही उन्हें चुना है। वे लगातार प्रयास कर रहे हैं।

**कितना कहां किया खर्च**

| प्रमुख स्कूल | आवंटित विधायक निधि |
|---|---|
| गौरी दत्त दानी विद्या मंदिर | 5 लाख |
| राइंका थारी | 5 .25 लाख |
| राजकीय औद्यानिक प्रशिक्षण संस्थान मालधन | 6 .50 लाख |
| जीआईसी खुशालपुर छोई | 1 .65 लाख |
| कार्बेट चिल्ड्रन एकेडमी | 1 .87 लाख |
| आंगनबाड़ी | 11 लाख |

**प्रमुख मंदिर**

| | |
|---|---|
| थारी शिव मंदिर | 5 लाख |
| बिरीया शिव मंदिर | 5 लाख |
| गथुरा बड़वा मंदिर | 3 लाख |
| ललितपुर चामुंडा मंदिर | 3 .05 लाख |
| कानिया भूमिया मंदिर | 2 .60 लाख |
| पाटकोट सैम मंदिर | 2 .40 लाख |
| पीपलसाना शिव मंदिर | 1 .60 लाख |



# राजकीय विभाग घोषित करने व 500 बसें खरीदने की उठाई मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ ने कर्मचारियों और परिवहन निगम की समस्याएं उठाईं। संघ ने कहा कि निगम में सालों से कार्यरत संविदा, विशेष श्रेणी के चालक-परिचालक और कार्यशाला कार्मिकों को नियमित नहीं किया गया है, उन्हें नियमित किया जाए।

रोडवेज स्टेशन में गुरुवार को परिवहन मजदूर संघ की बैठक हुई। बैठक में कर्मचारियों ने कहा कि निगम को राजकीय विभाग घोषित किया जाए और चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले 500 बसें खरीदी जाएं। कहा कि उनकी मांगों को सरकार पूरी नहीं करती है तो संगठन आंदोलन करने को मजबूर होगा। इससे पहले बैठक में उमेश जोशी का भारतीय मजदूर संघ का प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर स्वागत किया गया। बैठक में कुमाऊं क्षेत्र की नई कार्यकारिणी का गठन मार्च में करने की घोषणा की गई। बैठक में हल्द्वानी डिपो सहित अल्मोड़ा, रानीखेत, भवाली, काठगोदाम, रामनगर, काशीपुर, रुद्रपुर डिपो के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस मौके पर नवनीत कपिल, रामप्रीत यादव, संजय शर्मा, प्रेम दुम्का, बीएम सुयाल, बालकृष्ण शर्मा, रूप सिंह, भुवन, सीमा, लीला, लक्ष्मण, मीना, ललित, महेश आदि उपस्थित रहे।



परिवहन मजदूर संघ की बैठक में मौजूद सदस्य। ● अमृत विचार

# धूम्रपान करने वालों में टीबी की अधिक आशंका

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज के टीबी एवं श्वास रोग विभाग ने कॉलेज परिसर के लेक्चर थियेटर में गुरुवार को एक कार्यशाला आयोजित की, जिसमें विभाग के असि. प्रो. डॉ. रवि कुमार शर्मा ने टीबी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ट्यूबरक्लोसिस क्रोनिक संक्रामक संक्रमण है, जो एयरबॉर्न बैक्टीरिया माइको बैक्टिरियम ट्यूबरक्लोसिस के कारण होता है। यह आमतौर पर फेफड़ों को, लेकिन लगभग किसी भी अंग को इससे नुकसान हो सकता है। ट्यूबरक्लोसिस मुख्य रूप से तब फैलता है, जब लोग एक ऐसे व्यक्ति द्वारा दूषित हवा में सांस लेते हैं, जिसे सक्रिय बीमारी है। अगर ठीक से इलाज न किया जाए तो टीबी की बीमारी जानलेवा साबित हो सकती है।

डॉ. रवि कुमार शर्मा ने कहा कि सामान्य लोगों की तुलना में एचआईवी व मधुमेह पीड़ितों एवं धूम्रपान करने वाले लोगों में टीबी रोग होने की अधिक आशंका होती है। डॉ. शर्मा ने टीबी के प्रकार, लक्षण, जांच व उपचार के बारे में कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं। कार्यशाला में विभागाध्यक्ष डॉ. राम गोपाल नौटियाल, डॉ. उमेश, डॉ. हरि शंकर पाण्डेय, डॉ. पंकज वर्मा, डॉ. प्रभात पंत, डॉ. अचिन पंत, डॉ. सुमन पांडे, डॉ. सुनीता समेत रेजीडेंट चिकित्सक, पीजी व एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हल्सों गांव में 78 लोगों की आंखों की जांच

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार:** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय हल्सों में लगे विशेष नेत्र शिविर में ग्रामीणों के आंखों की निःशुल्क जांच की गई। दवाइयां भी बांटी गई। दस महिलाओं में जांच के दौरान मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। छह लोगों को ऑपरेशन के लिए श्री बाबा हैड़ाखान चैरिटेबल एंड रिसर्च हॉस्पिटल चिलियानौला (रानीखेत) रेफर किया गया।

बेतालघाट ब्लॉक के हल्सों गांव में स्थित आयुर्वेद अस्पताल परिसर में श्री बाबा हैड़ाखान चैरिटेबल एंड रिसर्च सेंटर चिलियानौला के तत्वावधान में विशेष नेत्र शिविर लगा। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान खैरनी अखिलेश कुमार ने किया। ग्राम प्रधान अखिलेश ने कहा की ऐसे शिविर से सूदूर गांवों के बाशिंदे लाभान्वित होते हैं। शिविर में आसपास के हल्सों, कोरण, थापली, खैरनी, धारी आदि गांवों से पहुंचे 78 लोगों के आंखों की जांच की गई। नेत्र विशेषज्ञ डा. अनुभव गुप्ता ने ग्रामीणों को आंखों में होने वाली बीमारियों की जानकारी दे बचाव के तौर तरीके बताए। शिविर मे दस महिलाओं में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। छह महिलाओं को ऑपरेशन के लिए चिलियानौला स्थित अस्पताल रेफर किया गया। शिविर में ग्रामीणों को चश्मे व दवाइयां भी बांटीं।

# सड़क की हालत में सुधार नहीं होने पर ठेकेदार का अनुबंध होगा समाप्त

संवाददाता, गरमपानी


**अमृत विचार:** नैनीताल व अल्मोड़ा जनपद की सीमा पर मोना रोड से क्वारब गांव को जोड़ने वाले मोटर मार्ग की बदहाली से पीएमजीएसवाई ने सख्त रुख अपनाने की तैयारी कर ली है। ठेकेदार को दो बार नोटिस दिए जाने के बावजूद सड़क की स्थिति में सुधार न होने पर अब विभाग ठेकेदार का अनुबंध समाप्त कर सकता है। संबंधित विभाग की अधिशासी अभियंता मीना भट्ट के अनुसार जल्द सड़क दुरुस्त करने का कार्य शुरु नहीं किया गया तो ठेकेदार का बांड टर्मिनेट करने की कार्रवाई की जाएगी।

सूदूर गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए केंद्र व राज्य सरकार करोड़ों रुपये का बजट उपलब्ध खर्च कर रही है पर निर्माण कार्यों में मुनाफे के फेर में गुणवत्ता का ध्यान न रखे जाने से करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़कें बदहाली का दंश झेल रही है। जिसका खामियाजा गांवों के बाशिंदों को भुगतना पड़ रहा है। अल्मोड़ा व नैनीताल जनपद की सीमा से क्वारब गांव को जोड़ने के लिए दो वर्ष पूर्व मोटर मार्ग का निर्माण किया गया। सड़क निर्माण होने ग्रामीणों को सुगम यातायात की उम्मीद जगी। करीब दो करोड़ रुपये की लागत से लगभग साढ़े चार किमी सड़क पर डामरीकरण किया गया। अब सड़क की हालत बद से बद्तर हो चुकी है। कदम कदम पर गड्ढे गुणवत्ता की हकीकत बयां कर रही है। बरसाती पानी की निकासी को बने कलमठ तक बंद है। सड़क के बदहाल होने से क्वारब गांव के बाशिंदों को आवाजाही में तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दो वर्ष के अंतराल में ही दो करोड़ रुपये की लागत से हुए डामरीकरण के दम तोड़ जाने से गांव के बाशिंदों में गहरा रोष व्याप्त है। आरोप लगाया है की डामरीकरण के वक्त भी गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए गए पर विभागीय अधिकारियों ने सुध नहीं ली जिसका परिणाम आज सामने आ चुका है।

जोशी क्लीनिक



डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन
(उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)



1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा




2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)



Cupping Therapy



रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव

समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश

BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details

कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

## सार-संक्षेप

### 18 अप्रैल से शुरू होगी गोलज्यू संदेश यात्रा



बैठक का शुभारंभ करते अपनी धरोहर संस्था के सदस्य। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** अपनी धरोहर संस्था 18 अप्रैल से गोलज्यू संदेश यात्रा शुरू करने जा रही है। इसकी तैयारियों को लेकर संस्था ने गुरुवार को समीक्षा बैठक की। जिला संयोजकों व मार्गदर्शक मंडल की बैठक संस्था के नैनीताल रोड स्थित कार्यालय में हुई। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष विजय भट्ट ने बताया कि यात्रा चंपावत से शुरू होकर चंपावत मूल स्थान में ही संपन्न होगी। 18 अप्रैल को सुबह पूजा शुरू होगी जिसके बाद यात्रा की रवानगी होगी। संपूर्ण यात्रा का नेतृत्व संस्था अध्यक्ष व संयोजक मोहनराम रहेंगे। इस मौके पर अमरनाथ जोशी, दिवाकर पांडेय, चंदन सिंह किरोला, शंकर दत्त पांडेय, मनोहर नेगी, रवि दुर्गापाल, भगवान सिंह आदि मौजूद रहे।

### आदर्श, कुनाल, उन्नति, सुहान, मीनाक्षी विजयी



जुजुत्सु के विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** जुजुत्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया की अगुवाई में देहरादून में आयोजित सीनियर जुजुत्सु नेशनल चैंपियनशिप में जय दुर्गा मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किया। इसमें सीनियर बालक वर्ग में आदर्श शर्मा, कुनाल सागर और बालिका वर्ग में उन्नति बिष्ट, सुहानी बिष्ट एवं मीनाक्षी ऐरी स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहीं जबकि गायत्री राजपूत को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### विज्ञान प्रतियोगिताओं में दिखाई बुद्धिमत्ता



छात्रा को सम्मानित करते अतिथि।

**लालकुआं :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय लालकुआं में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन देवभूमि विज्ञान समिति उत्तराखंड के तत्वावधान में किया गया। इसमें छात्र–छात्राओं ने पोस्टर, मॉडल, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, निबंध आदि प्रतियोगिताओं में अपनी बुद्धिमत्ता दिखाई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. पूनम मियान असिस्टेंट प्रोफेसर, लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ मौजूद रहे। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका गीता बिष्ट, सहायक अध्यापक दान सिंह, मीना देवी, रजनी लता, मोहम्मद यूनुस आदि ने भी विचार व्यक्त किए।


### हाईकोर्ट रामनगर में लाने को अधिवक्ता लामबंद



एसडीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**रामनगर :** बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने उच्च न्यायालय को रामनगर क्षेत्र के आमपोखरा/छोई रेशम बाग में स्थानान्तरित किये जाने की पुरजोर मांग शुरू कर दी है। उन्होंने उप जिलाधिकारी राहुल शाह के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि आमपोखरा/छोई रेशम बाग़ में उत्तराखंड उच्च न्यायालय को स्थापित किए जाने हेतु पर्याप्त मात्रा में राजस्व की भूमि है जो कुमाऊं और गढ़वाल तथा व्यवसायिक केंद्र होने के कारण यहां पर आवागमन हेतु रेल व सरकारी बसों तथा अन्य माध्यम से सुविधा हर समय उपलब्ध है। इस दौरान एसोसिएशन के मुख्य चुनाव अधिकारी जगदीश मासीवाल, गणेश कुमार गगन, ललित मोहन, ललित मोहन जोशी, सुरेश चंद्र नैनवाल, अरुण रौतेला, प्रदीप अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, विक्रम सिंह मवाड़ी मौजूद रहे।

### ग्रेट मिशन स्कूल के बच्चों ने मनवाया प्रतिभा का लोहा



मेधावी बच्चों के साथ प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

**रामनगर :** ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल, हिम्मतपुर ब्लॉक, रामनगर के छात्र–छात्राओं ने राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड (एनएसओ) और एनएएटी एवं राष्ट्रीय विश्लेषणात्मक एवं योग्यता परीक्षण बेहतर प्रदर्शन किया है। इसमें 118 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक, 7 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन व 10 विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुए। इसके अलावा निसा नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल अलायन्स द्वारा आयोजित टेस्ट में कक्षा–5 के छात्र प्रांजय सिंह रावत ने राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के निदेशक प्रसून श्रीवास्तव व प्रधानाचार्य डॉ. नलिनी श्रीवास्तव ने चयनित बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को मिलेगा पुरस्कार

**भीमताल :** विकास भवन सभागार में सीडीओ अशोक कुमार पांडे की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर सीडीओ ने अवगत कराया कि चुनाव में अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को जिला स्तर और ब्लॉक स्तर पर प्रथम पुरस्कार 7000 रुपये, द्वितीय 5000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 3000 रुपये देकर सम्मानित किया जाएगा। सीडीओ ने अधिकारियों को 50 प्रतिशत से कम वाले मतदान केंद्रों में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में धारी एसडीएम केएन गोस्वामी आदि मौजूद थे।

### यूनाइटेड क्रिकेट एकेडमी ने 102 रन से की जीत दर्ज



विजेता को पुरस्कार देते अतिथि।

**हल्द्वानी :** जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को यूनाइटेड क्रिकेट एकेडमी ने कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी को 102 रन से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी ने 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 244 रन का स्कोर बनाया। टीम के लिए अमित पटवाल ने 13 चौके व 1 छक्के की मदद से 75 एवं संस्कार ने 5 चौके व 3 छक्के के चलते 54 रन का योगदान दिया। जवाब में उतरी यूनाइटेड क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 39 ओवर में 142 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गई। अमित पटवाल को मैन ऑफ द मैच और अक्षय को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया।

# कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं अपडेट नहीं होने पर नाराजगी

## पश्चिमी वन वृत्त के वन संरक्षक दीप चंद्र आर्या ने तराई पूर्वी वन डिवीजन का किया वार्षिक निरीक्षण, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पश्चिमी वन वृत्त के वन संरक्षक दीप चंद्र आर्या ने तराई पूर्वी वन डिवीजन का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने दस्तावेजों के रखरखाव को नियमित तौर पर अपडेट करने को कहा।

वन संरक्षक आर्या गुरुवार को हीरा नगर स्थित तराई पूर्वी वन डिवीजन पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले साफ-सफाई की व्यवस्था देखी। फिर अधिष्ठान और लेखाजोखा के बहीखातों की जांच की। उन्होंने कर्मचारियों को रिकॉर्ड को नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए। वहीं, कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं में नामांकन, रिटायर्ड कर्मचारियों के पेंशन के दस्तावेज वगैरह अपडेट नहीं थे।



तराई पूर्वी वन डिविजन में वार्षिक निरीक्षण करते सीएफ दीप चंद्र आर्य। ● अमृत विचार

इस पर आर्या ने नाराजगी जताई और समय से अपडेट करने को कहा। इसके बाद प्लांटेशन, वर्किंग प्लान भी जांचा और प्लान के अनुसार ही काम करने के निर्देश दिए। एसडीओ संतोष पंत व अनिल जोशी, रेंजर चंदन सिंह अधिकारी, मुकुल सुनाल आदि मौजूद रहे।

## अतिक्रमणकारियों को थमाए जाएंगे नोटिस

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** वन विभाग ने बागजाला में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए चिन्हित अतिक्रमण कारियों को नोटिस थमाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पहले चरण में अतिक्रमणकारी और दूसरे चरण में लीजधारकों को अवैध कब्जे हटाने के नोटिस दिए जाएंगे।

तराई पूर्वी वन डिवीजन की गौला रेंज के अंतर्गत बागजाला में 100 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर अवैध कब्जे हैं। दरअसल, 1976 में यह जमीन खेतीबाड़ी के लिए लीज पर दी गई थी लेकिन लीज अवधि के 30 वर्ष बीतने के बाद भी लीजधारकों ने लीज का नवीनीकरण नहीं कराया। इसके विपरीत वन भूमि पर मकान बना लिए और प्लॉटिंग कर दी। वर्तमान में इस वन भूमि पर 700 से अधिक अवैध कब्जाधारक काबिज हैं। इधर, वन विभाग ने बागजाला से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रत्येक घर की जीपीएस लोकेशन, ड्रोन सर्वे और गूगल अर्थ से पुराने नक्शे निकालकर अतिक्रमण की पुख्ता जानकारी जुटाई जा रही है। अतिक्रमण ध्वस्तीकरण से पूर्व वन विभाग इन अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजने की तैयारी में है। इसके लिए वन विभाग ने तैयारी कर ली है। पहले चरण में 350 से अधिक अतिक्रमणकारी और दूसरे चरण में इतने ही लीजधारकों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस जारी किए जाएंगे। फिर ध्वस्तीकरण अभियान शुरू होगा। गौला रेंजर चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि बागजाला में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए पहले अतिक्रमणकारी फिर लीजधारकों को नोटिस दिए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया चल रही है, जल्द ही नोटिस तामील कराए जाएंगे।

# नमो युवा चौपाल में दी योजनाओं की जानकारी

संवाददाता, लालकुआं/हल्द्वानी

**अमृत विचार :** निकटवर्ती क्षेत्र बिंदुखत्ता में भारतीय जनता युवा मोर्चा बिंदुखत्ता मंडल द्वारा आयोजित 'नमो युवा चौपाल' में एक दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

बिंदुखत्ता भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष बोरा अध्यक्षता में मंडल के बूथ संख्या 73 में आयोजित "नमो युवा चौपाल" कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला उपाध्यक्ष और मंडल विस्तारक अभिषेक शर्मा ने क्षेत्रवासियों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान बूथ अध्यक्ष नंदन बिष्ट, शक्तिकेंद्र संयोजक खिलाफ सिंह बसेड़ा, मंडल महामंत्री ईश्वर नेगी, ललित जोशी, पंकज कोरंगा, हरेंद्र सिंह बिष्ट, नमो एप संयोजक पूरन बिष्ट, कमल पांडे, सुरेश सम्मल आदि उपस्थित रहे।



बिंदुखत्ता में युवा मोर्चा के कार्यक्रम के दौरान भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते ग्रामीण।

उधर, भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से गुरुवार को धारी मंडल के चौखुटा में युवा चौपाल आयोजित की गई। इसमें प्रदेश सह मीडिया प्रभारी गौरव जोशी ने कहा कि भाजयुमो राज्य के हर मंडल में ग्राम सभा स्तर पर चौपाल लगा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 10 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। इसके तहत युवाओं से संवाद किया जा रहा है। कुमाऊं संयोजक मोहित कांडपाल ने कहा कि आगामी चुनाव के लिए प्रत्येक युवा कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष चंदन बिष्ट, विवेक डंगवाल, संजय डंगवाल, अभिषेक नेगी, नानू बिष्ट मौजूद रहे।

### बच्चों की शिक्षा में समुदाय की भी अहम भूमिका

**भीमताल :** विद्यालयी शिक्षा में पहुंच, सक्रिय सहभागी और अधिगम परिणामों में सामाजिक श्रेणी के अंतरालों को दूर करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। संकुल पिनरौ के विद्यालयों की विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति की कार्यशाला राजकीय प्राथमिक विद्यालय बानना में संपन्न हुई।

संकुल समन्वयक मनोज पलड़िया ने कहा कि बच्चों की शिक्षा के लिए जितना महत्वपूर्ण विद्यालय है, उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका समुदाय की भी है। समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना, विद्यालयों में भौतिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना समुदाय के सहयोग से ही संभव है। मास्टर ट्रेनर संतोष कुमार, शिक्षक दीपक नौगाई ने कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों को आपदा प्रबंधन, विद्यालय सुरक्षा और साइबर क्राइम से बचने के उपायों पर चर्चा की। कार्यशाला में शिक्षिका कमला दफौटी, सुषमा सती, दीपा देवी, रमेश चन्द्र, मोहन कुमार आदि उपस्थित थे।

# उत्थान मंच में भव्य जागर लगाई



पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में जागर में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच ने मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर भव्य जागर का आयोजन किया गया। अल्मोड़ा के सालम पट्टी से आए जगरियों व डंगरियों ने अपनी वीर गाथाओं व पारंपरिक वाद्य यंत्रों से ईष्ट देव परम गोल्ज्यू का आह्वान किया। गोल्ज्यू के डंगरियों को जगाने में जगरियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्हीं के आह्वान व ढोल के थाप पर ही डंगरियों में देवता का अवतरण होता है। गोल्ज्यू की धूनि के चारों ओर नाचते हुए डंगरियों ने ऐसा समां बांधा कि भक्तगण देवों के दर्शन कर अभिभूत हो उठे।

देवों ने सभी भक्तगणों व क्षेत्रवासियों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल, महासचिव यूसी जोशी, हरि सिंह मेहता, देवेंद्र तोलिया, त्रिलोक बनौली, शोभा बिष्ट, पुष्पा सम्मल, भुवन जोशी, धर्म सिंह बिष्ट, कमल किशोर, चंद्रशेखर परगई, मंजू दानू, कैलाश भट्ट, यशपाल टम्टा, ललित कांडपाल उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### शेर व सूर्या नाला के जल्द निर्माण की मांग



मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपते कुंवरपुर, गौलापार के लोग। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** गौलापार के लोगों ने गुरुवार को मंडलायुक्त दीपक रावत से मुलाकात की। लोगों ने चोरगलिया मुख्य मार्ग पर शेर नाला और सूर्या नाला पुल निर्माण जल्द शुरू करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात में एक बार फिर शेरनाला और सूर्यानाला तबाही मचाएगा। इसके साथ ही लोगों ने कुंवरपुर स्थित शिवालय मंदिर के पास हाईवे में पुलिया चौड़ी करने के संबंध में भी दीपक रावत को ज्ञापन सौंपा। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि शिवालय मंदिर के पास हाईवे में पुलिया संकरी होने के कारण आए दिन जाम लगता है और दुर्घटनाएं भी होती हैं। बताया कि पुलिया संकरी होने से लोगों को पैदल आने–जाने में भी परेशानी होती है। उन्होंने पुलिया को चौड़ी करने का अनुरोध किया। इस मौके पर हेमंत सिंह बगड़वाल, अर्जुन बिष्ट, मोहन चंद्र, बहादुर सिंह, नंदन सिंह, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

### सिंचाई विभाग की ई निविदा से भड़के छोटे ठेकेदार

**रामनगर :** सिंचाई विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों की बैठक में पंपापुरी, भरतपुरी व चुकुम में बाढ़ सुरक्षा के लिए पूरे कार्यों के लिए एकल संविदा निकाले जाने पर गहरा रोष जताया गया। ठेकेदारों का तर्क था कि सरकार द्वारा किसी भी बड़ी योजना को छोटे भागों में बांटकर निकालने का शासनादेश जारी किया गया है। आरोप लगाया कि सिंचाई विभाग द्वारा बड़े और चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए यह एकल निविदा निकाली गई है। बैठक के उपरांत ठेकेदारों ने सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज, विधायक रामनगर, मुख्य अभियंता कुमाऊ, व जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर दो टूक कहा कि यदि विभाग द्वारा छोटे ठेकेदारो को इस कार्य में मौका नहीं दिया गया तो उसका खुलकर विरोध किया जाएगा। इस दौरान वीरेंद्र सिंह लटवाल, रमेश कांडपाल, विजेंद्र गिनती, हरीश रावत, सलाउद्दीन, मनोज जोशी, प्रीतम आर्य, मनीष अग्रवाल, सुमित लोहनी, दलीप कुमार, देवेंद्र चन्दोला, राजेन्द्र जलाल, राजेंद्र लटवाल, हेम चंद्र नैनवाल, भैरव दत्त रिखाडी मौजूद रहे।

### पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी :** मुखानी में हुए सड़क हादसे में पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आनंद विहार दमुवाढूंगा निवासी रविंद्र कुमार ने बताया कि 22 फरवरी को उनकी मां बीना को पीछे से आए तेज रफ्तार पिकअप टक्कर मार दी थी। जिसमें बुजुर्ग बीना की रीड़ की हड्डी तीन जगह से टूट गई। उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुखानी थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर पिकअप चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

# फिर खराब हुआ डहरिया का ट्यूबवेल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जल संस्थान के ट्यूबवेल खराब होने का सिलसिला कम नहीं हो रहा है। डहरिया का ट्यूबवेल एक माह में दूसरी बार खराब हो गया है जिससे यहां रहने वाली लगभग 3 हजार की आबादी को पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। वहीं, फॉरेस्ट चौकी का ट्यूबवेल भी गुरुवार को खराब हो गया है जिससे क्षेत्र की लगभग 2 हजार की आबादी को पानी नहीं मिल पा रहा है। डहरिया में 15 दिन पूर्व भी ट्यूबवेल की मोटर फुंक गई थी जिससे लोगों ने एक सप्ताह से अधिक परेशानी झेली। अब एक बार फिर ट्यूबवेल खराब होने से पानी की आपूर्ति प्रभावित हो गई है। बार-बार ट्यूबवेल खराब होने पर लोगों ने जल संस्थान की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि विभाग पुराने मोटर को ही बार-बार रिपेयर कर इस्तेमाल करता है और समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जाता है। इस कारण एक ही माह में ट्यूबवेल दूसरी बार खराब हो गया है। इधर, जल संस्थान के एई प्रमोद पांडे ने बताया कि डहरिया के आधे क्षेत्र में आईटीआई के ट्यूबवेल से भी पानी की आपूर्ति होती है जिससे ज्यादा आबादी प्रभावित नहीं है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को विभागीय टैंकर से लोगों को पानी की आपूर्ति की गई।

**हाल** | पालिका ने वन विभाग को 90 लाख रुपये देकर लीज पर ली जमीन

# रामनगर में ट्रंचिंग ग्राउंड की जमीन पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** घरों से एकत्रित किए कूड़े के निस्तारण को लेकर नगर पालिका प्रशासन को तराई पश्चिमी वन विभाग द्वारा रामनगर के ग्राम पूछडी क्षेत्र में करीब 1 हेक्टेयर भूमि 30 साल की लीज पर विभागीय शर्तों के तहत दी गई थी। इसके लिए बाकायदा नगर पालिका प्रशासन द्वारा वन विभाग को 90 लाख रुपया जमा करने के बाद भी आज भी क्षेत्र में 50% वन भूमि पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा है। अवैध रूप से कब्जा करने के साथ ही यहां पर मकान तो बनाए ही हैं साथ ही खाली पड़ी जमीन पर भी खेती की जा रही है। तीन साल बीतने के बाद भी आज तक



पूरी जमीन नगर पालिका को नहीं मिली है। जिस कारण नगर पालिका प्रशासन को कूड़ा निस्तारण में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पालिका के अधिशासी अधिकारी महेंद्र कुमार यादव ने बताया कि वर्ष 2021 में इस क्षेत्र में यह जमीन नगर पालिका को 30 साल की लीज पर वन विभाग से ली गई थी जिस्की एवज में रामनगर नगर पालिका प्रशासन द्वारा 90 लाख रुपया भी वन विभाग को जमा किया जा चुका है। कई बार नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन द्वारा इस अतिक्रमण को हटाने के लिए मौके पर टीम भी गई लेकिन टीम के साथ अभद्रता की गई। उन्होंने वन विभाग को कार्रवाई के लिए कई बार पत्र व्यवहार भी किया गया है। लेकिन आज तक नगर पालिका को पूरी जमीन नहीं मिल पाई है। जिस वजह से कूड़ा निस्तारण में पालिका को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उधर, तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि जो भूमि नगर पालिका को लीज पर दी गई थी। उस पर कुछ लोगों द्वारा जो अतिक्रमण किया गया है उसे जल्द हटाने की कार्रवाई संयुक्त रूप से की जाएगी।



## एक नजर

### काशीपुर में भी भोजन माताएं रहीं हड़ताल पर

**काशीपुर।** आठ सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को भोजन माताएं हड़ताल पर रहीं और उन्होंने बीआरसी में धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद सीएम को संबोधित ज्ञापन बीईओ आरएस नेगी को सौंपकर भोजन माताओं को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा देने, प्रतिमाह न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए एवं भविष्य निधि व ईएसआई की सुविधा दिए जाने की मांग की। यहां बबीता शर्मा, सुनीता, रेनू, राजकिरण, सावित्री, कमलेश, फूलवती, माया, राममूर्ति, लज्जावती, रेखा, संजना, शीला मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**दिनेशपुर।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आनन्दखेड़ा नंबर एक के पास से विजय सरकार निवासी वार्ड नंबर 9 दिनेशपुर, जनपद उधमसिंह नगर को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास एक अदद नाजायज चाकू बरामद होने पर टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### रिंग पिट और ट्रेंच विधि से होगी गन्ने की बुवाई, गन्ना विभाग का अगले सत्र तक 30000.100 हेक्टेयर गन्ना क्षेत्र बढ़ाने का लक्ष्य

# यूएसनगर में गन्ने के क्षेत्रफल में होगी 25 फीसदी वृद्धि

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर में अगले पैराई सत्र में गन्ने का उत्पादन 25 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए गन्ना विकास विभाग किसानों को जागरूक करने के साथ ही वैज्ञानिक विधि रिंग पिट और ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई कराई जाएगी। ताकि कम बीज लागत से गन्ने का उत्पादन अधिक हो सके।

दरअसल, विगत वर्ष ऊधमसिंह नगर जनपद में किसानों ने 26714.407 हेक्टेयर में गन्ना बोया था। जबकि इस वर्ष किसानों ने 24077.590 हेक्टेयर में ही गन्ना बोया है यानि विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 2636.818 हेक्टेयर की कमी आयी है। गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों ने इसका कारण इस वर्ष आयी अतिवृष्टी को बताया। उन्होंने बताया कि इसके चलते गन्ने का क्षेत्रफल कम हुआ था।

वहीं अब विभाग ने अगले पेराई सत्र में गन्ने का क्षेत्रफल 25 फीसदी यानी 30,000.100 हेक्टेयर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए विभाग किसानों को जागरूक करने के लिए साथ ही उन्हें गन्ने की पैदावार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। साथ ही बुवाई की नई विधि रिंग पिट और ट्रेंच विधि से पैदावार बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा। इससे कम बीज लागत में उत्पादन अधिक होगा और गन्ने के क्षेत्रफल में भी वृद्धि होगी।



### कम किसानों ने की गन्ने की सप्लाई

**रुद्रपुर।** गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार विभाग में एक लाख 26 हजार किसान पंजीकृत हैं। इसमें से इस बार मात्र 35 हजार किसानों ने ही गन्ने की सप्लाई चीनी मिलों में की। विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिन किसानों ने गन्ने का उत्पादन नहीं किया तो उन्होंने धान और गेहूं की फसल की बुवाई की है।

### गन्ने का उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य

**रुद्रपुर।** गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार आने वाले वर्षों में सितारगंज परिक्षेत्र में गन्ने के उत्पादन को इस वर्ष की अपेक्षा दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। इस वर्ष की तरह आने वाले वर्षों में सितारगंज में गन्ने के उत्पादन में और वृद्धि होगी। इसमें किसानों के सहयोग की जरूरत है।

### किसानों को हुआ 20914.16 लाख रुपये का भुगतान

**रुद्रपुर।** ऊधमसिंह नगर जनपद में चार चीनी मिलों में गन्ने की सप्लाई के सापेक्ष किसानों का गन्ने का 20914.16 लाख रुपये का भुगतान हो चुका है। जबकि गन्ना विकास विभाग किसानों को बकाया धनराशि का भुगतान जल्द कराने का प्रयास कर रहा है। यहां बता दें कि जनपद के चार चीनी मिलों नादेही, बाजपुर, किच्छा और सितारगंज अब तक किसान 89.63 लाख कुंतल गन्ने की सप्लाई हो चुकी है। इसमें नादेही चीनी मिल में 18.55 लाख कुंतल, बाजपुर चीनी मिल में 24.08 लाख कुंतल, किच्छा चीनी मिल में 25 लाख कुंतल और सितारगंज चीनी मिल में 22 लाख कुंतल की सप्लाई हो चुकी है। गन्ना विकास विभाग के सहायक गन्ना आयुक्त कपिल मोहन ने बताया कि अब तक जनपद की चारों चीनी मिलों को मांग के सापेक्ष 89.63 लाख कुंतल गन्ने की सप्लाई हो चुकी है। जबकि सप्लाई के सापेक्ष जनपद के किसानों का 20914.16 लाख रुपये का भुगतान चीनी मिल कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि अभी किसानों का भुगतान बकाया है। इसे भी जल्द दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

> विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष जीपीएस सिस्टम से सटीक सर्वे हुआ है। इस कारण जनपद में गन्ने का रकबा कम हुआ है। जबकि प्रति एकड़ गन्ने के उत्पादन में वृद्धि हुई है। वहीं अब अगले गन्ना पेराई सत्र तक गन्ने का क्षेत्रफल 25 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही किसानों को नई वैज्ञानिक विधि से गन्ना उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाएगा।
> –कपिल मोहन, सहायक गन्ना आयुक्त, ऊधमसिंह नगर

### लंबे समय से फरार दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके की नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। आरोपी अक्टूबर माह से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि 30 दिसंबर को ट्रांजिट कैंप की रहने वाली एक महिला ने रंपुरा वार्ड–21 निवासी युवक मनीष सैनी पर आरोप लगाया था कि अक्टूबर माह को उसकी बेटी को युवक ने नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने पॉक्सो सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस का बढ़ता दबाव देख गुरुवार को परिजनों द्वारा आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।


**सूचना**

मैंने अपना नाम Bittu से बदलकर Bittu Ray S/o Prempal कर लिया है और अब मुझे भविष्य में Bittu Ray S/o Prempal के नाम से जाना व पहचाना जाये। ग्राम मोहनपुर नं. 1, पोस्ट खानपुर, तहसील रुद्रपुर, जिला- उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)


# जिले में 3 मार्च से चलेगा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

### सीडीओ ने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकों के साथ की बैठक, अभियान को सफल बनाने के लिए ठोस कार्य योजना बनाने के दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जनपद में राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान 3 मार्च से 9 मार्च तक आयोजित होगा। इसको सफल बनाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने जनपद के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकों के साथ जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की। साथ ही ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये।

गुरुवार को विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी पोलियो के कार्य को गंभीरता से लें। इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपस में समन्वय बनाते हुए पोलियो का वृहद रूप से प्रचार-प्रसार करें। ताकि सभी लोग जागरूक होकर अपने शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को बूथ पर आकर पोलियो की खुराक पिला सकें। कोई भी बच्चा पोलियो खुराक से वंचित न रहे इस पर विशेष ध्यान दिया जाये।

उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि ब्लॉक स्तर पर शीघ्र बैठक कर कार्य को सफल बनाने के लिए ठोस योजना बनाएं। सभी एमओआईसी को निर्देश दिये कि जिन स्थानों पर कम वैक्सीनेशन हो रहा है उन स्थानों पर विशेष ध्यान दें। सीएमओ को निर्देश दिये कि आशा कार्यकत्रियों को निर्देशित करें के 9 मार्च तक घर-घर जाकर पल्स पोलियो दवाई पिलाएं। जिन विभागों को जो जिम्मेदारियां दी गई है वे भलिभांति पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इसे गंभीरता से लें। किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही पाई गयी तो आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.हरेंद्र मलिक, डॉ. राजेश आर्या, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, डीपीओ व्योमा जैन, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध व चिकित्साधिकारी उपस्थित थे।



रुद्रपुर में अधिकारियों के साथ बैठक करते सीडीओ मनीष कुमार। ● अमृत विचार



खटीमा में पल्स पोलियो अभियान को लेकर बैठक लेते एसडीएम बिष्ट।

### 272725 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य



**रुद्रपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि जनपद में शून्य से 5 वर्षों तक के 272725 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही जनपद में 1178 फिक्स बूथ, 86 ट्रांजिट बूथ व 52 मोबाइल बूथ कुल 1316 बूथ बनाये गये है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में 257 सुपरवाईजर लगाये गये हैं।

### अभियान को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

**खटीमा।** तीन मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के तहत उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह बिष्ट ने अंतर विभागीय बैठक ली। इसमें कहा कि बैठक में एसडीएम बिष्ट ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान में कोई भी छूटना नहीं चाहिए इस विशेष ध्यान देना है उन्होंने कहा कि लोगों को जागरुक कर अधिक से अधिक संख्या में पोलिंग बूथ पर पहुंचने के लिए प्रेरित किया जाए। नागरिक अस्पताल के डॉ. वीपी सिंह ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में सभी विभाग से अभियान में पूर्ण सहयोग की अपील की गई। बैठक में सीडीपीओ संगम सिंह, बीपीएम अजय आदि थे।

### प्रतिभागियों को दी डेयरी प्रबंधन की जानकारी

**रुद्रपुर/पंतनगर:** प्रसार शिक्षा निदेशालय के समेटी-उत्तराखंड एवं राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज) हैदराबाद की ओर से संयुक्त रूप से 'डेयरी प्रबंधन' विषय पर तीन-दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने डेयरी प्रबंधन परिचय, पशुओं के विभिन्न नस्ल, पशुओं के आवास एवं राशन व्यवस्था, गाय एवं भैंस में उन्नत विधि से प्रजनन समेत कई विषयों पर व्याख्यान दिए।

उद्घाटन सत्र में निदेशक प्रसार शिक्षा एवं समेटी डॉ. जितेन्द्र क्वात्रा ने डेयरी प्रबंधन पर प्रकाश डालते हुए इसकी महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि दूध के मूल्यवर्धित उत्पाद जैसे खोया, पनीर, चीज, घी, मिठाई इत्यादि से कृषक अपने आय में कई गुना वृद्धि कर सकते हैं। प्रायः अखबार अथवा अन्य माध्यम से पता चलता है कि अनेक लोग कृत्रिम पदार्थों को दूध में मिलाकर दूध की गुणवत्ता को खराब कर देते हैं, जो कहीं न कहीं उपभोक्ता के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। प्राध्यापक सस्य विज्ञान प्रसार शिक्षा निदेशालय डॉ.बीडी सिंह ने प्रशिक्षण के उद्देश्यबताए। मैनेज फेलो डॉ.रेखा दास ने भी प्रशिक्षण एवं मैनेज द्वारा कृषकोपयोगी संचालित होने वाले अनेक कार्यक्रमों के बारे में अपने विचार साझा किए।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल**

पत्रांक - 0859/X-6 दिनांक : 01-08-2023

**नोटिस**

1-श्री मनीष साह पुत्र स्व० श्री भगवान लाल साह निवासी म० नं० 33-34 1/4 पिछाड़ी बाजार मल्लीताल नैनीताल।

2- श्रीमती नीमा साह पत्नी स्व० श्री भगवान लाल साह निवासी म० नं० 33-34 1/4 पिछाड़ी बाजार मल्लीताल नैनीताल।

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं० 7 भवन सं० 33-34 1/4 पिछाड़ी बाजार मल्लीताल नैनीताल स्थित सम्पत्ति जो पालिका अभिलेखों में श्रीमती नीमा साह एवं मनीष साह पत्नी/पुत्र स्व० श्री भगवान लाल साह के सम्बन्ध में निम्नलिखित संसोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्ट मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रुप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन, भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

पंजीकृत दाननामा दिनांक 04-02-2023 की प्रमाणित प्रतियों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व अधिकार का अन्तरण हो जाने के कारण मूल्यांकन सूची में अंकित श्रीमती नीमा साह पत्नी स्व० श्री भगवान लाल साह के स्थान पर अंतरित श्री मनीष साह पुत्र स्व० श्री भगवान लाल साह का नाम अंकित किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रुप में स्वयं या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनांक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्त होने वाले दिनांक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नैनीताल


# उत्तराखंड पुलिस ने वाहनों के चालान से कमाए 43.52 करोड़

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** वर्ष 2023 में उत्तराखंड पुलिस ने 8 लाख 42 हजार वाहन चालान करके 43 करोड़ 52 लाख रुपये का जुर्माना (संयोजन शुल्क) वसूल किया।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड के लोक सूचना अधिकारी से 2023 में पुलिस द्वारा किये गये वाहन चालानों और वसूले गये जुर्माने (संयोजन शुल्क) की सूचना मांगी थी। नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तराखंड पुलिस ने 2023 में कुल 8 लाख 42 हजार वाहन चालान किये हैं जिसमें 1 लाख 14 हजार चालान सीपीयू की 4 जिलों की यूनिटों द्वारा जबकि 7 लाख 28 हजार चालान अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा किये गये हैं। इन चालानों पर पुलिस द्वारा कुल 43 करोड़ 52 लाख का जुर्माना (संयोजन शुल्क) वसूला गया है। इसमें सीपीयू. द्वारा 3 करोड़ 14 लाख तथा अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा 40 करोड़ 38 लाख का संयोजन शुल्क वसूला गया है। सीपीयू द्वारा किये गये चालानों में सर्वाधिक 33 हजार चालान ऊधमसिंह नगर जिले की यूनिटों द्वारा किये गये है। 77 लाख का जुर्माना वसूला गया है, जबकि दूसरे स्थान पर देहरादून व हरिद्वार जिले की यूनिटों ने 32-32 हजार चालान कर 87 लाख तथा 80 लाख का जुर्माना वसूला। नैनीताल यूनिट द्वारा 17 हजार चालान कर 70 लाख रुपये का जुर्माना वसूला।

# प्रशासन ने हटवाया भूमि से कब्जा, निर्माण शुरू

**विरोध**

▸▸ कब्जेदारों ने मामला कोर्ट में होने की बात कही, अफसर नहीं माने

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** जल-जीवन मिशन योजना के तहत पेयजल टैंक बनाने के लिए चिह्नित करीब ढाई बीघा सरकारी भूमि को प्रशासन की टीम ने भारी विरोध के बीच कब्जा मुक्त करवाते हुए निर्माण कार्य शुरू करवा दिया।

ग्राम पंचायत चनकपुर में पूर्व ग्राम प्रधान जमालुद्दीन के परिवार के कब्जे में वर्षों से चली आ रही करीब पांच बीघा सरकारी भूमि में से ढाई बीघा भूमि जल-जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल वाटर टैंक निर्माण के चिह्नित थी, लेकिन कब्जाधारक द्वारा मामला कोर्ट में विचाराधीन होने की बात कहते हुए टैंक का निर्माण नहीं होने दिया जा रहा था। गुरुवार को दोपहर बाद नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण की अगुवाई में गठित राजस्व, जल संस्थान की संयुक्त टीम मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंची और भूमि पर कब्जा करने की कार्रवाई शुरू कर दी। इसकी जानकारी होने पर जमालुद्दीन के परिवार के लोग भी वहां पहुंच गए और भूमि का मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन होने व वहां से फैसला आने तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने देने की बात कहते हुए विरोध किया। लेकिन टीम ने बात सुनने से इन्कार करते हुए भूमि को कब्जा मुक्त करवा दिया। जिसमें जल संस्थान द्वारा लोडर के जरिए बुनियाद खोदकर निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी गई है। इस मौके पर पटवारी दीपक कुमार, जल संस्थान के जेई मुकेश कुमार के साथ ही पुलिस फोर्स मौजूद रही।

वहीं जमानुद्दीन ने प्रशासन की इस कार्रवाई को गलत बताते हुए कहा कि उपरोक्त भूमि का मामला न्यायालय में विचाराधीन है।



भूमि पर कब्जा लेने गई टीम का विरोध करते पूर्व प्रधान जमालुद्दीन व स्वजन।


**कार्यालय मण्डलीय प्रबन्धक (संचालन)**
**उत्तराखण्ड परिवहन निगम, टनकपुर**

पत्रांकः-2678 ट०क्षे०/म०प्र० (सं०) कैन्टीन / निविदा/2024 दिनांक :- 29/02/2024

**टेण्डर**

**-: स्टॉलों के बाबत निविदा आमंत्रण :-**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम टनकपुर मण्डल के अन्तर्गत लोहाघाट डिपो के चम्पावत बस स्टेशन में निम्नलिखित स्टॉलों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नवत् है:-

1. जलपान गृह
2. टी स्टॉल
3. फल स्टॉल
4. मिठाई स्टॉल
5. जनरल मर्चेन्ट

उक्त निविदाओं के बाबत इच्छुक ठेकेदारों से सीलबन्द निविदा डाक/स्पीड पोस्ट/कार्यालय काउन्टर पर दिनांक 01-03-2024 से दिनांक 16-03-2024 समय मध्याहन 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, इस हेतु शर्तें एवं निविदा फार्म कार्यालय से दिनांक 01-03-2024 से दिनांक 16-03-2024 को 12:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में धनराशि रु० 100/- निगम कोष में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। दिनांक 16-03-2024 को दोपहर 14:00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त निविदाओं को उसी दिन 15:00 बजे गठित समिति एवं उपस्थित रहने वाले निविदाकर्ताओं के समक्ष निविदा खोली जायेगी। भविष्य में निर्धारित तिथि को अकस्मात सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने पर निविदा कार्यालय खुलने के कार्यदिवस पर खोली जायेगी।

(पवन मेहरा)
मण्डलीय प्रबन्धक (संचालन)
उत्तराखण्ड परिवहन निगम टनकपुर


**कांवड़ यात्रा** एसपी सिटी कार्यालय में प्रशासन, पुलिस व नगर निगम के अफसरों की बैठक

# व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश



काशीपुर में कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक करते प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कावड़ यात्रा को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। तैयारियों को लेकर जिला, नगर निगम व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ एसपी सिटी कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों का रूट निर्धारण, यातायात व्यवस्था व सुविधाओं को लेकर विचार विमर्श किया गया।

गुरुवार को एसपी सिटी कार्यालय में कांवड़ यात्रा को लेकर जिला, नगर निगम, विद्युत व पीडब्ल्यूडी, पुलिस अधिकारियों के मध्य बैठक हुई। बैठक में आरओबी के निर्माण के चलते बाजपुर रोड के बंद होने पर कांवड़ियों के रूट निर्धारण व यातायात व्यवस्था को बनाए रखने पर चर्चा की गई। साथ ही कांवड़ यात्रा का रूट पूर्व की भांति ही रखने व निर्धारित रूट पर लाइट, पेयजल व सफाई व्यवस्था संबंधित विभागों द्वारा की जाएगी। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से रूट पर पुलिस बल के साथ वालिंटियर्स भी तैनात रहेगे। बैठक में एसपी अभय सिंह, सीओ वंदना वर्मा, कोतवाल मनोज रतूड़ी, कुंडा थाना इंचार्ज दिनेश फर्त्याल, थाना आईटीआई प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी, यातायात निरीक्षक जितेंद्र पाठक, जसपुर एसएसआई ओम प्रकाश, एसआई कैलाश देव, सीपीयू प्रभारी जसवंत सिंह, नगर निगम के एसएनए यशवीर सिंह राठी, पीडब्ल्यूडी से परवेज आलम, टोल प्लाजा से पूरन मल आदि अधिकारी मौजूद रहे।


दैनिक समाचार पत्र — कम खर्च, ज्यादा मुनाफा

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार — लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कुमाऊं संस्करण — स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

### घायल बच्ची की इलाज के दौरान मौत

**काशीपुर ।** संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हुई 9 माह की बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुरुवार को कुंडा थाना क्षेत्र के सरवरखेड़ा निवासी एक व्यक्ति की 9 माह की बेटी घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हो गई। इस दौरान परिजन बच्ची को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां पर बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कुंडा थाना पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुंडा थाना प्रभारी दिनेश फर्त्याल ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। मौत का कारण अभी अज्ञात है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। इसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

एक साल बीतने के बाद भी कनेक्शन लेने में रुचि नहीं दिखा रहे लोग, कनेक्शन चार्ज अधिक होना भी कारण

# शत-प्रतिशत कनेक्शन नहीं दे सका जल संस्थान

अमृत योजना

कुंदन बिष्ट, काशीपुर

**अमृत विचार:** अमृत योजना के दो जोन का काम पूरा होने के बाद जल निगम ने इसे एक साल पहले जल संस्थान को हैंडओवर कर दिया है। बावजूद इसके एक साल बाद भी जल संस्थान शत प्रतिशत कनेक्शन नहीं दे सका है। इसके पीछे कनेक्शन चार्ज अधिक होना भी एक कारण बताया जा रहा है।

अमृत योजना में जोन-3 गिरीताल और जोन-5 जसपुर बस स्टैंड क्षेत्र में अमृत योजना के तहत घर-घर पानी के कनेक्शन पहुंचाने का काम एक साल पहले पूर्ण हो चुका है। इसके बाद जल निगम ने इसे जल संस्थान को हैंडओवर कर दिया। जल संस्थान ने कनेक्शन देने शुरु भी कर दिए। लेकिन एक साल में अब तक जल संस्थान 4415 घरों की तुलना में करीब एक हजार कनेक्शन ही दे सका है। संस्थान के अधिकारियों के मुताबिक कनेक्शन चार्ज अधिक होने का कारण भी लोग कनेक्शन लेने से कतरा रहे हैं। हालांकि अधिकारियों का मानना है कि बीते साल से लोग कनेक्शन के लिए रोजाना विभाग के कार्यालय पहुंच रहे हैं। विभाग ने वर्ष 2022-23 में 496 उपभोक्ताओं तो वहीं 2023-24 में 551 उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिए हैं।



#### इन क्षेत्रों में अमृत योजना से पहुंच चुका है पानी

टांडा उज्जैन, कवि नगर, लक्ष्मीपुर पट्टी मझरा, जसपुर बस स्टैंड क्षेत्र, रेलवे स्टेशन, महेशपुरा, जीत कॉलोनी, गिरीताल, जसपुर खुर्द, चामुंडा विहार, पटेल नगर, द्रोण विहार।

#### हाउस टैक्स के अनुसार लिया जा रहा पानी का बिल

**काशीपुर ।** जल संस्थान अमृत योजना में जो कनेक्शन दे रहा है उसका हाउस टैक्स के अनुसार पानी का बिल वसूल रहा है। यानि किसी का हाउस टैक्स 200 रुपए है तो उसे तीन महीने का 600 रुपए पानी का बिल देना पड़ा रहा है। ठीक इसी प्रकार 201 से 350 तक हाउस टैक्स में 704 रुपए, 351 से 600 तक 1058 और 601 से 800 तक हाउस टैक्स में तीन महीने का 1220 रुपए पानी का बिल देना पड़ रहा है। इससे अधिक हाउस टैक्स होने पर भी पानी का बिल उसी हिसाब से लिया जा रहा है।

#### चार्ज अधिक होने से भी कतरा रहे लोग

**काशीपुर ।** अमृत योजना में हर घर पानी से पहुंचाया जा रहा है। लेकिन कनेक्शन चार्ज अधिक होने से लोग कनेक्शन लेने से कतरा रहे हैं। जल संस्थान के अधिकारियों के मुताबिक सामान्य व्यक्तियों के लिए 100 स्क्वायर फीट एरिया के लिए कनेक्शन चार्ज 3975 रुपये रखा गया है। वहीं प्राथमिक परिवारों और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति परिवारों से 125 रुपये कनेक्शन चार्ज लिया जा रहा है।

अमृत योजना में कनेक्शन देने का काम जारी है। बीते एक साल से लोग कनेक्शन लेने में रुचि दिखा रहे हैं। लोगों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। फिलहाल अमृत योजना में जोन-3 और पांच ही जल संस्थान को हैंडओवर हुए हैं।
**-प्रदीप चौहान**, जेई, जल संस्थान।

# बाइक सवार युवकों पर किया चाकू से हमला

संवाददाता, रुद्रपुर



चाकू के हमले में घायल युवक।

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में बाइक से टकराने पर युवक का विरोध करना बाइक सवार दो युवकों को महंगा पड़ गया। आरोप है कि युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर बाइक सवारों को चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

कृष्ण कॉलोनी थाना ट्रांजिट कैंप निवासी हिमांशु कश्यप उर्फ जस्सी ने बताया कि 28 फरवरी की रात को वह अपने चचेरे भाई हरकेश के साथ अस्पताल में भर्ती पिता को देखकर वापस बाइक से लौट रहा था। तभी रास्ते में अचानक पुलिस की पेट्रोलियम गाड़ी को देखकर भाग रहा युवक बाइक से टकरा गया। बाइक गिरने के कारण दोनों लोग मामूली चोटिल हो गए और जब युवक से विरोध जताया तो उसने अपने साथियों को बुलाया और धारदार चाकू व लोहे के कड़ों से हमला शुरू कर दिया। इससे वह लहूलुहान होकर नीचे गिर गए और हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने अस्पताल में उपचार कराने के बाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दुग्ध पदार्थों के साथ ही तेल और घी की भी हो नियमित सैंपलिंग: डीएम

## जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में जनपद के खत्तों में छापेमारी के दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि सभी लोगों को सुरक्षित भोजन और स्वच्छ आहार प्राप्त हो इसके लिये खाद्य पदार्थों की नियमित चेकिंग कर सैंपलिंग की जाए। उन्होंने दुग्ध पदार्थों के साथ ही तेल एवं घी के नियमित चेकिंग व सैंपलिंग करने के निर्देश खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दिये।

गुरुवार को यह बात जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षित भोजन एवं स्वस्थ आहार की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि दूध, पनीर, खोया की अभियान चलाकर सैंपलिंग की जाए और मिलावटी दुग्ध सामग्री पर पूर्ण अंकुश लगाया जाये। उन्होंने अपर जिलाधिकारी को भी जनपद के नाकों व खत्तों में भी छापेमारी कराने के निर्देश दिये। ताकि बाहर से जनपद में आ रहे मिलावटी दुग्ध पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार भी नजदीक है। इसलिए अभियान चलाकर छापेमारी की जाये, अधोमानक व असुरक्षित पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही भी की जाये। उन्होंने फोटिफाइड फूड के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाये। साथ ही अधिक से अधिक दुकानों, रेस्टोरेंट, होटल के पंजीयन कराये जाएं और पंजीयन के लिए शिविरों का आयोजन भी किया जाए।

उन्होंने अपर जिलाधिकारी को खाद्य सुरक्षा कार्यालय के लिए भूमि चिन्हित करने के भी निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसीएमओ डॉ.हरेंद्र मलिक, डीपीओ व्योमा जैन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या, अपर्णा शाह, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, पूर्ति निरीक्षक तारा सिंह, हेमा बिष्ट आदि उपस्थित थे।



रुद्रपुर में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

#### 134 नये रेस्टोरेंट एवं दुकानों का हुआ पंजीकरण

**रुद्रपुर ।** खाद्य सुरक्षा अभिहित अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा व खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार ने पीपीटी के माध्यम से जानकारियां देते हुए बताया कि 134 नये रेस्टोरेंट एवं दुकानों का पंजीकरण किया गया है। 65 नये फूड लाइसेंस जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि रुद्रपुर में स्ट्रीट फूड वेंडिंग जोन नगर निगम के सामने बनाया जाएगा।

### पुलिस ने होटल में जुआ खेल रहे 12 जुआरी दबोचे

**किच्छा, अमृत विचार:** पुलिस क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा के दिशा निर्देशन में पुलभट्टा थाना पुलिस टीम ने बीती देर रात्रि वैली होटल में छापामार कार्यवाही की। इस दौरान पुलिस ने खुलेआम जुआ खेल रहे एक दर्जन जुआरियों को पकड़ लिया।

पुलिस टीम ने मौके से ताश के 52 पत्तों के अलावा 94 हजार 6 सौ रुपए की नगदी तथा 13 मोबाइल फोन बरामद कर कब्जे में ले लिए। पुलिस ने होटल में जुआ खेल रहे वार्ड नंबर 13, कोतवाली किच्छा निवासी हफीज अहमद एवं रियाउद्दीन, वार्ड नंबर 10, पंजाबी मोहल्ला, किच्छा निवासी रईस एवं तौसीफ रजा, ग्राम सतुइया, थाना पुलभट्टा निवासी जमुना प्रसाद, बंडिया थाना किच्छा निवासी आकिब अहमद, नूरी मस्जिद, वार्ड नंबर 11 किच्छा निवासी रियाउल्लाह, वार्ड नंबर 2, सुनहेरी, किच्छा निवासीगण विमल कुमार एवं आसिफ खान, वार्ड नंबर 11, किच्छा निवासी जावेद एवं अकरम, वार्ड नंबर 18 सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी जीशान को हिरासत में ले लिया।

थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा उप जिलाधिकारी से वार्ता के उपरांत होटल को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

# लोकसभा चुनाव के लिए बूथों को मजबूत करें कार्यकर्ता: भौर्याल



रुद्रपुर में लोकसभा क्षेत्र प्रभारी का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा प्रभारी बलवंत सिंह भौर्याल ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रुद्रपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर को मजबूत करने का आह्वान किया।

गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पर हुई बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर प्रभारी ने चर्चा की। जहां भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल सहित कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उन्होंने बताया कि जल्द ही लोकसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है। पार्टी तैयारियों में जुट गई है। पिछले माह प्रदेश संगठन द्वारा मंडल स्तर पर किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा की और गांव चलो अभियान, युवा मतदाता सम्मेलन, दीवार लेखन, गांव परिक्रमा अभियान, ओबीसी सम्मेलन, तिरंगा यात्रा जैसे अनेकों कार्यक्रम पर मंथन किया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ की इकाई को सक्रिय किया जाएगा और अधिक मतों से अपने अपने बूथ को जिताने का लक्ष्य रखा गया है। शीर्ष नेतृत्व का लक्ष्य है कि उत्तराखंड की पांचों सीटें 2019 लोकसभा चुनाव से बड़े अंतर से जीती जाए। इसमें कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होगी। इसके लिए जल्द ही बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया जाएगा और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हल्द्वानी प्रवास पर आ सकते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का आह्वान किया। इस मौके पर सह प्रभारी राकेश नैनवाल, लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, रुद्रपुर विधानसभा संयोजक प्रकाश हरबोला, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री नेत्रपाल मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा रश्मि रस्तोगी, पूर्व मेयर रामपाल, परवेज खान, राजेश तिवारी, वेद ठुकराल, शालिनी बोरा, धीरेंद्र मिश्रा, धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, हरीश भट्ट, अमित चौधरी, पूर्व दर्जा मंत्री सुरेश परिहार, डॉ. रणजीत सिंह गिल, गजेंद्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# कबाड़ी की दुकान में मिले 7000 कैलेंडर

हैरानी

▸▸ सूचना पर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिए कब्जे में

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं नरेंद्र मोदी जी के नववर्ष के कैलेंडर कबाड़ी द्वारा बेचे जाने की सूचना पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गोदाम में छापा मारकर लगभग 7000 कैलेंडर बरामद किए।

स्थानीय कबाड़ी द्वारा जो नववर्ष के कैलेंडर जनता के बीच वितरित करने के लिए आए थे कबाड़ में बेचे जाने की आशंका पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर सभी कैलेंडर बरामद किए। नगर महामंत्री मनोज बाजपेयी ने बताया कि व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना मिली कि नववर्ष के पार्टी कैलेंडर कबाड़ी द्वारा बेचे जा रहे हैं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, किशन सिंह किन्ना, भुवन जोशी, अचल शर्मा, संतोष अग्रवाल, राजु कुरैशी, राहुल सक्सेना, सनी रस्तोगी, रविंदर राणा, कामिल खान, ताहिर मलिक, जावेद रिजवी, लक्ष्मण भाटिया, रंजीत सिंह, संतोष चंद उपस्थित थे।

# गलत दिशा में वाहन चलाने से बढ़ा खतरा

लापरवाही

▸▸ चीमा चौराहा बंद होने पर लोग गलत दिशा से ला रहे वाहन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** शहर के व्यस्तम चौराहों पर दोपहिया व तीन पहिया वाहन समय की बचत के लिए गलत दिशा से वाहन ले जाकर हादसों को दावत देते नजर आ रहे है। वही इन वाहनों की वजह से जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो जा रही है। ऐसे वाहन चालकों पर पुलिस अब सख्ती से अंकुश लगाने का कार्य करेगी । साथ ही व्यापक स्तर पर अभियान भी चलाएगी।

वर्तमान में बाजपुर रोड पर फ्लाईओवर के निर्माणाधीन होने से बाजपुर रोड पर यातायात पूरी तरह से बंद है। जिसके चलते वाहनों की आवाजाही चीमा चौराहे से कुंडेश्वरी रोड की ओर हो रही है। चीमा चौराहा नगर का प्रमुख दूसरा चौराहा है। यहां से रामनगर, मुख्य बाजार, कटोराताल, गिरीताल, कुंडेश्वरी को रास्ता जाता है। बढ़ते यातायात दबाव को लेकर पुलिस ने जाम से निजात दिलाने के लिए इस चौराहे पर बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया है। ताकि ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारते हुए लोग अपने वाहनों को करीब 100 मीटर आगे से घुमकर यहां पहुंचे और जाम न लगे। लेकिन लोग समय बचाने के लिए आगे से फेर लगाने के बजाय विपरीत दिशा से चौराहे के पहले की रामलीला ग्राउंड के कट से आ जा रहे है। जिससे चौराहे पर जाम की स्थिति के साथ हादसे का खतरा भी बना हुआ है। हालांकि पुलिस ने वहां पीआरडी जवानों की तैनाती भी कर रखी है। जो दिनभर विपरीत दिशा से आ रहे लोगों को रोकते हुए यातायात नियमों का पाठ पढ़ा रहे है। जिसकी अनदेखी कर लोगा बेधड़क वहां से आ जा रहे है। जिसको लेकर पुलिस अब सख्त कदम उठाएंगी और वहां की वीडियोग्राफी के साथ ऑनलाइन चालान सहित व्यापक स्तर पर अभियान चलाएगी।



काशीपुर में गलत दिशा में बाइक जाते लोग। ● अमृत विचार

चौराहों पर विपरीत दिशा से आ रहे वाहनों के खिलाफ पुलिस व्यापक स्तर पर अभियान चलाएगी और आनलाइन चालान के साथ बार-बार गलती करने वालों के वाहन सीज करने का कार्य भी करेगी।
**-अभय सिंह**, एसपी सिटी, काशीपुर

# सिडकुल की कंपनी बताकर लगा दिया लाखों का चूना

संवाददाता, रुद्रपुर

जालसाजी

▸▸ जम्मू एंड कश्मीर की कंपनी से खरीदा था 50.77 लाख का तांबा

**अमृत विचार:** जम्मू कश्मीर की एक कंपनी को झांसा देकर लाखों का सामान हड़प करने का मामला सामने आया है। कंपनी के साझेदार ने पंतनगर थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सारिका नगर तालाब तिल्लो जम्मू एंड कश्मीर निवासी रामेश्वर सिंह ने बताया कि उनकी पार्टनरशिप में साम्बा इलाके में मेटल ड्रीम इंडस्ट्री के नाम से फर्म है। 21 जनवरी 2024 को एक व्यक्ति की कॉल आयी जो खुद को सिडकुल पंतनगर रुद्रपुर की इंडस्ट्री कंपनी का प्रतिनिधि बता रहा था। आरोप है कि कॉलर ने फर्म से जीएसटी जोड़कर 50.77 लाख रुपये कीमत का तांबा ऑर्डर किया। माल की डिलीवरी का पता रुद्रपुर सिडकुल कंपनी का बताया। बताया कि 14 फरवरी को जब ट्रांसपोर्ट का चालक बताए पते पर गया तो चालक को सिडकुल कंपनी से एक किलोमीटर दूर रुकवाकर कॉलर ने गंगापुर स्थित एक गोदाम में माल उतरवा दिया। जीएसटी बिल लेने के बाद 50.77 लाख रुपये का चेक दिया। बैंक में चेक फर्जी निकला और पड़ताल की तो पता चला कि सिडकुल में इस नाम की कोई कंपनी है ही नहीं।

असमंजस

29 फरवरी को जिला अस्पताल में पांच बच्चों ने लिया जन्म, अब चार साल बाद आएगी यह तिथि

# चुन्नू-मुन्नू के जन्मदिन को लेकर दुविधा में अभिभावक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** हर माता-पिता का सपना होता है कि अपने बच्चे का जन्मदिन धूमधाम से मनाएं। वहीं 29 फरवरी के दिन जन्मे बच्चों को लेकर माता-पिता दुविधा में नजर आये। कारण 29 फरवरी का दिन चार साल बाद आता है। ऐसे में अभिभावक अपने लाडले का जन्मदिन चार साल बाद मनाएंगे या फिर हर साल खुशी को बांटने की कोशिश करेंगे।

जिला अस्पताल में जन्मे बच्चों के अभिभावकों ने अपने-अपने तर्क देकर कहीं न कहीं दिल को दिलासा देने की कोशिश की। मगर 29 फरवरी को जन्मे बच्चे भाग्यशाली होते हैं। इसका वैदिक शास्त्रों में भी उल्लेख है। बताते चलें कि 29 फरवरी यानी हर चार साल बाद आती है। जबकि प्रत्येक वर्ष फरवरी माह 28 फरवरी का होता है। यदि वैज्ञानिक सिद्धांतों की बात करें तो वैज्ञानिकों का अपना तर्क है। उनका मानना है कि पृथ्वी की सूर्य की परिक्रमा के चौबीस घंटे पूर्ण होते ही साल का दिन 365 से 366 हो जाता है और इसे अंग्रेजी भाषा में लिप ईयर कहा जाता है। ऐसे में जिला अस्पताल में 29 फरवरी की रात एक बजे के बाद दो लड़के और तीन बेटियों ने जन्म लिया। शिशु के जन्म के बाद माता-पिता के जहां चेहरे खिल पड़े। वहीं जन्म उनके जन्मदिन के बारे में पूछा गया तो कुछ अभिभावकों का कहना था कि घर में जन्मदिन या तो 28 फरवरी को मनाएंगे या फिर एक मार्च को मानना पड़ेगा। मगर चार साल तक बेटे का जन्मदिन मनाने का इंतजार करना संभव नहीं है। मगर यदि वास्तविकता की बात करें तो जन्मदिन चौथे साल में ही मानना चाहिए। लेकिन अभिभावकों को जब यह पता चला कि इस दिन के जन्मे बच्चे भाग्यशाली होते हैं तो उनके चेहरे पर काफी खुशी देखने को मिली।

#### क्या है वैज्ञानिक सिद्धांत

**रुद्रपुर ।** हैग्रेगोरियन कैलेंडर पृथ्वी और सूर्य की परिक्रमा के अनुसार जब पृथ्वी को सूर्य का चक्कर लगाने में 365 दिन और छह घंटे का समय लगता है। ऐसे में हर साल छह घंटे अतिरिक्त बच जाते हैं जो बार साल बाद 24 घंटे यानि एक दिन में बदल जाते हैं। यही वजह है कि 365 दिन का होने वाला साल 366 दिन का हो जाता है और इसमें फरवरी माह का महीना 29 फरवरी का होता है। इसी कारण 29 फरवरी का साल चौथे साल में प्रवेश करता है।



#### ज्योतिष शास्त्रों का अपना है सिद्धांत

**रुद्रपुर ।** अगर ज्योतिष शास्त्र की बात करें तो 29 फरवरी को चित्रा नक्षत्र सुबह 10 .22 मिनट तक रहता है और स्वाति नक्षत्र शुरू हो जाता है। अगर किसी व्यक्ति का जन्म स्वाति नक्षत्र में होता है तो उनमें कलात्मक अभिरुचि अधिक होती है। वहीं चित्रा नक्षत्र में जन्मे लोगों के बारे में कहा जाता है कि यह एक अच्छा वक्त होता है और 29 फरवरी को जन्मे बच्चे बहुत ही भाग्यशाली होते हैं। इस दिन ग्रह-नक्षत्रों का बेहद खास संयोग रहता है। इसकी शुरुआत भी गुरुवार से होती है और समापन भी गुरुवार को होता है। ग्रह-नक्षत्रों की बात करें तो इस साल 29 फरवरी को कुंभ राशि में सूर्य, शनि, बुध, तीन ग्रहों की युति त्रिग्रही योग बनेगा। वहीं गुरु मंगल की राशि में मेष में रहेंगे। शुक्र मकर राशि में होंगे। चंद्रमा तुला राशि में गोचर करेंगे। इस दिन जन्म लेने वाले बच्चों की राशि तुला होगी।

# नशेड़ी पति पर हत्या की कोशिश करने का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर



**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके की एक विवाहिता ने अपने पति पर नशे की हालत में गला दबाकर मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

नारायण कॉलोनी निवासी रोली ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी कर अपनी जीविका चलाती है। आरोप था कि उसका पति अक्सर नशा का घर में झगड़ा करता रहता है। बताया कि 28 फरवरी की रात पति नशे की हालत में घर पहुंचा और बेवजह बच्चों से हाथापाई करने लगा। जब विरोध किया तो उसके साथ भी मारपीट करते हुए गला दबाकर मारने की कोशिश की। दम घुटने पर बच्चों की चीख पुकार सुन पड़ोसी मौके पर आए और उसकी जान बचाई। पीड़िता ने पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए थाना पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सौंपी तहरीर

▸▸ पीड़िता ने प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

▸▸ पुलिस ने तहरीर के आधार पर शुरू की जांच

### भालू के हमले में चरवाहा घायल

**खटीमा।** जंगल में जानवर चलाने गए एक व्यक्ति को भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। एचता बिही निवासी 45 वर्षीय प्रताप सिंह राना पास के जंगल में जानवरों को चराने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान झाड़ी में छिपे भालू ने उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले के बाद प्रताप सिंह की चीख-पुकार सुनकर खेतों में काम कर रहे ग्रामीण उस और दौड़े। जिस पर भालू प्रताप को छोड़कर जंगल में चला गया। ग्रामीणों ने घायल प्रताप सिंह को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉ. निशिकांत ने बताया कि घायल व्यक्ति की हालत स्थिर बनी हुई है।



## एक नजर

### बीकॉम ऑनर्स के विद्यार्थियों का सफल रहा परीक्षा परिणाम

**काशीपुर।** कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा बीकॉम ऑनर्स प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टैक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं का उच्च प्रदर्शन रहा। बीकॉम ऑनर्स प्रथम सेमेस्टर में साक्षी नेगी ने 77.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, विनीता 72.80 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं कनिका अधिकारी 72.40 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार, निदेशक प्रो. (डॉ.) योग राज सिंह, प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा, विभागाध्यक्ष (प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग) डॉ. शोभित त्रिपाठी आदि ने छात्राओं को बधाई दी।

### कार से भिड़ंत में बाइक सवार युवक घायल

**बाजपुर।** बुधवार देर रात केलाखेड़ा के निवर्तमान चेयरमैन अकरम पठान का भतीजा मडैया हट्टू केलाखेड़ा निवासी अजीम (24) पुत्र नन्हें बाइक पर केलाखेड़ा से घर की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि केलाखेड़ा में ही थाने के समीप पूर्व चेयरमैन हामिद अली अपनी कार को मोड़ रहे थे तभी कार और बाइक की भिड़ंत हो गई। जिसमें अजीम बुरी तरह से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे एसओ केलाखेड़ा ललित मोहन रावल ने घायल नजीम को अपने सरकारी वाहन से उपजिला चिकित्सालय बाजपुर पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। हादसे की सूचना पर काफी संख्या में दोनों पक्षों के लोग सरकारी अस्पताल पहुंच गए।

# पुलिस ने चोरी के माल के साथ दबोचे अंतर्राज्यीय गिरोह के दो शातिर चोर

## शहर में बीते दिनों गिरिताल रोड स्थित एक मकान से उड़ा लिया था लाखों रुपये का माल

खुलासा

अमृत विचारः काशीपुर

**13** फरवरी को गिरिताल रोड काशीपुर निवासी राजीव कुमार अग्रवाल परिवार के साथ गए थे दिल्ली

**19** फरवरी को वापस लौटे तो देखा कि चोर घर के ताले तोड़ लाखों के जेवरात व 80 हजार रुपये चुरा ले गये थे

**अमृत विचारः** पुलिस ने बीते दिनों बंद घर से नगदी समेत लाखों रुपये का सामान चोरी का खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने दो अंतरराज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने चोरी का सामान सहित तमंचा व चाकू भी बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गुरुवार को कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए एसपी अभय सिंह व सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि 13 फरवरी को गिरिताल रोड, हैवेल्स गैलेक्सी शोरूम के सामने काशीपुर निवासी राजीव कुमार अग्रवाल परिवार संग दिल्ली गए थे। 19 फरवरी को वापस आने पर देखा कि चोर कमरों के ताले तोड़ अलमारी में रखे जेवरात, चांदी के सिक्के व 80 हजार रुपये चुरा ले गये थे। पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो दो संदिग्ध दिखाई दिए। जिनकी पहचान कर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नसीम सैफी उर्फ पाण्डे और कामिल खान निवासी अकरौली थाना बनियाठेर जिला संभल यूपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, एसएसआई प्रदीप मिश्रा, एसआई विपुल जोशी, हेड कांस्टेबल रणजीत प्रसाद, कांस्टेबल प्रेम सिंह कनवाल, गिरीश मठपाल, सुरेन्द्र सिंह, एसपीओ राहुल, माजिद, विक्की शामिल रहे।


कोतवाली में गिरफ्तार आरोपियों व पुलिस टीम के साथ खुलासा करते एसपी व सीओ।

### चोरी से पहले शहर में आकर करते थे रेकी

**काशीपुर।** कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए उस शहर में दो दिन पूर्व ही पहुंच जाते थे और फिर शहर में रेकी कर बंद पड़े घरों पर को ढूंढते थे। काशीपुर में हुई घटना में भी दोनों दो दिन पूर्व ही शहर में आ गये थे और एक होटल में कमरा लेकर रह रहे थे। ये शातिर चोर वह घर से सिर्फ जेवरात, नगदी आदि ही चुराते थे, जिसे वह जेब व कपड़ों में आसानी से छिपा सकें।

### दोनों पर विभिन्न राज्यों में दर्ज हैं 20 से अधिक मुकदमे

**काशीपुर।** कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि दोनों आरोपी किसी केस में एक ही जेल में बंद थे। जहां दोनों के बीच दोस्ती हो गई। जिसके बाद उन्होंने चोरी की योजना बना ली और बाहर निकलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगे। इस दौरान उन्होंने अपना एक गैंग भी बना लिया। जिसमें 15 से 20 लोगों को शामिल किया था। दोनों आरोपी चोरी के मामले में दिल्ली, गाजियाबाद, जयपुर, बैंगलोर, अजमेर, लखनऊ, मुरादाबाद, हल्द्वानी आदि स्थानों से जेल जा चुके हैं। वही दोनों पर 20 से अधिक मुकदमे दर्ज है। जिसमें नसीम सैफी पर आठ और कामिल पर 12 मुकदमे दर्ज हैं।

## उत्तराखंड की सबसे बड़ी कांवड़ को बाली ने किया रवाना

**काशीपुर।** उत्तराखंड की सबसे बड़ी शिव कांवड़ को भाजपा नेता दीपक बाली ने पूजा अर्चना के बाद हरिद्वार के लिए रवाना किया। यह कांवड़ सात मार्च को नगर में पहुंचेगी और पहली बार यह नगर से होते हुए मोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी।

पिछले कई वर्षों से नगर के मोहल्ला कटरा मालियान से उत्तराखंड की सबसे बड़ी कांवड़ लेकर काशीपुर के शिवभक्त शिवरात्रि के अवसर पर हरिद्वार गंगा जल लेने जाते हैं। इस बार भी यह कांवड़ करीब ढाई क्विंटल की है जिसे एक साथ 12 शिव भक्त उठाएंगे। शिव भक्तों के महंत भानु कश्यप, सनी कश्यप, सागर कश्यप, शिवम कश्यप, उदित कश्यप, अजय तोमर, जोनी तोमर ने बताया कि इस कांवड़ को लाने वाले शिव भक्तों के जत्थे में 40 शिव भक्त शामिल हैं जो बारी-बारी से कांवड़ को लेकर आएंगे। कांवड़ को भव्य ढंग से सजाया गया है। वहां पर सुनील टंडन, रचिन गुप्ता, सचिन गुप्ता, संजीवनी हॉस्पिटल के एमडी एचआर मुकेश चावला, पूर्व पार्षद राधेश्याम प्रजापति, योगेश जोशी, बिट्टू राणा, अमित सक्सेना, अमिताभ सक्सेना एडवोकेट, पवित्र शर्मा, महेंद्र खुराना, कृष्ण कुमार, कैलाश प्रजापति एडवोकेट, राजकुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# सरकार के खिलाफ कमर कस चुकी है कांग्रेस पार्टी



काशीपुर में नारी न्याय सम्मेलन को संबोधित करती महिला कांग्रेस पदाधिकारी।

संवाददाता, काशीपुर

नारी न्याय सम्मेलन
- खड़कपुर देवीपुरा में आयोजित हुआ नारी न्याय सम्मेलन
- भाजपा शासन में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ने का आरोप

**अमृत विचारः** महानगर महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में विशाल नारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

गुरुवार को खड़कपुर देवीपुरा में आयोजित सम्मेलन में उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि पूरे देश में आज नारी न्याय सम्मेलन के माध्यम से महिलाओं में जागरूकता का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार और शोषण के खिलाफ महिला कांग्रेस भाजपा सरकार के खिलाफ कमर कस चुकी है। मणिपुर की घटना हो, उत्तराखंड की अंकिता भंडारी केस हो या फिर जंतर-मंतर पर बैठने वाली महिला पहलवानों के शोषण की बात हो, भाजपा सरकार की हर मामले में खामोशी चोर की दाढ़ी में तिनका बताती है। महानगर अध्यक्ष पूजा सिंह ने बताया कि नारी न्याय सम्मेलन के माध्यम से महिलाओं के अंदर स्वाभिमान की भावना पैदा की जा रही है। सम्मेलन में उमा वात्सल, अचिता शर्मा, कुमकुम सक्सेना, शमा कुरैशी, रंजना गुप्ता, सुजाता शर्मा, वंदना डोभाल, आशा शर्मा, राज बत्रा आदि मौजूद रहे।

# सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

चौपाल
- सेमलपुरी में ग्राम चौपाल का आयोजन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** गांव चलो अभियान के तहत बुक्सा जनजाति क्षेत्र सेमलपुरी में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

गुरुवार को विधानसभा बाजपुर के ग्राम गुलजारपुर के बुक्सा जनजाति बाहुल्य क्षेत्र सेमलपुरी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता राजेश कुमार ने प्रधानमंत्री आवास पर विस्तृत चर्चा कर केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी कार्यों को बताया। कुमार ने कहा कि जनजाति समाज का हर कच्चा घर पक्का होगा। सेमलपुरी में 17 आवास भी तत्काल स्वीकृत हुए हैं। जिसकी प्रथम किस्त भी 15 दिन पहले 90 हजार रुपए के रूप में आ चुकी है। दूसरी किस्त का जिओ टेग होकर और पैसा भी लाभार्थियों के खाते में आने वाला है। जनजाति परिवार के लोग जो गरीबी रेखा के नीचे हैं, उनके लिए अतिरिक्त बीपीएल व अंत्योदय कार्डों का भी सत्यापन हो रहा है। हर जरूरतमंद को उसकी आर्थिक स्थिति के हिसाब से कार्डों का वितरण किया जाएगा। इस दौरान लोगों ने अपनी समस्या भी रखी। वहां पर प्रधान रिंकू सिंह, गुलजारपुर प्रधान मेहतावन सुबेक सिंह, नरेश सिंह, सोमपाल, लखन, पान सिंह, जगत सिंह आदि रहे।


काशीपुर में ग्रामीणों को जानकारी देते भाजपा नेता राजेश कुमार। ● अमृत विचार

## कांच की बोतल सिर पर मार किया लहूलुहान

**काशीपुर।** पर्वतीय कॉलोनी निकट रूद्राक्ष गार्डन निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 फरवरी की शाम उनका पुत्र आदित्य कुमार अपने मित्र प्रियांशु यादव के जन्मदिन पर उसके घर राजपुरम कालोनी मानपुर रोड पर गया था। देर शाम में लौटते समय उसके मित्र के घर के बाहर वहीं के निवासी बृजराज, मनोज, प्रमोद रितिक व मनोज ने उसके पुत्र के साथ मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने उनके पुत्र को जान से मारने की नीयत से कांच की बोतल उसके सिर पर मार दी। जिससे वह लहूलुहान हो गया। शोर मचाने पर प्रियांशु के पिता सतीश यादव व अन्य लोगों के इकट्ठा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को रहें तैयार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी चौकी प्रभारियों व कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षकों के साथ कोतवाल नरेश चौहान ने बैठक की। उन्होंने चुनाव शांतिपूर्ण करवाने के लिए अपने-अपने क्षेत्र में जरूरी कार्यों को तत्परता से निपटाने के निर्देश दिए गए।

कोतवाल नरेश चौहान ने कोतवाली परिसर में उपनिरीक्षकों के साथ बैठक लेकर सभी को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी अपने-अपने क्षेत्र में पूरी तरह से सक्रिय हो जाएं और उनके पास आने वाली आम जन शिकायतों खासकर चुनाव से संबंधी मामलों को गंभीरता से लेते हुए तत्परता से निपटाएं। उन्होंने कहा कि लाइसेंसी हथियारों के सत्यापन का कार्य तेजी से पूर्ण करें और जो लाइसेंस धारक सत्यापन नहीं करा रहे हैं उन पर कड़ी कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को लिखें। कहा कि चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ी की आशंका वाले अवांछनीय तत्वों को चिह्नित कर विधि-सम्मत कारवाई करें। साथ ही अवैध शराब पर अंकुश लगाने, चुनाव को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने, बार्डर क्षेत्र में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने, अपराधियों पर निगरानी रखने आदि निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर एसएसआई जसवीर सिंह चौहान, बन्नाखेड़ा चौकी प्रभारी विक्रम सिंह धामी, बरहैनी चौकी प्रभारी गोविंद सिंह मेहता, सुल्तानपुर पट्टी चौकी प्रभारी अर्जुन गिरि गोस्वामी, दोराहा चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी


बाजपुर कोतवाली में उपनिरीक्षकों के साथ बैठक लेकर दिशा-निर्देश देते कोतवाल नरेश चौहान। ● अमृत विचार


काशीपुर में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये

**काशीपुर।** इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड (आईजीएल) के राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम व वसुधैव समिति के सहयोग से आयोजित निशुल्क प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। गुरुवार को राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम में आयोजित कार्यक्रम का आईजीएल के अधिशासी निदेशक आलोक सिंघल, सहायक महाप्रबंधक (प्रशासन) विक्रांत चौधरी व एनजीओ पदाधिकारियों ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। बताया कि 50 अभ्यर्थियों को ब्यूटीशियन व 50 को बेसिक कंप्यूटर कोर्स का प्रशिक्षण दिया गया। जिसका पूरा खर्च आईजीएल सीएसआर फंड से किया गया। यहां मुख्य मानव संसाधन अधिकारी राकेश कुमार, एनएसआईसी केंद्र प्रभारी पुनीत कुमार, एनजीओ के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत सिंह, प्रबंधक लाइजिनिंग आरसी उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश में मजबूत हो रही सपाः पोखरियाल

सम्मेलन
- समाजवादी पार्टी का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन
- प्रदेश में जगह-जगह कार्यालय खोले गए हैं, जुड़ रहे लोग

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** सपा के प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश को ठगने का काम किया है। प्रदेश को भ्रष्टाचार की मिनी प्रयोगशाला बना दिया है। उन्होंने कहा कि सपा चमोली, पिथौरागढ़, धारचूला एवं प्रदेश में मजबूत हो रही है। जगह-जगह कार्यालय खोले गए हैं और लोग सपा से जुड़ रहे हैं।

बुधवार देर शाम समाजवादी पार्टी का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन जसपुर खुर्द रोड स्थित साहनी रिसोर्ट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा के प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल का पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा उत्तराखंड के शाहिद हुसैन मंसूरी के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया गया। इस दौरान सपा के प्रदेश अध्यक्ष पोखरियाल द्वारा शाहिद हुसैन मंसूरी को प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा का नियुक्ति पत्र सौंपा। कार्यक्रम में कई युवाओं को भी विभिन्न पदों पर नियुक्ति पत्र सौंपा गया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में सपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की विकास परख सोच को जन-जन तक पहुंचा रहा है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने के लिए पार्टी के सिपाही लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा की प्रदेश की लोकसभा चुनाव में सपा मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव हनीफ गांधी नी की। जबकि संचालन नदीम अख्तर, संजय सिंह एवं यामीन मंसूरी ने किया। वहां पर प्रदेश सचिव डॉ. जमील अहमद मंसूरी, सपा जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा, अली अनवर, राशिद अली अंसारी, दानिश चौधरी, ओशियान सिंह यादव, नदीम अख्तर, अफसार खान, डॉ. बासिफ अंसारी, अतिक हुसैन सलमानी, कासिम चौधरी, दानिश चौधरी, अरविन्द यादव आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में प्रदेश अध्यक्ष के साथ पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# डेवलपमेंट ऑफ नेचुरल प्रोडक्ट की दी जानकारी

संवाददाता, काशीपुर

संगोष्ठी
- पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में संगोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में कई देशों के विशेषज्ञों ने अपने-अपने विचार रखे।

गुरुवार को खोखरा ताल रोड स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ फार्मेसी संस्थान में ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का विषय ट्रांसफॉर्मिंग ड्रग एंड न्यूट्रास्यूटिकल रिसर्च विद एडवांस्ड कंप्यूटेशनल टूल्स, इंक्लूडिंग मशीन लर्निंग नेटवर्क फार्मोकोलॉजी, मॉलिक्यूलर डॉकिंग, मॉलिक्यूलर डायनामिक्स एंड डीप लर्निंग रहा। इस संगोष्ठी में मलेशिया के प्रो. डॉ. यूएस महादेवा ने रोल ऑफ मशीन लर्निंग, इंडोनेशिया के प्रो. जुबैर एवं प्रो. नजीब ने डेवलपमेंट ऑफ नेचुरल प्रोडक्ट, रिवोल्यूशन ड्रग डिस्कवरी, मलेशिया के डॉ. हक ने पोटेंशियल एंटी डेंगू एजेंट, जापान के डॉ. विली ने डी नोवो लीगंड, जर्मनी के डॉ. रेस्टुआन ने जानकारी दी। इस मौके पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान, चेयरमैन गोपाल सिंह चौहा, निदेशक डॉ. कपिल चौहान आदि रहे। संगोष्ठी का संचालन डॉ. कीर्ति सिंह, कॉर्डिनेशन मनीष और हिमांशु लोहनी ने किया।

मुलाकात

## भारत सरकार के प्रयासों से कनाडा से स्वदेश लौटे हैं करणवीर, केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट ने वीडियो कॉल से की बात

# शहीद भगत सिंह के प्रपौत्र करणवीर की कुशलक्षेम पूछी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** भारत सरकार के प्रयासों के बाद कनाडा से स्वदेश लौटे शहीद-ए आजम भगत सिंह के प्रपौत्र करणवीर से मिलने उनके घर पहुंचे भाजपाइयों ने उनकी कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान परिवार ने भी भारत सरकार के साथ ही अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा, सांसद अजय भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा आदि का आभार जताया।

वर्ष 2018 में स्टडी वीजा पर कनाडा गए शहीद-ए आजम भगत सिंह का प्रपौत्र ग्राम पंचायत मडैया हट्टू के अंतर्गत जनता फार्म निवासी करणवीर सिंह पुत्र स्व. अजीतपाल सिंह मानसिक स्थिति सही नहीं होने के कारण कनाडा में ही फंस गए थे। परिवार के तमाम प्रयासों के बाद भी सरकारी अमला करणवीर को भारत लाने में नाकाम साबित हो रहा था। जबकि परिवार ने इस संबंध में अनेक लोगों के सामने गुहार लगाई थी। इस बीच भाई अनमोल सिंह ने भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के सहयोग से दिल्ली में रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट व भारत सरकार के अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा से मुलाकात की। जिसके चलते भारतीय उच्चायोग सहित अनेक स्थानों पर पत्राचार के बाद कनाडा व भारत सरकार की संयुक्त सहमति पर अस्थाई पासपोर्ट से करणवीर को कनाडा के दो अधिकारियों के साथ भारत भेजा गया था। इधर गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं व सिख समाज के लोगों के साथ उनके आवास पर पहुंचे और कुशलक्षेम जानी। इस दौरान केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने भी वीडियो कॉल के जरिये करणवीर व स्वजनों से बात की। इस मौके पर करणवीर सिंह की माता मंजीत कौर, भाई अनमोल सिंह, चाचा विश्वजीत सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उमा जोशी आदि रहे।


बाजपुर में कनाडा से लौटे शहीद-ए आजम भगत सिंह के प्रपौत्र करणवीर सिंह के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा।

# गन्ने की प्रजातियों की जानकारी दी

किसान मेला
- एक दिवसीय किसान मेले का किया आयोजन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** गन्ना अनुसंधान केंद्र में आयोजित किसान मेला व कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने गन्ने की उन्नत व स्वीकृत प्रजातियों व बुआई की जानकारी दी। इस दौरान किसानों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि गन्ने के साथ अन्य फसलों का उचित मूल्य दिया जाये।

बुधवार को शोध निदेशालय, पादप प्रजनन विभाग पंतनगर व गन्ना अनुसंधान केंद्र काशीपुर द्वारा गन्ना किसानों के लिये मेले का आयोजन किया गया। जिसमें वैज्ञानिकों ने गन्ने की उन्नत प्रजातियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि गन्ना विभाग इन प्रजातियों को किसानों को आपूर्ति करे। गन्ना अनुसंधान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने सिंगल बड व ट्रेंच विधि से गन्ना उत्पादन की जानकारी दी। डॉ. आनंद सिंह जीना ने गन्ना प्रजातियों के विकास, उन्नतशील प्रजातियों व उनके महत्व के बारे में बताया। नर्सरी तैयार कर पौधे लगाने की जानकारी दी। साथ ही कीट व रोगों के बारे में भी बताया। इस दौरान 10 से अधिक कृषि से संबंधित उपकरण, दवाओं के स्टाल भी लगाये गये। जिनका अतिथियों के साथ किसानों ने अवलोकन कर जानकारी ली। वहां पर डॉ. सिद्धार्थ कश्यप, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. मुन्ना लाल, ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक राकेश कुमार, प्रगतिशील किसान बलकार सिंह, परविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में मेले में किसानों को जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### नशे के आठ इंजेक्शन के साथ आरोपी दबोचा

**किच्छा।** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश की सीमा पर चेकिंग के दौरान बोरिंग गली, वार्ड नंबर 14, थाना किच्छा निवासी जीशान को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक चाकू तथा नशे के आठ इंजेक्शन बरामद कर लिए। थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है और बरामद इंजेक्शन में अन्य दूसरे इंजेक्शन मिलकर नशे का सेवन करता है। थाना अध्यक्ष भट्ट ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट, कांस्टेबल दीपक बिष्ट, महेंद्र सिंह रहे।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**बाजपुर।** गुरुवार दोपहर बाद करीब ढाई बजे ग्राम बरहैनी निवासी अब्दुल कादिर पुत्र मोहम्मद नूर बरहैनी की ओर से कहीं जा रहा था। इसी बीच बाइक सवार ने उसे चपेट में ले लिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन-फानन में आसपास के लोगों की मदद से उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# एसएसपी ने नशा तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

## कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण, जनता की समस्याएं सुनी, कई का मौके पर निस्तारण

संवाददाता, खटीमा



कोतवाली में आयोजित जनता दरबार में मंचासीन एसएसपी व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कोतवाली में जनता दरबार लगाकर जनता की समस्याएं सुनी और मौके पर निस्तारण का प्रयास किया। जिन समस्याओं का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका उन्हें अपने मातहतों से शीघ्र समाधान करने को कहा। जनता दरबार में जाम और छेत्र में फैल रहे नशे के कारोबार का मुद्दा छाया रहा। इस दौरान उन्होंने कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए अराजक तत्वों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

दोपहर बाद कोतवाली पहुंचे एसएसपी डॉ. मंजूनाथ ने सर्वप्रथम गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और उन्होंने कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण करते हुए, अभिलेखों, मलखाने सहित समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और इनमें और अधिक सुधार लाने को कहा।

उन्होंने कोतवाली परिसर में जनता दरबार लगाकर जनता की समस्याओं को सुना और समस्याओं के निराकरण के लिए थाना प्रभारी और हल्का प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसएसपी टीसी ने कहा कि वह जनपदीय पुलिस की बेसिक पुलिसिंग को मजबूत करने के साथ जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बनाये रखने के लिए प्रयत्नशील बने हुए हैं। उन्होंने कोतवाली, थानों और चौकी प्रभारियों को जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेने और उन्हें तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नशे पर लगातार कार्रवाई करने, नशा तस्करों को जेल भेजने, शराब तस्करी करने वालों पर गुंडा एक्ट कार्रवाई कर जिला बदर की कार्रवाई किए जाने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया। इस दौरान एसएसपी क्राइक मनोज कुमार कत्याल, थाना प्रभारी प्रकाश सिंह दानू, एसएसआई अशोक कुमार, बाजार चौकी प्रभारी संदीप पिलख्वाल, चकरपुर चौकी प्रभारी प्रियांशु जोशी, सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित बिष्ट, एसआई रूबी मौर्य, विजय बोहरा, किशोर पंत, अरूण सक्सेना, दान सिंह राणा, नासिर खान, बबलू सैफी, रेनू भंडारी, कुलवंत सिंह आदि मौजूद थे।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज रोड का निर्माण कार्य शुरू नहीं

**खटीमा।** पॉलिटेक्निक कॉलेज रोड निवासियों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वर्षों से की जा रही मांग के बाद मंजूर होने के बाद भी कार्यदायी संस्था द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने मार्ग निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू करने की मांग की है। उपजिलाधिकारी एवं प्रशासक नगरपालिका रविंद्र सिंह बिष्ट को संबोधित ज्ञापन में कहा है कि पिछले कई वर्षों से मांग के बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज रोड निर्माण की मंजूरी हुई है।

यह भी कहा है कि मंजूरी के एक माह बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने ठेकेदार पर मनमानी का आरोप लगाते हुए मार्ग निर्माण तत्काल शुरू कराने की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में शांति देवी, विमला जोशी, अंकिता, पद्मावती देवी, कीर्ति बल्लभ जोशी, सौरभ गुप्ता, फरियाद, जावेद, जगदीप जोशी, गौरव, राजू, राहुल आदि शामिल रहे।



सत्संग में प्रवचन करते नंगली दरबार मेरठ से आए संत श्री ध्यान प्रेमानंद।

# ईश्वर की भक्ति करने से मिलती है सुख-समृद्धि

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** मनुष्य को सुख-दुःख में अपने परमात्मा का शुकराना करते रहना चाहिए, तभी उस परमात्मा की कृपा प्राप्त हो सकती है। यह विचार श्री नंगली दरबार मेरठ से आए संत श्री ध्यान प्रेमानंद जी महाराज ने व्यक्त किए। ग्राम गणेशपुर की पुलिया के नजदीक स्थित कालोनी में कांता यादव के आवास पर श्री नंगली दरबार मेरठ से पधारे संत श्री ध्यान प्रेमानंद जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि मानव को सदैव अपने परम पिता परमेश्वर की भक्ति में लीन रहना चाहिए। भक्ति करने से मानव को विशेष कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने श्री गुरु महाराज जी का सिमरन करने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

इस मौके पर भजन-कीर्तन भी हुए। यहां संत अलोक प्रेमांनद, अनामिका, सीडी खुराना, ऋतु खुराना, कांता यादव, तुलाराम यादव, ममता खुराना, सुभाष खुराना, अंशुल, करन, अग्रिमा यादव, बलवंत सिंह कंबोज, शिविर, बाला, पूनम, किट्टू, शिवानी, अक्षित, दीक्षांत, दीक्षा आदि रहे।

# दो दिनी पैगाम हक़ कांफ्रेंस आज से, कई मशहूर हस्तियां पहुंचेंगी



खटीमा के मदरसा गौसिया की सालाना पैगाम में हक कॉन्फ्रेंस को लेकर बैठक करते आयोजक। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** मदरसा गौसिया अरबी कॉलेज की 23वीं पैग़ामे हक़ कॉन्फ्रेंस व जश्ने दस्तारबंदी के आयोजन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मौलाना इरफान-उल-हक कादरी ने कहा कि मदरसा की सालाना पैग़ामें हक़ कांफ्रेंस एक और दो मार्च को प्रस्तावित की गई है। उन्होंने कहा कि कॉन्फ्रेंस में देश के मशहूर स्कॉलर, अदीब, शायर और धार्मिक गुरु तशरीफ ला रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से ग्रांड मुफ्ती ऑफ इंडिया मुफ्ती असजद रज़ा खान, बरेली शरीफ तथा खानकाहे वाहिदिया के सज्जादा नशीन सैयद हुसैन मियां, बिलग्राम शरीफ के अतिरिक्त मुफ्ती गुफ़रान मॉरीशस, मुफ्ती अफज़ल-उल क़ादरी साउथ अफ्रीका, मुफ्ती आशिक हुसैन कश्मीरी, मौलाना जाहिद रज़ा रुद्रपुर, मुफ्ती आकिल साहब बरेली शरीफ आदि शामिल हैं। मौलाना कादरी ने कहा कि वॉलिंटियर अपने-अपने काम को बखूबी अंजाम दें। उन्होंने वक्ताओं से सियासत तथा किसी की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा हुआ कोई भी वक्तव्य न देने को कहा गया है। यहां मदरसा गौसिया के मौलाना अमानुल हक़, मौलाना सकलैन मंजरी, मुफ्ती मुहाफिज़ रज़ा मिस्बाही, मुफ्ती अयाज़ मंजरी, हाफिज़ ज़फ़रुददीन अजहरी, हाफिज़ इरशाद अहमद मुशाहिदी, मास्टर खालिद हुसैन, मास्टर चुम्मन खान जनाब मोहम्मद अफ़ज़ल आदि मौजूद थे।

## अज्ञात हाइवा चालक के खिलाफ केस दर्ज

**शातिंपुरी।** स्कूटी को टक्कर मारने के आरोपी हाइवा चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। नगला बाईपास के समीप सुभाषनगर दवाई फॉर्म निवासी अजय माली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 26 फरवरी को उसके पिता जगदीश सिंह माली गोलगेट निवासी अपनी बेटी के घर से जूपिटर स्कूटी से अपने घर सुभाषनगर दवाई फार्म आ रहे थे। तभी शाम 4.45 बजे नगला बाईपास पर किच्छा की ओर से आ रहे हाइवा ने स्कूटी को दक्कर मार दी और लगभग 200 मीटर तक उनकी स्कूटी को घसीटता ले गया। 108 एंबुलेंस से उसके पिता को एसटीएच हल्द्वानी ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी ने बताया कि मामले में अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# भाष्करानंद पांडेय को किया सम्मानित



बाजपुर में भाष्करानंद पांडेय (मध्य में) को सम्मानित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** खंड शिक्षा अधिकारी भाष्करानंद पांडेय के उपशिक्षा निदेशक के पद पर पदोन्नति होने पर बीआरसी नमूना के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

उन्हें अंगवस्त्र प्रदान करने के साथ ही माला पहनाकर बुके व स्मृति चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र सिंह यादव ने किया। इस मौके पर हरमिंदर सिंह बरार, मेजर रणजीत सिंह गिल, कुलवंत सिंह, सीडी खुराना, रणवीर सिंह, जसवंत भारती, दिनेश राठौर, पंकज रस्तोगी, राजेंद्र सक्सेना, छाया भट्ट, ओमप्रकाश, संजीव गुप्ता, विजय, शिवांकित लोचक, सुंदर राम, विपिन यादव, दीपक आर्य, संतोष, हरीश शर्मा, राहुल सिंह, प्रभु दयाल ममगाई, विनीत चौहान, जीवन सिंह बिष्ट, विद्या लोहनी के साथ ही प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, शिक्षक आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### फायरिंग मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**बाजपुर।** बीते 20 फरवरी को ग्राम महोली जंगल में हुई फायरिंग मामले में थाना केलाखेड़ा में दर्ज मुकदमे में फरार एक पक्ष के दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जिन्हें जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं। उनके कब्जे से दो तमंचे भी बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने नीलकंठ अस्पताल हल्द्वानी के पास से 28 फरवरी की देर रात वांछित ग्राम महोली जंगल केलाखेड़ा निवासी गुरविंदर सिंह उर्फ गिंदर पुत्र बुआ सिंह व अजीतपुर थाना आईटीआई हाल मोहाली जंगल थाना केलाखेड़ा निवासी गुरपेज सिंह उर्फ पेजा पुत्र गुरदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 32 बोर व 315 बोर के दो तमंचा बरामद किए हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष केलाखेड़ा ललित मोहन रावल, एसआई देवेंद्र सिंह मेहता, उपनिरीक्षक संजय सिंह बोरा, अपर उपनिरीक्षक मुकेश चंद्र, नागेंद्र राठी, महेंद्र सिंह आदि रहे।

### शिविर में 350 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



काशीपुर में स्वास्थ्य शिविर में जांच कराने पहुंचे लोग।

**काशीपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशीपुर सेवा भारती द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 350 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरित की गई। बृहस्पतिवार को दुर्गा कॉलोनी में वार्ड नंबर दो में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशीपुर सेवा भारती द्वारा एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय के डॉ. कंवलजीत सिंह व प्राइम हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा 350 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरित की गई। शिविर में विभाग सेवा प्रमुख अरविंद राव, सह नगर कार्यवाहक सुरेंद्र कोठारी, आदित्य कुमार, लाल सिंह नेगी, संजय, गोपाल दत्त, विपिन शर्मा, सोनू आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने सभी से मतदान करने की अपील की



कौष्तुभ मिश्रा।

**किच्छा।** उप जिलाधिकारी एवं किच्छा विधानसभा के एआरओ कौस्तुभ मिश्रा ने मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लेते हुए लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाने की अपील की है। एसडीएम मिश्रा ने नये मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अवश्य मतदान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों पर बुजुर्गों एवं दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं तथा ऐसे मतदाताओं को मतदान के दौरान पूर्ण रूप से सुविधा प्रदान की जाएगी।

### लाभार्थियों से सम्पर्क करने की योजना बनाई



खटीमा में भाजपा झनकट मंडल की बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता।

**खटीमा।** मिशन 2024 को लेकर नानकमत्ता विधानसभा के झनकट मडंल के कार्यकर्ताओं की बैठक सिद्धेश्वर शिव मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में लाभार्थियों से सम्पर्क करने की योजना बनाई गई। जिसमें बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक, मंडल कार्यकारिणी और मोर्चा के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक मे विमला विष्ट, विधानसभा प्रभारी हिमांशु विष्ट, भुवन जोशी, जानकी पाण्डेय, महेश राणा, मनोज राणा, शिवशंकर भाटिया, मोहित जोशी, प्रकाश शर्मा, अंजू देवी, गौरव नेगी, राजनाथ मोर्या, लाल सिंह नेगी, हीरा बोरा, प्रेमा महर, राजेन्द्र विष्ट, चन्द्रकान्त जोशी, ध्यान सिंह चुफाल, विमला धामी, दीपक भट्ट, किशन मेहरा आदि थे।

### नवनिर्मित सौभाग्य पैलेस का शुभारंभ

**खटीमा।** पहेनियां में बन रहे रोडवेज बस स्टेशन के सामने पानी की टंकी के पास नवनिर्मित सौभाग्य पैलेस का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रचारक संजय ने नारियल तोड़कर और फीता काटकर किया। पैलेस के स्वामी सुधीर बंसल ने कहा कि वह क्षेत्र वासियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराएंगे। इस अवसर पर विहिप के पौड़ी विभाग प्रचारक पारस, मुन्ना सिंह नेगी, रमेश चंद्र जोशी, रंदीप पोखरिया, गणेश तिवारी, कविंद्र कफलिया हनुमान बिष्ट, राम प्रताप, राकेश गुप्ता, सुधीर गुप्ता, किशन सिंह बिष्ट आदि थे।

### मातृत्व एवं शिशु दर में सुधार की दी जानकारी

**रुद्रपुर :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित आरएमएनसीएचए का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया है। अंतिम दिन सीएमओ ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कुमाऊं मंडल के 27 परामर्शदाताओं ने प्रशिक्षण लिया। इसमें मातृत्व एवं शिशु दर में सुधार करने, गर्भावस्था से ही सावधानियां बरतने आदि के बारे में मास्टर ट्रेनर डॉ. सिद्धार्थ, डॉ.दर्शन गहरा, डॉ. अभिलाषा पांडे, डॉ. आजाद सिंह एवं जिला समन्वयक प्रदीप मेहर ने प्रशिक्षण दिया। वहीं सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने योजनाओं का लाभ जनमानस को देने की अपील की।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स का कार्य बहिष्कार जारी



खटीमा में धरने पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन ने बैनर तले कार्यकत्रियों द्वारा कार्य बहिष्कार कर दिया जा रहा धरना बुधवार को 10वें दिन भी जारी रहा। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में धरना देते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कहा कि वह पिछले लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर उच्च अधिकारियों तक पहुंचा रही हैं लेकिन कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। बता दें कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां 600 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय 18 हजार रुपए मासिक करने, 15 वर्ष की सेवा पूरी होने पर प्रति वर्ष मानदेय बढ़ाने आदि मांगों को लेकर आंदोलित हैं।

## चोरी के माल के साथ आरोपी दबोचा

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना पुलिस ने बीते दिनों हुई चोरी का खुलासा करते हुए चोरी के माल सहित एक आरोपी को दबोच लिया।

पुलभट्टा थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट ने बताया कि वार्ड नंबर चार, बंडिया, थाना किच्छा निवासी रफीक अहमद पुत्र सगीर अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ट्रांसपोर्ट नगर पुलभट्टा में उसकी लक्की बॉडी मेकर के नाम से वार्ड 4, किच्छा निवासी पार्टनर अबरार अहमद पुत्र अब्दुल रशीद के साथ पार्टनरशिप में दुकान है। दुकान पर बड़े वाहनों की बॉडी बनाने का काम होता है। रफीक ने बताया कि विगत दिवस चोर ने दुकान से तमाम पार्ट्स चोरी कर लिए। इस पर पुलिस टीम ने वार्ड नंबर 19, थाना पुलभट्टा निवासी आरोपी अखिलेश शर्मा को चोरी के माल के साथ दबोच लिया।

# एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, गदरपुर



गदरपुर में प्रदर्शन करते एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ताओं ने यहां मुख्य मार्ग पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों से अवैध रूप से आकर उत्तराखंड में रह रहे लोगों के फर्जी राशन कार्ड व आधार कार्ड बनाने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

गुरुवार को एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता मुख्य बाजार हजारी लाल पेट्रोल पंप पर एकत्र हुए। इस दौरान डॉ. आरके महाजन ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर, नैनीताल तथा पिथौरागढ़ में प्रदेश से बाहर के लोग बड़ी संख्या में आकर अवैध रूप से बस रहे हैं। जिनसे देवभूमि का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और प्रदेश में कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही है। महाजन ने इस पर रोक न लगाने पर पूरे प्रदेश में धरना- प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। प्रदर्शन करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आर के महाजन, शंकर शर्मा, हरचरण सिंह, गोपाल कश्यप, राजकुमार नैयर, अमित ढींगरा, संदीप सिंह, अभय दिवाकर, मुकेश फोगाट, सुमित शर्मा, अंकुर कुमार, सागर, कुंवर सिंह रहे।

# दौड़ में मनीष व प्रियांशी अव्वल

संवाददाता, गदरपुर



गदरपुर एसआईटी कॉलेज में दमखम दिखाते खिलाड़ी।

**अमृत विचार :** एसआईएमटी कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक आंतरिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्रिकेट बैडमिंटन, वॉलीबॉल, शॉट पुट, खो खो, रेस आदि खेलों का प्रदर्शन किया गया।

गुरुवार को सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज में तीन दिवसीय आंतरिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान के वाइस चेयरमैन विशाल गर्ग ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है। साथ ही छुपी प्रतिभाएं सामने आती हैं। खेलों के प्रथम दिन दौड़, बैडमिंटन तथा शॉट पुट आदि खेलों का प्रदर्शन किया गया। दौड़ में बीसीए के छात्र मनीष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला दौड़ में बीकॉम ऑनर्स की छात्रा हिमानी प्रथम रहीं।

चेस महिला वर्ग में बीसीए की छात्रा प्रियांशी चौहान प्रथम रही। इसके अलावा बैडमिंटन शॉट पुट खेलों का भी प्रदर्शन किया इसका फाइनल 1 मार्च को खेला जाएगा। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन हरिओम कुमार गर्ग, सुरेंद्र कुमार गांधी, विशाल गर्ग, संस्थान के निदेशक एमके शर्मा, बीएड कॉलेज के प्रिंसिपल एस के त्रिपाठी, पूजा जौहरी, मलकीत सिंह, सौरभ शर्मा, सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## क्लब के सदस्यों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**काशीपुर।** किसान विकास क्लब के सदस्यों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें किसानों की समस्या के निराकरण की मांग की। गुरुवार को किसान विकास क्लब के अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला और एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें ऐसी वर्ग 4 की भूमि जिस पर किसानों का कब्जा वर्ष 1983 या इससे पूर्व का है, जोकि आज मौजूदा फसली में वर्ग- 1(ख) की भूमि में दर्ज है, उसको शीघ्र ही भूमिधर के अधिकार दिए जाने की मांग की। इस दौरान हरि प्रकाश शर्मा, रवि कुमार सिंह, देवी सिंह यादव, सुभाष चौधरी, सतपाल सिंह चौधरी, राजवीर मिश्रा, सत्यम शर्मा, रमेश सपरा, भीम सिंह, हरि सिंह, उपेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नशे की रोकथाम के लिए दिलाई शपथ

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** यहां राजकीय महाविद्यालय में नशे के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं सहित तमाम अन्य लोगों ने सामूहिक रूप से नशे की रोकथाम के लिए शपथ ग्रहण की।

राजकीय महाविद्यालय में आईक्यूएसी करियर काउंसलिंग सेल एवं नशा मुक्ति प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में गोष्ठी आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. राजीव रतन ने कहा कि अपराध मुक्त एवं स्वस्थ समाज का निर्माण ही शिक्षा का उद्देश्य है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कोतवाली की महिला हेल्पलाइन प्रभारी नीलम मेहरा ने महिला अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानूनों से अवगत कराया। जिला चिकित्सालय रुद्रपुर के परामर्शदाता संजय रावत व टीम सदस्य माया पोखरियाल, संतोष चंदोला ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में नशा मुक्ति प्रकोष्ठ के अधिकारी डॉ. उमराव सिंह, डॉ. प्रकाश चंद भट्ट, नरेश कुमार, डॉ. हर्षित तिवारी, डॉ. किरण बाला, कपिल कुमार, शुभम, लवली पांडे, आनंद कुमार रहे।

हिंसाबलमसाधूनां राज्ञा दण्डविधिर्बलम्।
शुश्रुषा तु बलं स्त्रीणां क्षमा गुणवतां बलम्॥

हिंसा दुष्ट लोगों का बल है, दंडित करना राजा का बल है, सेवा करना स्त्रियों का बल है और क्षमाशीलता गुणवानों का बल है।

## संपादकीय

# संदेशखाली और राजनीति

पश्चिम बंगाल की राजनीति में संदेशखाली का विवाद राष्ट्रीय आक्रोश का मुद्दा बना हुआ है। पिछले पखवाड़े तृणमूल कांग्रेस सरकार को संदेशखाली में हुई घटनाओं से असंवेदनशील तरीके से निपटने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। तृणमूल कांग्रेस भाजपा पर मामले को तूल देने के आरोप लगाती रही है, वहीं भाजपा अपराधियों को बचाने के आरोप सत्तारूढ़ दल पर लगा रही है। दरअसल एक अनाज घोटाले में ईडी की कार्रवाई पर टीएमसी कार्यकर्ताओं के प्रतिरोध और उसके बाद ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद संदेशखाली में नए-नए खुलासे होते रहे हैं। हिंसा व दबंगई के लिए कुख्यात इलाके में दबंग राजनेताओं द्वारा जमीन कब्जाने और आदिवासी महिलाओं के शोषण के मामले उजागर हुए। 8 फरवरी से स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाहजहां शेख और उसके लोग महिलाओं का यौन शोषण करते थे। आखिरकार संदेशखाली कांड के मुख्य आरोपी शेख शाहजहां को 55 दिन बाद बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके करीबी अमीर अली गाजी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

टीएमसी की ओर से शुरूआत में यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि शाहजहां सामाजिक कार्यकर्ता था जिसे प्रवर्तन निदेशालय और भाजपा द्वारा गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा था। मुख्यमंत्री के वफादारों ने जोर देकर कहा कि टीएमसी नेताओं के चरित्र पर कोई दाग नहीं है। यहां तक कि छेड़छाड़ और बलात्कार के आरोप लगाने वालों से वीडियोग्राफिक सबूत पेश करने को कहा गया। मांग की गई कि शाहजहां और उसके गुर्गों के खिलाफ आरोप लगाने वाली महिलाएं अपना चेहरा दिखाएं ताकि साबित हो सके कि वे स्थानीय थीं, बाहरी नहीं। लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, यह स्वाभाविक है कि ममता बनर्जी अपना ध्यान संदेशखाली से और विशेष रूप से स्थानीय टीएमसी नेताओं द्वारा महिलाओं के शोषण से, वह भी पार्टी कार्यालय के अंदर से हटाना चाहेंगी। संदेशखाली के प्रतिकूल प्रभावों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री जवाबी कार्रवाई के अपने आजमाए और परखे हुए तरीकों पर भरोसा करती नजर आ रही हैं। सबसे पहले, उन्होंने लक्ष्मीर भंडार योजना के तहत महिलाओं को भुगतान दोगुना करने सहित कई अतिरिक्त कल्याणकारी लाभों की घोषणा की। राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों का फलना-फूलना किसी भी समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही है। जबकि संगीन अपराध के मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय वास्तविक अपराधियों को दंडित कराना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय दिलाने में तत्परता दिखानी चाहिए।

# गंगा नदी का अस्तित्व खतरे में


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मार्च 2023 में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 94 जगहों से गंगा जल की जांच कराई थी जिसमें पाया गया कि अधिकांश स्थानों पर गंगा का पानी पीने योग्य क्या, नहाने लायक भी नहीं रह गया है। शहर के सीवरेज ने गंगा जल की ऐसी दुर्दशा कर दी है कि गंगा के पानी को फिल्टर तक नहीं किया जा सकता है। पिछले दो वर्षों में पटना के घाटों पर गंगा जल का प्रदूषण 10 गुना अधिक हो गया है। पानी के प्रदूषण, घटते जल स्तर, निरंतर कम होते नदी पाट, सिल्टों के जमाव से नदी सिमट रही है। स्वाभाविक रूप से गंगा नदी धीरे-धीरे मृतप्राय होने की स्थिति में आ रही है।

आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है। लगभग दो दशकों से गर्मियों के सीजन में गंगा के पानी के स्तर में निरंतर कमी देखी जा रही है। मई महीने में प्रयागराज के पास फाफामऊ में गंगा के पानी का स्तर इतना कम हो जाता है कि लोग इसे आसानी से पैदल ही पार कर सकते थे।

वर्ष 1999 से 2013 के बीच गर्मी के सीजन में गंगा के पानी में प्रत्येक साल 0.5 से 38.1 सेमी तक की कमी दर्ज की गई है। शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि अगले तीस वर्षों तक गंगा में भूजल का हिस्सा लगातार घटता रहेगा। यह सिलसिला जारी रहने की स्थिति में नदी के पर्यावरण पर तो बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ही, गंगा की घाटी में रहने वालों के सामने भोजन का गंभीर संकट भी पैदा हो सकता है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने वर्ष 1958 से लेकर वर्ष 1972 के बीच गंगा बेसिन की गुप्त तरीके से लगभग आठ हजार सैटेलाइट तस्वीरें ली थीं, जो वर्ष 2018 में पब्लिक की गई। उस समय की तस्वीरों के साथ आज के तस्वीरों के विश्लेषण से पता चलता है कि गंगा नदी ने अपना रंग, रूप और रास्ता अनेक स्थानों पर बदल लिया है। गंगा के बड़े- बड़े और चौड़े बहाव क्षेत्र अब पतली शाखाओं में बदल गए हैं। वर्ष 1965 में हरिद्वार में गंगा नदी

आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है।

की मुख्य धारा की लंबाई 3.63 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 6.67 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन नदी का बहाव रोकने वाला किनारा 17.85 वर्ग किलोमीटर से घटकर 7.07 वर्ग किलोमीटर हो गया है। 1965 में बिजनौर में गंगा नदी की मुख्य धारा की लंबाई 15 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 19 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है। कानपुर में गंगा नदी की लंबाई 1965 में 15.5 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 17.63 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन कछार का इलाका तेजी से घट गया है। यह 20.62 वर्ग किलोमीटर से घटकर 4.98 वर्ग किलोमीटर हो चुका है। 1976 में प्रयागराज में नदी का कुल क्षेत्रफल 43.88 वर्ग किलोमीटर था, जो अब घटकर 19.02 वर्ग किलोमीटर हो गया है। भागलपुर में गंगा नदी की कई शाखाएं थीं, लेकिन मुख्य धारा काफी ज्यादा चौड़ा है। यहां पर मुख्य धारा की लंबाई 40 वर्ग किलोमीटर थी, जो बढ़कर 45 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है यानी चौड़ाई कम होती जा रही है, नदी की लंबाई बढ़ती जा रही है। फरक्का में नदी की मुख्य धारा की लंबाई में काफी ज्यादा अंतर आया है। यह पहले 43.34 वर्ग किलोमीटर था, जो अब बढ़कर 56.85 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड के अनुसार गंगा में डॉल्फिन की संख्या 1980 के दशक के 5,000 से घट कर अब 1,800 पर आ पहुंची है। शुद्ध गंगा नदी के पानी की कमी घनी आबादी वाले उत्तरी भारतीय मैदानों की घरेलू जल आपूर्ति, सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकताओं, नदी परिवहन, पारिस्थितिकी आदि को खतरे में डाल सकती है। नदी के पानी में कमी का खाद्य उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जो इस क्षेत्र में रहने वाली 100 मिलियन से अधिक आबादी के लिए खतरे का संकेत है। नदी का जल स्तर इस तरह घट रहा है कि हाल में गंगा नदी शुरू की गई क्रूज सेवा एक जगह कम पानी होने के कारण तथा सिल्ट होने के कारण कई दिनों तक एक ही जगह खड़ी रही। रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी में गंगा नदी घाट से लगभग सात से दस फीट अंदर की ओर खिसक गई है। यहां गंगाजल का स्तर पूर्व से लगभग छह फीट नीचे गिर गया है। जाहिर है आज गंगा गंभीर संकट से गुजर रही है।

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है। गंगा को इस विकट स्थिति में पहुंचाने के पीछे शहरों के सीवरों का गंदा पानी, प्लास्टिक थैलियों का निस्तारण, उद्योगों से निकला रासायनिक कचरा, डैम और बैराज का निर्माण, लाशों को जलाना आदि जिम्मेदार है। हिमालय में चीन द्वारा निर्मित विभिन्न डैम परियोजनाओं का असर भी गंगा के जल स्तर पर पड़ रहा है। हिमालयी क्षेत्र में अनियंत्रित और अनियोजित विकास जिम्मेदार है। गंगा प्रदूषण से जैव विविधता पर खतरा उत्पन्न हो गया है जिससे कई जलीय जीव और पर्यावरणीय पदार्थों का अस्तित्व ही समाप्ति के कगार पर है। हरिद्वार में गंगा नदी से पत्थरों को निर्माण कार्य के लिए अवैध रूप से निकाला जा रहा है जिससे गंगा के तटबंधों को नुकसान हो रहा है। पर्यावरण को हो रही क्षति का आंकलन किए बिना उत्तरकाशी, अलखनंदा और भागीरथी नदी पर अनियोजित डैम के निर्माण से गंगा का प्राकृतिक प्रवाह प्रभावित हो रहा है।

कोलकाता में लगभग 26 सीवरों का पानी बिना शोधित हुए गंगा में प्रवाहित हो रहा है। बिहार के भागलपुर में सिंचाई बैराज और प्रदूषण ने गंगा के इको सिस्टम प्रभावित कर दिया है। नदी किनारे स्थित शहरों के सीवर से निकला गंदा पानी नदी को सबसे ज्यादा प्रदूषित कर रहा है। गंगा नदी की सफाई के लिए वर्ष 1985 में पंद्रह वर्षीय गंगा एक्शन प्लान को वाराणसी में लांच किया गया था जिसमें वर्ष 2000 तक गंगा को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त करने का लक्ष्य था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार गंगा एक्शन प्लान के अंतर्गत अब तक 36 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन 38 वर्ष के बाद भी गंगा को प्रदूषण की समस्या से छुटकारा नहीं मिला है। निश्चित रूप से इसके लिए सरकारों की दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव ही जिम्मेदार है। वर्ष 2009 में बनी नेशनल गंगा रीवर बेसीन अथारिटी का लक्ष्य था कि वर्ष 2020 तक गंगा को प्रदूषण मुक्त कर इसे संरक्षित करना। मिशन क्लीन गंगा प्रोग्राम के पहले चरण में शहरों में घरों और उद्योगों से निकलने वाले गंदे पानी और कचरे को साफ करने पर ध्यान दिया जाना था।

गंगा के प्रदूषण में लगभग 35 प्रतिशत जिम्मेदार राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के सीवरों की निगरानी की जानी थी। गंगा संरक्षण के लिए गंगा नॉलेज सेंटर का गठन किया गया। परंतु 38 वर्षों के प्रयास के बाद भी गंगा में बिना किसी ट्रीटमेंट के 60 प्रतिशत सीवेज की निकासी जारी है। गंगा की स्वच्छता संबंधी पीएम की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय गंगा परिषद भी लगभग निष्क्रिय हो गई है। नमामि गंगे योजना का उद्देश्य गंगा के बिगड़े रंग-रूप को बदलना और प्रदूषण पर रोक लगाना था। वर्ष 2014-15 से लेकर 2020-2021 तक इस नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 30 हजार करोड़ रुपए खर्च कर दिया गया, परंतु स्थिति में बहुत सुधार नहीं हो पाया है।

नदियों के पुनर्जीवित करने का सबसे बड़ा उदाहरण टेम्स नदी है, जो वर्ष 1950 तक पूरी तरह सीवर में बदल गई थी। इसमें ऑक्सीजन की मात्रा लगभग समाप्त हो गई थी जिससे जलीय जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा था। गंभीरता को देखते हुए ब्रिटिश सरकार ने वर्ष 1964 में नदी सफाई अभियान चलाया। इस अभियान को सफलता पूर्वक 1970 के दशक के मध्य तक पूरा कर लिया गया। यदि टेम्स नदी को प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है तो कोई कारण नहीं कि गंगा को स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता है, बस राजनैतिक इच्छाशक्ति एवं सामाजिक सोच बदलने की आवश्यकता है।

## प्रसंगवश

# सामाजिक विवेक और चेतना


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज शब्द सम+अज, सामंजस्य से बना है। समाज शब्द में साथ रहने का भाव निहित है। पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीलता, सामंजस्य आदि का भाव। सभी दिशाओं में समान गतिशीलता। समाज में स्वभाव से ही लोग समता के भाव से परस्पर जुड़े हुए होते हैं। पारस्परिकता तभी दृढ़ हो सकती है, जब समानता का भाव हो। समानता का भाव ही न्याय का आधार है, न्याय न हो तो समाज बिखर जाएगा। न्याय से ही समाज में संतुलन बना रहता है। सामाजिक विवेक और सामंजस्य चेतना न हो तो समाज जीवित रह सकता है? भयावह स्थितियों में भी सामंजस्य और समष्टिचेतना ने हार नहीं मानी? यह सच है कि समाज में संघर्ष सदा चलता रहता है और आगे भी चलता ही रहेगा, किंतु समाज तो समायोजन से ही बना है। संघर्ष सच है, किंतु सामंजस्य उससे बड़ा सच है। धर्म का मूल तत्व समन्वय है, सामंजस्य है, सहिष्णुता है, सत्य, शिव और सुंदर है। समाज और सामाजिकता यदि निर्बल हुई तो वैसे ही नए नए सामाजिक दोष, समस्याएं, विसंगतियां, विषमताएं, अपराध और सामाजिक रोग पैदा होते रहेंगे, जैसे जब शरीर निर्बल होता है तो रोग उसे ग्रस लेते हैं। विचार करना होगा कि इस पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीता, सामंजस्य आदि को कोई क्षति तो नहीं पहुंचा रहा? हमें गहराई से पहचान करनी है, समझना है कि कौन-कौन लोग हैं, जो किसी न किसी सिद्धांत के आवरण में सामाजिक भाव पर चोट कर रहे हैं, समानता के भाव पर चोट कर रहे हैं। समानता के भाव में इतनी बड़ी ताकत है कि उन असभ्य और अर्द्धसभ्य कहे जाने वाले कबीलों में जब उपनिवेशवादी ताकतें पहुंची तो तीर कमानों और पत्थर के हथियारों ने बंदूक और बमों के छक्के छुड़ा दिए थे। जहां विषमता होती हैं, वहां अन्याय होता है, अनीति होती है, अत्याचार होता है और सामाजिकता का भाव वहां कुंठित हो जाता है और तब वहां स्वतंत्रता भी खतरे में पड़ जाती है। राज्य समाज की रक्षा के लिए है। ऐसा न हो कि राज्य के लिए समाज को कमजोर बना दिया जाए। राज्य अपने कर्तव्य को भूल न जाए, इस पर समाज को निरंतर सोचना होगा।

# डिजिटल इंडिया मिशन की ओर अग्रसर भारत


ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं।

'न्यू इंडिया' के विचार ने हाल ही के वर्षों में सभी भारतीयों में बहुत अधिक आत्मविश्वास और आशावाद को प्रेरित किया है जिसमें से वैश्विक और क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में कई मुद्दों पर आत्मविश्वास पूर्ण स्वतंत्र रुख अपनाने की हमारी क्षमता, ओलंपिक सहित सभी खेलों में असाधारण प्रदर्शन दर्ज कराना, और चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर (विश्व के किसी भी देश के द्वारा पहली बार) कामयाबी के साथ चन्द्रयान उतारना जैसे कई महत्वपूर्ण आयामों में से कुछ एक हैं, जो हमें यह विश्वास करने का कारण देते हैं कि अंततः न्यू इंडिया उभर रहा है।

वर्तमान में भारत का आर्थिक रूपांतरण जिसे डिजिटलीकरण द्वारा महत्वपूर्ण रूप से गति प्रदान की गई है, यह न्यू इंडिया का एक और जगमगाता हुआ उदाहरण है, जो विकसित हो रहा है। दुनियाभर के देशों और संगठनों में कोविड के कारण डिजिटल को अपनाने के लिए मजबूर होने से बहुत पहले ही वर्तमान सरकार ने डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजिटल वितरण मॉडल पर सक्रिय रूप से जोर दिया है। डिजिटल इंडिया मिशन 2015 में शुरू किया गया था। भारत सरकार ने न केवल सार्वजनिक कल्याण के लिए, बल्कि डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) के निर्माण में भी क्रांति की शुरुआत की है, जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न घटकों को लाभान्वित करते हुए विकास के लिए भी एक अनूठा मंच प्रदान करता है।

डिजिटलीकरण कृषि, परिवहन, स्वास्थ्य, सेवा और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों को नए व्यवसाय मॉडल की ओर ले जा रहा है, जो सभी मौलिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। यह डिजिटलीकरण हमारी व्यवस्था में खामियों को दूर कर वितरण में अनियमितताओं को कम करता है और अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण को सक्षम बनाता है। जीएसटी के लिए बढ़ता पंजीकरण और जीएसटी संग्रहण में वृद्धि इसकी सफलता को परिलक्षित करता है। व्यापक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में वित्तीय संस्थान और संगठन संभवतः भारतीय 'स्टैक' को सबसे अधिक मजबूती से अपनाने वाले रहे हैं जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है तथा वित्तीय उत्पादों को अपनाने हेतु सुगम बनाया है।

डिजिटलीकरण के बढ़ते अवसरों के जवाब में हम उद्यमों द्वारा विशेष रूप से बीटूसी डोमेन में डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) का व्यापक उपयोग देखते हैं, जो भारत के नागरिकों को प्रदान किए गए व्यापक लाभों को रेखांकित करता है। वास्तव में डिजिटल के लिए सरकार का जोर इतना आकर्षक रहा है कि भारत में अगस्त 2023 के डिजिटल बिजनेस सर्वे में 25 प्रतिशत मध्यम बड़े उद्यमों ने माना कि डिजिटलीकरण की दिशा में सरकार का जोर उनके द्वारा डिजिटल व्यवसाय मॉडल को अपनाने के प्रमुख कारकों में से एक था। इंटरनेट वितरण केंद्र (आईडीसी) एक डिजिटल व्यवसाय को उस रूप में परिभाषित करता है, जहां मूल्य निर्माण डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर आधारित होता है। इसमें कई पहलू शामिल हैं। जैसे आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाएं, ग्राहकों, नागरिकों, आपूर्तिकर्ताओं और भागीदारों के साथ एक संगठन का जुड़ाव तथा कर्मचारियों को आकर्षित एवं प्रबंधित करना तथा उत्पाद सेवाएं और अनुभव प्रदान करना इत्यादि इसमें शामिल है।

आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं। जबकि अन्य 25 प्रतिशत उद्यमों ने डिजिटल एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए पिछले दो वर्षों में मुख्य डिजिटल अधिकारी एवं मुख्य डेटा अधिकारी जैसे नए पद कायम किए हैं। उद्यमों को एहसास है कि डिजिटल व्यवसाय मॉडल, परिचालन क्षमता को आगे बढ़ाने, त्वरित निर्णय लेने तथा प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने में मदद करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण रूप से ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद करते हैं।

85 करोड़ इंटरनेट ग्राहकों 63 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ता सहित 1.1 अरब मोबाइल ग्राहकों के साथ 39.8 करोड़ सोशल मीडिया यूजर के साथ भारत में पहले से ही डिजिटल से जुड़ी आबादी है। यह आबादी डिजिटल -4 को अपना रही है। डिजिलॉकर के 13.7 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। यूपीआई के 30 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं और कोविन ने 1.1 अरब लोगों का पंजीकरण किया है। उद्यमों और उपभोक्ताओं द्वारा डिजिटल को सक्रिय रूप से अपनाने के साथ यह स्पष्ट है कि भारत का डिजिटल की ओर रुख वास्तविक अपरिवर्तनीय और व्यापक है।

## सोशल फोरम

# जलवायु संकट से युवाओं में हताशा


सुशोभित

एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय- जो इन दिनों दुनिया को मथ रहा है, लेकिन हिंदी के गाफ़िल संसार में जिस पर कोई चर्चा नहीं हो रही है- यह है कि आसन्न जलवायु संकट को देखते हुए युवा जोड़ों- चाहे वे विवाहित हों या लिव-इन सहभागी- को संतान उत्पन्न करने का निर्णय लेना चाहिए या नहीं? क्योंकि वे अपने बच्चों को इस बात की गारंटी नहीं दे सकेंगे कि आने वाले 50 सालों में उन्हें जीवन-योग्य पर्यावरण मिल पाएगा।

पश्चिम में यह आंदोलन ज़ोर पकड़ चुका है। 'टाइम' पत्रिका ने हाल ही में इसको रिपोर्ट किया कि जलवायु संकट से युवाओं में हताशा घर कर गई है और वे अपने परिवार को बढ़ाना नहीं चाहते हैं। चीन और जापान के भी युवा संतानोत्पत्ति से कतराने लगे हैं। अगर आप इंगमार बर्गमान या आन्द्रे तारकोव्स्की का सिनेमा देखें तो पाएंगे कि 1960 और 70 के दशक में न्यूक्लियर-वॉर के ख़तरों के कारण भी ऐसी ही मनोदशा यूरोप के लोगों की निर्मित हो गई थी। बर्गमान की एक फिल्म ('वाइल्ड स्ट्रॉबेरीज़') की नायिका इसीलिए मां बनने से इनकार कर देती है। एक अन्य फिल्म ('विंटर लाइट') में एक पुरुष आसन्न सर्वनाश से अवसादग्रस्त होकर आत्महत्या कर लेता है। तारकोव्स्की की फिल्म 'द सैक्रिफ़ाइस' में नायक एटमी-सर्वनाश से अपने बच्चों को होने वाले कष्टों की कल्पना से पूरे समय सिहरता रहता है।

क्या आज जन्म लेने वाले बच्चे 70 वर्षों का अपना जीवनकाल उस तरह से पूरा करेंगे, जैसे हमारे पूर्वजों ने किया था और जैसे शायद हम- यानी उम्र की तीसरी या चौथी दहाई वाले लोग-करने जा रहे हैं- यह इस समय का सबसे बड़ा प्रश्न है।

कहीं ऐसा तो नहीं कि हमारे बच्चे आज से 50 साल बाद हमें कोसें कि हम पृथ्वी की जलवायु संकट संबंधी समस्याओं के बारे में जानते थे, अख़बारों में उस पर लेख आदि छपते थे, लेकिन इसके बावजूद हम उन्हें इस धरती पर लेकर आए और एक यंत्रणापूर्ण जीवन की विरासत सौंप गए? क्या वे अपने माता-पिता को जिम्मेदार अभिभावक समझेंगे?

-फेसबुक वॉल से

# इंदिरा गांधी से मतभेद के बाद विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे मोरारजी भाई


गोपेश मोहन जसवाल
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए।

भारत रत्न मोरारजी देसाई भाई का जन्म 29 फरवरी, 1896 को हुआ था। मोरारजी भाई को पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-पाकिस्तान' से भी विभूषित किया गया था। मोरारजी भाई अपने जीवन में कुल छब्बीस 29 फरवरी भी नहीं देख पाए कि भगवान को प्यारे हो गए। यह बात दूसरी है कि इस अल्पायु में उन्होंने कुल 99 वसंत अवश्य देख लिए थे। स्वमूत्र चिकित्सा के पक्षधर और भारत में 14 कैरेट के स्वर्णाभूषणों के जन्मदाता, भोजन में अन्न के त्यागी किंतु दूध, मेवे और फलों के अनुरागी, मोरारजी भाई अपनी हठवादिता और गांधीवादी उसूलों (अपने बेटे कांति भाई के कारनामों की अनदेखी करने की कमजोरी को छोड़कर) के लिए प्रसिद्ध हैं।

मोरारजी भाई जब वृहत्तर बंबई प्रांत के मुख्यमंत्री थे तो उनके पास सरकारी कर्मचारी वाहन भत्ते की मांग लेकर गए थे। मोरारजी भाई ने उन्हें टहल कर ऑफिस तक आने-जाने की सलाह दी। जब कर्मचारियों ने घर से ऑफिस की ज़्यादा दूरी का हवाला दिया तो उन्होंने कहा-'कार या मोटर साइकिल-स्कूटर के लिए तो वाहन भत्ता आपको नहीं मिलेगा पर मैं आप सबको सरकार की ओर से मुफ्त साइकिल दिला सकता हूं।'1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद हमारे देश की गिरती हुई अर्थव्यवस्था को सहारा देने की नाकाम कोशिश में मोरारजी भाई ने बदनाम-'गोल्ड कंट्रोल' की नीति लागू की थी। इसके अंतर्गत 22 कैरट के स्वर्ण आभूषणों की जगह 14 कैरट के बदसूरत स्वर्ण आभूषणों ने ले ली थी। हजारों सुनार इस नई अव्यावहारिक नीति के कारण बेरोजगार हो गए थे। उन दिनों हम लोग रायबरेली में रहा करते थे। रायबरेली के एक सुनार रामचंद्र स्वर्णकार का सुनारी का धंधा घाटे में चल रहा था। उसने अपना पुश्तैनी धंधा छोड़कर भुने चने का एक ठेला लगा लिया था। रामचंद्र स्वर्णकार के ठेले पर रखे हुए एक बड़े से बोर्ड पर मोटे-मोटे अक्षरों में उसका अपना नाम अंकित था और साथ में एक सूचना भी दी गई थी-'भुने चने मोरारजी देसाई की कृपा से बने।'1964 में हमारे पिताजी ने हमारी बहनजी की शादी में मां के घोर विरोध के बावजूद उनके लिए फीकी आभा वाले 14 कैरट के कड़े बनवाए थे, जो कि बहनजी ने अपने जीवन में कभी पहने ही नहीं। इस काले कानून के रद्द किए जाने के बाद मां ने अपनी तरफ से सोना लगाकर बहनजी के इन 14 कैरट वाले कड़ों को 22 कैरट के कड़ों में बदलवाया था। गोल्ड कंट्रोल लागू किए जाने के दिन से मां की और बहन जी की नजरों में ही क्या, हमारी नजरों में भी, मोरारजी भाई खलनायक हो गए थे। 1969 में राष्ट्रपति के चुनाव में मतभेद के बाद मोरारजी भाई इंदिरा गाधी के विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे।

1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए। हमको देखकर दो आदमी हमारी तरफ लपके तो हम खिसकने लगे, पर यह क्या? उन दोनों ने प्यार से हमको रोका और फिर वो हमको लॉन में बैठे मोरारजी भाई से मिलाने के लिए ले गए। पांच मिनट की इस संक्षिप्त भेंट में मोरारजी भाई द्वारा विद्यार्थियों के नाम संदेश का एक हर्फ भी मुझको याद नहीं है, पर यह याद है कि उनके साथ हमने समोसे, मिठाई और चाय का रसास्वादन किया था। यह बात और है कि मोरारजी भाई का नमक खाकर भी हम कभी उनके सगे न हुए। 1977 से 1979 तक के काल में प्रधानमंत्री के रूप में मोरारजी भाई के ढाई साल बहुत उठा-पटक और रस्साकशी में बीते थे। उनकी परेशानी का सबसे बड़ा सबब थे-1977 के चुनाव में रायबरेली में इंदिरा गांधी को धूल चटाने वाले राज नारायण। वैसे तो अपने निजी जीवन में राजनारायण मोरारजी भाई की स्वमूत्र चिकित्सा के अनुयायी थे, किंतु अपने राजनीतिक जीवन में मोरारजी भाई के अनुशासन का उनमें नामो-निशान तक नहीं था।

राजनारायण ने चौधरी चरण सिंह के साथ मिलकर अपने आराध्य मोरारजी भाई को सिंहासन से उतरवा दिया था। मोरारजी भाई ने राजनीतिक संन्यास में लगभग 16 वर्ष बिताए थे। उनके जीवन में ही कई बार उनके स्वर्गवास का समाचार प्रसारित हुआ था। अंत में जीवन का शतक लगाने से दस महीने पहले ही 10 अप्रैल 1995 को मोरारजी भाई ने विद्यार्थीगण को और कर्मचारीगण को छुट्टी दिलाने के लिए अपनी पारी समाप्ति की घोषणा कर दी। अपनी सनक और अपनी जिद के बावजूद मोरारजी भाई को आज के नेताओं की तुलना में दूध का धुला कहा जा सकता है।

# नहीं मिली ट्यूशन से मुक्ति


अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत सभी राज्यों में लागू कर दी। केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने के बाद भी छात्रों के बस्ते का बोझ कम नहीं कर सकी। शिक्षाविद और मनोवैज्ञानिक कई बार बस्तों के बोझ को लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं। हमारी पोती अमेरिका में पढ़ती है। कक्षा पांच तक उसे कोई किताब नहीं दी जाती। बस स्कूल में ही क्रिटीविटी सिखाई जाती है। कहानी की दो पुस्तकें घर जाकर पढ़ने को दी जाती हैं ताकि बच्चे की रीडिंग की आदत बढ़े।

भारत का कितना ही महंगा स्कूल हो, कक्षा पांच के बाद छात्र का ट्यूशन पढ़ना उसकी मजबूरी है। घर आकर होमवर्क में दो तीन घंटे लगाने के बाद प्रत्येक विषय के ट्यूशन के लिए उसे एक घंटा देना ही होता है। इस ट्यूशन में आने जाने में भी समय लगता है। पांच ट्यूशन हुए तो पांच घंटे ट्यूशन में लगेंगे। इस शिक्षा ने बच्चे को पढ़ाई के नाम पर मशीन बनाकर रख दिया। उससे बच्चे का मानसिक और शारीरिक विकास रूक गया। इसके लिए सोचने को न सरकार के पास समय है, न शिक्षाविदों के पास। देखने में आ रहा है कि कुछ अभिभावक आईएएस और आईपीएस बनाने की इच्छा और इरादा बच्चे पर लाद देते हैं। काफी बच्चे पढ़ाई का ये दबाव नहीं बर्दाश्त कर पाते। वे डिप्रेशन में चले जाते हैं। कुछ आत्महत्या तक कर लेते हैं।

ऐसे में सरकार को समान शिक्षा नीति बनाने पर भी सोचना होगा। सरकार को शिक्षा नीति में फिर से विचार करने की जरूरत है। जरूरत है ऐसी शिक्षा की जिसमें बच्चे का समुचित विकास हो। छात्र पर बस्ते का बोझ कम से कम हो। स्कूल से आने के बाद के घर पर बच्चे को ट्यूशन की जरूरत ही न महसूस हो।

# गांजा तस्करी के दो दोषियों को 11 साल का कारावास

## दिसंबर 2021 के मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** विशेष सत्र न्यायाधीश श्रीकांत पांडे की अदालत ने गांजा तस्करी के मामले में दो तस्करों को 11 साल के कठोर कारावास की जा सुनाई है। सजा के साथ दोनों अभियुक्तों को अर्थदंड भी जमा करना होगा।

जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि मामला दिसंबर 2021 का है। सल्ट के थानाध्यक्ष गोविंद सिंह मेहता व एसओजी टीम ने नैल कमान तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सराईखेत की ओर से आ रहे स्कोर्पियो वाहन की तलाशी ली गई। वाहन के अंदर से चार कट्टों में 48 किग्री गांजा बरामद हुआ था। पुलिस ने वाहन सवार देवेंद्र कुमार निवासी अमियावाला, जसपुर, ऊधमसिंह नगर और गौरव कुमार निवासी मुरलीवाला, जसपुर, ऊधमसिंह नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने जून 2022 में चार्जशीट दाखिल की। इस मामले में न्यायालय में सात गवाह परीक्षित कराए गए। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद विशेष सत्र न्यायाधीश ने दोनों को दोषी पाया और 11-11 साल की सजा सुनाई। साथ ही एक लाख अर्थदंड जमा नहीं करने पर एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतने के आदेश भी दिए हैं।

### चेक बाउंस होने पर चार महीने की सजा

**अल्मोड़ा।** चेक बाउंस होने के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि अरोरा ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए इसे चार माह के साधारण कारावास और 2.15 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अधिवक्ता घनश्याम जोशी ने बताया कि मामला जून 2019 का है। पोखरखाली निवासी नितिन कुमार और डीनापानी निवासी मनोज बिष्ट के बीच दोस्ताना संबंध थे। अभियुक्त मनोज बिष्ट ने किसी काम के लिए पीड़ित नितिन कुमार से दो लाख रुपये उधार लिए थे। काफी समय बीतने के बाद जब रुपये वापस नहीं हुए तो नितिन ने दबाव डालना शुरू किया। इस पर अभियुक्त मनोज ने नितिन को मार्च 2021 का एक चेक थमा दिया। बैंक ले जाने पर चेक बाउंस हो गया। इस पर नितिन ने अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भिजवाया। इसके बाद भी अभियुक्त मनोज ने रुपये नहीं लौटाए। आखिरकार नितिन को न्यायालय की शरण में जाना पड़ा। तमाम साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त मनोज बिष्ट को चार माह का साधारण कारावास और 2.15 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। इसमें से 2.10 लाख रुपये पीड़ित को देने और पांच हजार रुपये राजकीय कोष में जमा करने के आदेश न्यायालय ने दिए हैं।

## दो चरस तस्कर दबोचे, जेल भेजा

**बागेश्वर, अमृत विचार:** पुलिस ने दो लोगों को 430 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी ने गुरुवार को मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि कोतवाल कैलाश नेगी के नेतृत्व में पुलिस बुधवार की देर शाम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान द्यांगण-आरे बायपास पर वाहनों की चेकिंग चल रही थी। चेकिंग के दौरान एक बाइक की तलाशी ली गई। इसमें बैठे दो युवकों के पास से 430 ग्राम चरस बरामद की गई।

पकड़े गए लोगों ने अपना नाम केशव पाल पुत्र गुणी राम निवासी वार्ड नंबर दो शिवनगर ट्रांजिट कैंप रुदुपर व लक्षित गोनका पुत्र करण सिंह निवासी मकान नंबर 13 वार्ड नंबर दो मेडिकल गली के पास रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर बताया। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। न्यायालय के आदेश के बाद उन्हें अल्मोड़ा जेल भेज दिया है।

# गांवों में मतदाताओं को किया जागरूक



जिले के दूरस्थ गांव में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करती स्वीप टीम।

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिले के मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान जारी है। जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में भी मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा। वहीं स्वीप टीम द्वारा जिले के दुर्गम गांवों में जाकर वोटरों को मतदान के दिन घर से बाहर निकलकर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। टीम द्वारा पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान बहिष्कृत बूथों एवं कम मतदान वाले बूथों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। टीम ने चम्पावत के रुइया बूथ जाकर मतदाताओं को जागरूक किया और मतदाता शपथ दिलवाई। इसके अलावा कन्यूड़ा, पाली, तल्ला कफल्टा, मल्ला कफल्टा, नवीन रुइया, गुरना आदि गांवों में भी घर-घर जाकर लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप टीम में शंकर पांडे, मुकेश शर्मा, सुभाष गहतोड़ी, भूपेश जोशी शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### जगदीश नेगी ने संभाला लोहाघाट तहसीलदार का चार्ज



**लोहाघाट :** तहसीलदार विजय गोस्वामी के पिथौरागढ़ स्थानांतरण के बाद रिक्त पद पर पिथौरागढ़ सदर से स्थानांतरित होकर आए जगदीश सिंह नेगी ने अपने पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। नेगी लोहाघाट के अलावा बाराकोट तहसील का भी अतिरिक्त कार्यभार देखेंगे। बाराकोट में लंबे समय से तहसीलदार का पद रिक्त चल आ रहा है। तहसील कर्मियों द्वारा नए तहसीलदार नेगी का स्वागत किया गया। उधर चम्पावत की तहसीलदार ज्योति थपवाल के अल्मोड़ा स्थानांतरण के बाद अभी तक जिला मुख्यालय की तहसील तहसीलदार विहीन बनी हुई है। लोकसभा चुनाव से पूर्व तहसीलदार नेगी की तैनाती से जिला प्रशासन को कुछ राहत मिली है।

### टनकपुर महाविद्यालय में सांस्कृतिक परिषद का गठन

**टनकपुर :** राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में सांस्कृतिक परिषद का गठन किया गया। बुधवार को प्राचार्य डा. अनुपमा तिवारी की अध्यक्षता व संयोजक डा. पंकज उप्रेती के संचालन में हुई बैठक में नितीश को अध्यक्ष, कोमल रौतेला को उपाध्यक्ष, विद्यांशु विश्वकर्मा को सचिव, कोमल राय को उप सचिव बनाया गया। कार्यकारिणी में माधवी बिष्ट, प्रियंका पांडेय, प्रत्यक्ष भंडारी, आकांक्षा राय, सना परवीन को सदस्य बनाया गया है। इससे पूर्व संगीत विभाग में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा. सुमन कुमारी, डा. किरन दानू, डा. होशियार सिंह, डा. विमल डालाकोटी, आरती आदि मौजूद रहे।

### देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल का विस्तार

**अल्मोड़ा :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार कर नगर की प्रतिष्ठित व्यापारी वंदना वर्मा को संगठन की जिला महिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा। वरिष्ठ व्यापारी गणेश जोशी को जिला कोषाध्यक्ष एवं नीरज थापा को जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी है। साथ ही जिला मंत्री पद पर दिनेश कांडपाल, दीपक नायक व दीपक बिष्ट को मनोनित किया। जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने जिले के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उम्मीद जताई कि सभी पदाधिकारी अल्मोड़ा जिले के समस्त व्यापारियों व उनके व्यापार के हितों के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

### जल जीवन मिशन के कार्यों को समय से पूरा करें

**अल्मोड़ा :** राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद उत्तराखंड के उपाध्यक्ष दर्जा मंत्री दिनेश आर्य ने अल्मोड़ा पहुंचकर जल महकमे के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें जल जीवन मिशन के कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने अब तक हुए कार्यों पर संतोष व्यक्त कर 31 मार्च तक 80 से 90 फीसदी कार्यों को पूरा कर योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तानांतरित करने के निर्देश दिए। बैठक में जल निगम के अधीक्षण अभियंता दीपक मलिक, अधिशासी अभियंता संजीव वर्मा, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता अरुण सोनी, एसपी सिंह, दीपक ठाकुर समेत जल निगम, जल संस्थान, सीएनडीएस व सिंचाई विभाग के अधिकारी, भाजपा के जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, जिला मंत्री संजय डालाकोटी, राजेंद्र बिष्ट, जगत भट्ट, जगत तिवारी आदि भी मौजूद रहे।

### टनकपुर के प्रतिष्ठित व्यापारी अशोक राय का निधन



**टनकपुर :** नगर के सीमेंट रोड निवासी प्रतिष्ठित आटो पार्ट्स व्यापारी अशोक राय उर्फ सोक्खी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुरुवार को शारदा घाट में किया गया। वे अपने दौर के बेहतरीन क्रिकेटर रहे हैं, 57 वर्षीय अशोक राय पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनके निधन पर खिलाड़ियों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने शोक जताया। उनके निधन पर वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी, पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, पूर्व चेयरमैन विपिन वर्मा, हर्षवर्धन सिंह रावत, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शिवराज सिंह कठायत, दीपक पाठक, धर्मानंद पांडेय, रोहिताश अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष वैभव अग्रवाल आदि ने शोक जताया।

# सीओ ने दिए व्यवस्था चुस्त करने के निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सीओ सिटी विमल प्रसाद ने पुलिस लाइन अल्मोड़ा का छमाही निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सीओ ने गार्द सलामी लेते हुए निरीक्षण किया। जिसके बाद उन्होंने शस्त्रागार में राजकीय संपत्ति सूची के अनुसार सभी आर्म्स एवं एम्युनेशन का मिलान कर जवानों से शस्त्रों की हैंडलिंग भी करवाई।

निरीक्षण के दौरान सीओ ने जीडी, गणना कार्यालय, परिवहन शाखा, स्टोर, स्मार्ट बैरक, व्यायामशाला, भोजनालय, सीपीसी कैंटीन, महिला कल्याण केंद्र प परिसर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निरीक्षक विजय विक्रम, भूपेश, नवीन पाठक, दामोदर कापड़ी, कुशल सिंह समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# बॉर्डर पर लिया सुरक्षा का जायजा

संवाददाता, टनकपुर/ बनबसा

**अमृत विचार :** एसपी अजय गणपति की ओर से आगामी लोकसभा चुनाव तथा मां पूर्णागिरि धाम मेले के मद्देनजर के कोतवाली टनकपुर व बनबसा थाना क्षेत्र अंतर्गत लगने वाली भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित चौकी मनिहारगोठ, शारदा बैराज पुलिस चौकी, इमीग्रेशन चैक पोस्ट, बनबसा का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने अन्तराष्ट्रीय बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सीमान्त मुद्दों तथा बॉर्डर क्षेत्र अंतर्गत होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। चौकियों में नियुक्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा, कोतवाल चन्द्र मोहन सिंह, बनबसा के थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, एएचटीयू प्रभारी सुरेन्द्र सिंह खड़ायत आदि मौजूद रहे।



भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र का जायजा लेते एसपी अजय गणपति।

## गुमशुदा नाबालिग परिजनों को सौंपा

**बागेश्वर, अमृत विचार:** झिरौली पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग को सकुशल बरामद कर उसे परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि तीन फरवरी को पीड़ित ने थाने में आकर बताया कि उनका नाबालिग पुत्र बिना घर में बताए कहीं चला गया है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका है। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज टीम गठित की। टीम ने थाना क्षेत्रान्तर्गत सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही टैक्सी व अन्य वाहन चालकों से गहन पूछताछ की।

# कृषि विज्ञान केंद्र की पहल कीवी की खेती के लिए बहुत कारगर



कीवी के पौधों के वैज्ञानिक तरीके से रोपण की जानकारी देते उद्यान के वैज्ञानिक।

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से कीवी की खेती के लिए शुरू की गई पहल काफी कारगर साबित हो रही है। गत वर्ष केंद्र द्वारा कीवी के लगभग एक हजार पौध तैयार कर किसानों को उपलब्ध कराए गए। इस वर्ष भी दो हजार पौध लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

केंद्र की उद्यान वैज्ञानिक डॉ रजनी पंत द्वारा जिले के किसानों को आत्मा परियोजना के अंतर्गत कीवी की खेती की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जहां चीन को कीवी फल का जन्मदाता माना जाता है वहीं न्यूजीलैंड इस फल का सबसे बड़ा उत्पादक देश बना हुआ है। कीवी के फल में विटामिन सी अधिक मात्रा में पाया जाता है इसमें पोटेशियम, विटामिन ए एवं एंटी ऑक्सीडेंट की मात्रा भी पाई जाती है, जो इम्युनिटी बढ़ाने एवं अनेक रोगों में लाभदायक होती है। डॉ पंत के अनुसार कीवी एक से दो हजार फीट की ऊंचाई में आसानी से पैदा की जा सकती है। कीवी पौध का रोपण करते समय तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक होना चाहिए पौधों के विकास के लिए 5 से 7 डिग्री तापमान होना जरूरी है। कीवी पौधों को लगाने के लिए भूमि में एक से दो फीट चौड़े और दो फीट गहरे गड्ढे तैयार करें, कीवी के प्रत्येक पंक्ति के मध्य पांच मीटर की दूरी तथा हर गड्ढे के मध्य इतनी ही दूरी होनी चाहिए।

इस बीच डॉ पंत द्वारा ग्रामीण काश्तकारों को कीवी के उत्पादन की तकनीकी जानकारी देने के साथ उसके पौध रोपण में बर्ती जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया जा रहा है। इधर बाराकोट, पम्दा, रूपदे चनौडा, गंगनौला के ग्रामीणों को कीवी के 10-10 पौध निशुल्क वितरित किए।

# बसों के अभाव से बढ़ गई लोगों की परेशानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पर्वतीय मार्गों पर परिवहन निगम की बसों का अभाव है जिस कारण मैदानी क्षेत्र से आवागमन करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पहाड़ जाने वाले यात्रियों को हरिद्वार, दिल्ली व अन्य डिपो की सीमित बसों का इंतजार करना पड़ता है। पर्वतीय मार्गों में अल्मोड़ा जैसे प्रमुख रूट पर हल्द्वानी व काठगोदाम डिपो से एक भी बस का संचालन नहीं किया जाता है।

अल्मोड़ा के लिए परिवहन निगम वर्तमान में केवल दो बसों का संचालन करता है जिसमें एक दोपहर 12 बजे हरिद्वार-अल्मोड़ा और दूसरी 1:30 बजे बरेली-अल्मोड़ा जाती है। जबकि बागेश्वर के लिए केवल एक बस सुबह 8 बजे जाती है। वहीं, पिथौरागढ़ के लिए दो बसें जिसमें एक सुबह 5 बजे और दूसरी 7:30 बजे जाती है।

चंपावत के लिए दो जिसमें एक सुबह 5 बजे और दूसरी सुबह 8 बजे जाती है। पहाड़ के अन्य रूटों की बात करें तो मुक्तेश्वर, पौधार, लमगड़ा, लोहाघाट, जैंती, शिमलखेत सहित दर्जनों पर्वतीय मार्गों पर परिवहन निगम ने बसों का संचालन बंद कर दिया है। केमू की भी सीमित बसें पर्वतीय मार्गों पर चलती हैं जिससे इन मार्गों पर जाने वाले यात्रियों को भारी-भरकम किराया देकर टैक्सी वाहनों में सफर करना पड़ता है।

> सर्वे परिवहन विभाग की ओर से कराया गया था। अभी तक इस बारे में कोई आदेश नहीं आया है। 130 बसों की खरीद का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पास हुआ है जिनके मिलने पर पर्वतीय मार्गों पर बसें चलाई जा सकती हैं। – **सुरेंद्र सिंह बिष्ट**, एआरएम, हल्द्वानी डिपो

**हिमांचल की तर्ज पर थी 38 सीटर बसें चलाने की योजना:** हिमांचल परिवहन निगम में डबल डोर वाली 36 सीटर बसें चलाई जा रही हैं उसी तर्ज पर यहां भी सिंगल डोर वाली 38 सीटर बसें चलाने की योजना थी जिसके लिए पूर्व में सर्वे भी किया गया था। वर्तमान में हल्द्वानी डिपो से पर्वतीय मार्गों पर 34 सीटर बसें चलाई जा रही हैं।

नई बसें चलाने के लिए परिवहन निगम और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से सर्वे किया था जिसमें निजी कंपनी से सर्वे के लिए 36 सीटर बस ली थी जिसे पर्वतीय मार्गों पर चलाकर सर्वे किया गया था।

## वर्ग पहेली-358

**बाएं से दाएं**

1.1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।

4.1. सूत्र 2. नियम, नुस्खा 3. विधि; सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब; जैसे– फ़िल्म हिट करने का फ़ॉरमूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।

5.1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख

6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।


**ऊपर से नीचे**

1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।

2.1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।

3.1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे– ज़ोरदार अनुशंसा।

5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।




### वर्ग पहेली - 357 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 के | ■ | 2 धू |
| ■ | 3 र | ■ | फ़े | ■ | पि |
| ■ | स | ■ | 4 टि | कि | या |
| ■ | धा | ■ | रि | ■ | ■ |
| 5 क | र | छि | या | ■ | 6 दि |
| रे | ■ | ■ | ■ | ■ | खा |
| 7 ल | घु | चे | ता | ■ | ना |

## सुडोकू-75

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 1 | | | | 4 | | 3 |
| | | | 2 | | | 7 | | |
| 5 | 6 | | | 1 | | 9 | | |
| 9 | | 6 | | 3 | | | | 8 |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| 1 | | | | 7 | | | | 5 |
| | | 7 | | 4 | | | 2 | |
| | | 2 | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 1 | 3 | 9 | |

### सुडोकू - 74 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 7 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी पूर्ण रात्रि तक।

**मेष:** आज नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन संबंधित परेशानियां सुलझ सकती हैं। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए दिन शानदार है। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे।

**वृष:** आज पारिवारिक जीवन काफी सामान्य रहेगा। अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है।

**मिथुन:** आज प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं। संतान को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा।

**कर्क:** आज जिन लोगों का वजन बढ़ा हुआ है उनको स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** आज मनोरंजन में समय बीत सकता है। तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

**कन्या:** आज जॉब में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चंचलता दूर होगी। आय में अचानक कमी आ सकती है। पार्टनर के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला:** आज आपका मन शांत रहेगा। धन संबंधित समस्या सुलझ सकती है। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नए साधनों में वृद्धि होगी। भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आए खर्चों में कमी आएगी।

**वृश्चिक:** आज मानसिक रूप से अशांत महसूस करेंगे। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। दौड़-धूप के कारण आपको समस्या होगी। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है।


**धनु:** आज जॉब में काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी संभाल लेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है।

**मकर:** आज गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। आप सभी कार्य संभल कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें।

**कुंभ:** आज बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें। बुद्धि व विवेक से काम करने से आपको लाभ होगा। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियां बढ़ेंगी। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं।

**मीन:** आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े असहज हो सकते हैं। टालमटोल की प्रवृत्ति के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**–पश्चिम। **ऋतु**–वसंत।
चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–स्वाती 12.48 तक तत्पश्चात विशाखा।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | घर में राम गली में श्याम | सुबह : 10.56 |
| B4U Movies | सत्य | शाम : 06.31 |
| Sony Max | एबीसीडी 2 | सुबह : 10.44 |
| Sony Max | ता रा रम पम | रात : 07.02 |
| Sony Pix | एक्वामैन | सुबह : 09.08 |
| Sony Pix | एज ऑफ टूमारो | रात : 08.50 |
| Zee Cinema | कुछ लव जैसा | सुबह : 10.30 |
| Zee Cinema | जवान | शाम : 04.30 |
| Colors Cineplex | बेमिसाल | दोपहर : 12.33 |
| Colors Cineplex | रंगून | रात : 09.28 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात–04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू नजर चेक करवाने गया।
डॉक्टर ने एक नोट देकर पूछा– ये कितने का नोट है।
सोनू ने कहा– बाहर धूप में देखकर आता हूं।
बाहर निकला तो नोट 2000 का था।
बस फिर क्या डॉक्टर आज तक सोनू को ढूंढ रहा है।

चिंटू– तुम्हारी बेटी की सगाई को पूरे दो साल हो गए हैं, विवाह में इतनी देरी क्यों?
पिंटू– दरअसल लड़का एक वकील है, जैसे ही विवाह की तारीख पास आती है, वह कोई न कोई बहाना करके तारीख आगे बढ़ा देता है।

# वेतन के लिए मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों का प्रदर्शन

## उपनल और आउटसोर्स कर्मचारियों ने बेस परिसर में दो घंटे तक कार्य बहिष्कार किया, आज से पूर्ण बहिष्कार पर जाने का ऐलान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** दो महीने से वेतन का भुगतान नहीं होने और स्थाई पद सृजित ना किए जाने से नाराज मेडिकल कॉलेज के उपनल और आउटसोर्स कर्मचारियों ने गुरुवार को भी बेस परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के तीसरे दिन भी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत फार्मासिस्ट, ऑक्सीजन प्लांट टैक्निशियन, वार्ड ब्वॉय, आया, सुरक्षा गार्ड और पर्यावरण मित्रों ने दो घंटे का कार्य बहिष्कार जारी रखा। कर्मचारियों ने कहा कि वह कोरोना काल से मेडिकल कालेज में लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। न्यून वेतन में काम कर रहे कर्मचारी आज पाई पाई के मोहताज हो गए हैं। सभा के दौरान तय किया गया कि सरकार और विभाग की तानाशाही के विरोध में शुक्रवार से कर्मचारी पूर्ण बहिष्कार पर चले जाएंगे।

प्रदर्शन स्थल पर सुशील, सूरज कुमार, सागर सिंह, मुकुल, विवेक लोहनी, पंकज टम्टा, रजत भारती, भरत, सुनीता, चंदन बोरा, लीला, रेखा कनवाल, भावना, नरेंद्र सिंह, महेंद्र कनवाल, रीता देवी, नीमा, दया, सूरज आर्या, मनोज मेहरा, पंकज, कपिल, सुनीता, सपना शैली, भूपेंद्र शैली, मोहित, पूरन, संदीप, सूरज बहादुर, विनोद कनवाल आदि मौजूद रहे।



अल्मोड़ा के बेस परिसर में प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### कार्य बहिष्कार से काम होने लगा प्रभावित

मेडिकल कालेज में कार्यरत उपनल और आउटसोर्स कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार के कारण अब बेस परिसर में काम प्रभावित होने लगा है। गुरुवार को बेस अस्पताल में पर्ची काउंटर में कर्मचारियों की कमी के कारण रोगियों की लंबी लाइन लगी रही। पर्ची काटने तक के लिए उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। इसी तरह अस्पताल में सफाई समेत अनेक अन्य कार्य भी प्रभावित दिखाई दिए।



टनकपुर रोडवेज कार्यशाला परिसर में प्रदर्शन करते रोडवेज के कर्मचारी। ● अमृत विचार

# मांगों को लेकर रोडवेज कर्मी धरने पर बैठे

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** रोडवेज एम्पलॉइज यूनियन के आह्वान पर रोडवेज कर्मचारियों का मांगों के समर्थन में तीसरे दिन भी रोडवेज वर्कशॉप कार्यालय में धरना प्रदर्शन जारी रहा। रोडवेज एम्पलॉइज यूनियन के अध्यक्ष चंद्र बल्लभ जोशी की अगुवाई में यूनियन से जुड़े रोडवेज कर्मचारी रोडवेज कार्यशाला परिसर में एकत्र हुए, जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए।

**आरोप**

▸▸ प्रोन्नति के प्रस्ताव का अनुमोदन ना होने से आक्रोशित हैं कर्मचारी

परिवहन निगम के टनकपुर मंडल में परिचालक पद से बुकिंग क्लर्क और कार्यालय सहायक द्वितीय के प्रस्ताव के अनुमोदन मंडल को प्राप्त न होने से आक्रोशित रोडवेज कर्मचारी मंगलवार से धरना प्रदर्शन कार्यक्रम चला रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्होंने 24 फरवरी को इस संबंध में मंडलीय प्रबंधक संचालन टनकपुर को पत्र भेजा था। कहा कि राजेश मिश्रा जो परिचालक पद से गुरुवार को सेवानिवृत होने जा रहे हैं उनका बुकिंग क्लर्क में प्रस्ताव भेजा गया है। साथ ही परिचालक रिंकू कांडपाल का कार्यालय सहायक द्वितीय के पद पर प्रोन्नति होनी है। इस दौरान कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि टनकपुर मंडल के साथ नैनीताल और देहरादून मंडल की ओर से मुख्यालय भेजे गए अनुमोदन पर जल्दी कार्रवाई न होने पर वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। साथ ही उन्होंने मंडल स्तर पर होने वाले प्रोन्नति पूर्व की तरह किए जाने की भी मांग उठाई है।

धरना प्रदर्शन करने वालों में यूनियन के अध्यक्ष चंद्र बल्लभ जोशी, क्षेत्रीय मंत्री विमला बिष्ट, शाखा अध्यक्ष जगदीश जोशी, धीरज चन्द रजवार, विमल पाठक, वीरेंद्र पुरी, सर्वेश कुमार, आशीष कुमार, हरीश यादव, गोपाल देव, सरताज खान, तारा दत्त पुनेठा, नरेंद्र कुमार, सूरज पाल, पुरुषोत्तम जोशी, रमेश जोशी, संजीव कुमार, राजेश कुमार मिश्रा, हरीश जोशी, दीपक सिंह, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर वाहन नहीं आने पर महिलाएं भड़की

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** ताकुला मार्ग से त्यूनरा बायपास मार्ग पर रसोई गैस सिलेंडर वाहन नहीं आने पर महिलाओं ने रोष व्याप्त है। नाराज महिलाओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। इंडेन गैस कंपनी से जल्द बाईपास मार्ग पर गैस सिलेंडर वाहन भेजने की मांग की है। जल्द मांग नहीं माने जाने पर क्षेत्र के लोगों के सहयोग से उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

पालनीकोट, कफलखेत, मजियाखेत के लोगों को गैस सिलेंडर लेने के लिए ताकुला मार्ग तक आना पड़ रहा है, जबकि क्षेत्र के लिए बायपास मार्ग बन गया है। इसके बावजूद यहां वाहन नहीं आ रहा है। ताकुला मार्ग आने के लिए उन्हें सिर पर खाली सिलेंडर लेकर आना पड़ रहा है। भरा सिलेंडर घर ले जाने में उन्हें 100 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। यदि बायपास मार्ग पर वाहन आ जाएगा तो इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। इससे उनका समय व धन दोनों बी बचेगा। पूर्व में भी वह कई बार इसकी मांग कर चुके हैं, लेकिन समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है।

इस मौके पर पूर्व कनिष्ट प्रमुख सुनीता टम्टा, उर्वसी गड़िया, रिया पांडेय, तुलसी, कांता उप्रेती, दीपा जोशी, सरस्वती, इंद्रा देवी, चम्पा देवी, लीला देवी, संगीता टम्टा व सरस्तवी देवी आदि मौजदू थे।

### मांगों को लेकर धरने पर बैठीं आंगनबाड़ी कत्रियां

**बागेश्वर :** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिनी कर्मचारी कार्य बहिष्कार जारी है। नाराज कार्यकत्रियों ने मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। लंबित चार सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं होने पर कड़ी आपत्ति जताई। आंदोलन के चलते आंगनबाड़ी केंद्रों में ताले लटके हैं। गर्भवती महिलाओं वे नवजात शिशुओं को पुष्टाहार नहीं मिल रहा है। कार्यकत्रियों ने बुधवार को नुमाइशखेत में धरना दिया। यहां हुई सभा में उन्होंने कहा कि उनकी मांगों को लेकर सरकार का नजरिया साफ नहीं है। उन्होंने जनवरी से न्यूनतम मानदेय 600 रुपये प्रति दिन के हिसाब से 18 हजार रुपये माह करने की मांग की। उन्होंने सेवानिवृत्त होने पर दो लाख रुपये का प्रावधान करने को कहा। गोल्डन कार्ड जारी करने और सरकारी योजनाओं का लाभ देने की मांग की। इस मौके पर चम्पा गोसवामी, बसंती देवी, नीमा देवी, दुर्गा टम्टा, किरन साह, जानकी चौबे, आनंदी, विमला देवी, तुलसी देवी, मुन्नी पांडे, भागीरथी देवी, अनीता लोहनी, तारा देवी, नेहा मलड़ा आदि मौजूद रहे।

# क्विज में रेड हाउस प्रथम रहा

**आयोजन**

▸▸ ब्लू हाउस ने द्वितीय तथा पर्पल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

▸▸ बच्चों को दिखाई सीवी रमन के जीवन पर आधारित बायोग्राफी

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार:** मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन किया गया। गुरुवार को कक्षा 1, 2 और 3 के छात्र-छात्राओं को फायर प्रूफ बलून एक्टिविटी मैग्नेट एक्सपेरिमेंट, वोटर बलून एक्टिविटी, फायर एंड हंडकेर्चीफ एक्टिविटी, वोल्कानो एक्सपेरिमेंट एंड ट्रैवलिंग वॉटर एक्सपेरिमेंट आदि गतिविधियां कराई गईं।

कक्षा 4 व 5 को वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन पर आधारित बायोग्राफी दिखाई गई। वहीं छात्र-छात्राओं के द्वारा विज्ञान वरदान अथवा अभिशाप पर निबंध लिखाया गया। गतिविधि क्विज गतिविधि में रेड हाउस ने प्रथम स्थान, ब्लू हाउस ने द्वितीय स्थान तथा पर्पल हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता हाउस के प्रतिभागी अनुष्का जोशी, रिया भंडारी, पायल जोशी व अवनी चंद रही। द्वितीय स्थान पर वत्सल कलखुड़िया, कोमल कोटिया, दिपांशु चंद्र रजवार, वेदांत गोयल तृतीय स्थान पर भरत पाल, तनिषा जोशी, शगुन अग्रवाल, अंश चतुर्थ स्थान पर अफनान, खनक अग्रवाल, खुशी मंयक रहे। वहीं हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड संस्थान द्वारा जिन-जिन छात्राओं ने प्रतिभाग किया गया। उन सभी को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। वहीं विज्ञान के अध्यापक अनुराग चंद्र, उषा खोलिया व मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल के प्रबंधक गिरीश चन्द्र जोशी ने विज्ञान वरदान है अथवा अभिशापव के बारे में बताया।

इस अवसर पर फीलिस जॉर्ज, बबीता चंद्र, अंजू अधिकारी, कंचन बैज, बबीता जोशी समेत समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल में छात्र-छात्राएं अपने प्रमाण पत्र के साथ। ● अमृत विचार

# चौखुटिया के गधेरे में मृत मिली नवजात बच्ची

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के विकास खंड चौखुटिया के असेटी गांव के गधेरे में नवजात बच्ची का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस नवजात को अस्पताल लेकर गई, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले के सामने आने के बाद ग्रामीणों में खासा आक्रोश व्याप्त है।

असेठी गांव के रास्ते से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों ने गांव के गधेरे के पास एक नवजात को पड़े देखा। नवजात को देख ग्रामीणों के होश फाख्ता हो गए। आनन फानन में ग्रामीणों ने इसकी सूचना चौखुटिा पुलिस को दी, जिसके बाद थानाध्यक्ष बृजेमोहन भट्ट के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और नवजात का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने नवजात को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरा और उसे पोस्टमार्टम के लिए रानीखेत के उप जिला चिकित्सालय भेज दिया। अंदेशा जताया जा रहा है कि लोकलाज के भय से किसी ने नवजात को गधेरे में फेंक दिया होगा, लेकिन इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र के लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की जांच करने की मांग की है। इधर थानाध्यक्ष बृजमोहन भट्ट ने बताया कि मामले की तफ्तीश शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि रानीखेत उप जिला चिकित्सालय के डा. डीएस नेगी ने नवजात के शव का पोस्टमार्टम किया और उन्होंने शव के बच्ची के होने की पुष्टि भी की है।

# धधक रहे कालीगांव के जंगल

**नुकसान**

▸▸ वनाग्नि के कारण दिनभर जंगल जल रहे, लेकिन शिकायत के बाद भी वन विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के विकास खंड सल्ट में वनाग्नि की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते दिनों ब्लॉक मुख्यालय मौलेखाल से सटे जंगल के बाद गुरुवार को करीब चार किमी दूर कालीगांव में जंगल भयानक आग से धधक गए। वनाग्नि के कारण दिन भर जंगल जलते रहे, लेकिन शिकायत के बाद भी वन विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

वन विभाग जंगलों की आग पर काबू पाने के लिए भले ही तमाम प्रयास करने के दावे क्यों ना कर रहा हो, लेकिन सच्चाई यह है कि फायर सीजन की शुरूआत होने से पहले ही जंगल आग से धधकने लगे हैं। गुरुवार को सल्ट ब्लॉक के कालीगांव से पैंसिया के बीच में जंगल में अचानक आग लग गई। आग ने धीरे धीरे विकराल रूप धारण कर लिया और वह एक बड़े क्षेत्र में पहुंच गई। जंगल की आग के कारण कई नाप खेतों को भी नुकसान पहुंचा, जबकि कई जगहों पर पशुपालकों द्वारा अपने मवेशियों के एकत्र की गई सूखी घास भी वनाग्नि की भेंट चढ़ गई। जंगल की आग के कारण चारों ओर धुंए का गुबार उठने लगा। जिस कारण उधर जाने वाले वाहनों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनके द्वारा वन विभाग के स्थानीय कार्यालय में इसकी सूचना भी दी गई। लेकिन देर शाम तक आग बुझाने के लिए वन विभाग का कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा और जंगल धू धू कर जलता रहा।



सल्ट के कालीगांव में आग से धधकता जंगल। ● अमृत विचार

# अच्छे ब्याज का झांसा देकर 18 लाख हड़पे

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** नगर के तल्ला थपलिया मोहल्ले की एक महिला से लंदन मेटल एक्सचेंज नाम की कथित कंपनी द्वारा पूंजी निवेश कर अच्छा ब्याज पाने का झांसा देकर 18 लाख से अधिक की धनराशि हड़प ली। महिला ने कई बार कंपनी के अधिकारियों से पैसा वापस देने की मांग की, लेकिन वह उसे टालते रहे। संदेह होने पर अब पीड़ित महिला ने संबंधित कंपनी के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

अल्मोड़ा के तल्ला थपलिया मोहल्ले में रहने वाली अंजली सजवान ने अपनी तहरीर में कहा है कि कुछ समय पहले लंदन मेटल एक्सचेंज नाम की एक कंपनी के कुछ लोग उसके पास आए और पूंजी निवेश करने की बात कर अच्छा ब्याज दिए जाने का उन्हें भरोसा दिलाया। जिसके बाद कंपनी ने अंजली सजवान से 28 नवंबर 2023 से जनवरी 2024 तक 18,22,000 रुपये जमा करा लिए। कंपनी के अधिकारियों ने निवेश की गई राशि ब्याज समेत जल्द देने का झांसा महिला को दिया। जिस कारण उसने यह पैसे एकत्र करने के लिए अपने साथ साथ अपने पिता का पेंशन खाता भी बैंक से खाली करा पैसे कंपनी के अधिकारियों को सौंप दिए, लेकिन पिछले कई दिनों से संपर्क करने की कोशिश के बाद भी ना तो अधिकारी कोई रिस्पांस दे रहे हैं और ना ही उन्हें कोई धनराशि वापस दी गई।

# सजगता से काम करें नोडल अधिकारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनावों के नजदीक आते ही अब प्रशासन ने चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर विकास भवन में अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें आचार संहिता लागू होते ही किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

जिला विकास अधिकारी ने एसके पंत ने बैठक के दौरान अधिकारियों को संबोधित कर कहा कि चुनाव आचार संहिता निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद कभी भी लागू की जा सकती है, इसलिए अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित सभी कार्यों का व्यावाहारिक ज्ञान होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के लिए बनाए गए सभी नोडल अधिकारी अपने अपने दायित्वों को लेकर सजग रहें।

उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सभी सरकारी संपतियों, भवनों से राजनीतिक प्रकृति के सभी होर्डिंग, विज्ञापन तथा अन्य प्रचार सामग्री को हटाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रूप से लागू करने के लिए सभी स्तरों से सभी कार्य नोडल अधिकारियों द्वारा ही संपादित किए जाने हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने नहीं आनी चाहिए। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी डी कुमार, ईओ नगरपालिका भरत त्रिपाठी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



विकास भवन में अधिकारियों की बैठक लेते डीडीओ पंत। ● अमृत विचार

# बैरती में बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्वक जारी

**बैरती (अल्मोड़ा), अमृत विचार:** क्षेत्र में उत्तराखण्ड परिषदीय परीक्षाएं पूर्णतः नकल विहीन और शांतिपूर्वक संचालित हो रही हैं। केन्द्र व्यवस्थापक राइंका चित्रेश्वर भोलामोहन आर्य एवं राइंका महाकालेश्वर विनीता जोशी ने बताया कि चित्रेश्वर केन्द्र पर हाईस्कूल के इसी कालेज के 24 संस्थागत व नवप्रभात पब्लिक हाईस्कूल बसभीड़ा के 25 संस्थागत और मिशन इंटर कालेज द्वाराहाट के 12 व्यक्तिगत परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

इसी केन्द्र पर इंटर में 22 संस्थागत इसी कालेज के तथा 15 व्यक्तिगत परीक्षार्थी मिशन इंटर कालेज द्वाराहाट के परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। राजकीय इंटर कालेज महाकालेश्वर केन्द्र पर इसी कालेज के हाईस्कूल संस्थागत 23 परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

# तेंदुओं के आतंक से निजात को हवा में फायरिंग होगी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले में मानव वन्य जीव की घटनाओं में कमी होने का नाम नहीं ले रही है। जंगली जानवर यहां तक कि तेंदुए अब खुलेआम आबादी वाले इलाकों में विचरण कर रहे हैं और इंसानों और मवेशियों को अपना शिकार बना रहे हैं। जिस कारण वन विभाग की चुनौती अब और बढ़ गई है। डीएफओ अल्मोड़ा ने इस समस्या से निजात के लिए अब तेंदुए से अत्यधिक प्रभावित गांवों में हवा में फायरिंग कर तेंदुओं को भगाने के निर्देश कर्मचारियों को दिए हैं।

जिले के सभी विकास खंडों में तेंदुओं का आतंक अब आम हो गया है। आएदिन कहीं ना कहीं से तेंदुए के हमले या फिर उसके आबादी वाले क्षेत्रों में दिखने की घटनाएं लगातार अधिकारियों के पास आ रही हैं और उन पर काबू पाने के लिए महकमे पर दबाव भी बढ़ता जा रहा है। जिला मुख्यालय समेत विकास खंड भैंसियाछाना, हवालबाग, द्वाराहाट, सल्ट, सोमेश्वर समेत अनेक ब्लॉकों में यह समस्या अब आम हो गई है। लेकिन इससे निपटने के लिए विभाग कोई कारगर कदम नहीं उठा पा रहा है। बीते दिनों विकास खंड भैंसियाछाना के बिनसर अभ्यारण से लगे बबूरिया नायल, गोनाप, पल्यू, बेलवालगांव, कटौचिया, कलौन व कटधारा क्षेत्रों में तेंदुए ने तीन दर्जन से अधिक मवेशियों को अपना शिकार बना लिया।

**बैठक** ताकुला के नाईढोल में जीपीडीपी की बैठक में ग्राम पंचायतों की मजबूती पर जोर दिया गया

# ग्राम स्वराज के लिए पंचायतों का मजबूत होना जरूरी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सोमेश्वर विधानसभा के ताकुला विकास खंड में लोक प्रबंध विकास संस्था द्वारा ग्राम सभा नाईढोल में जीपीडीपी शेयरिंग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने स्थानीय स्वशासन और ग्राम स्वराज की अवधारणा को पूरा करने के लिए ग्राम पंचायतों का मजबूत होना काफी जरूरी है।

बैठक के दौरान संस्थ के सहयोग से बनाई गई ग्राम पंचायत विकास योजना में शामिल मुद्दों पर चर्चा की गई व संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा योजना क्रियान्वयन में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। बैठक को संबोधित कर एबीडीओ आनंद बल्लभ भट्ट द्वारा जीपीडीपी के विभिन्न थीम तथा उसके महत्व की जानकारी दी गई। लोकपाल मनरेगा सरोजनी जोशी ने मनरेगा कानून एवं उसमें शामिल विषयों के बारे में बताया। लोक प्रबंध विकास संस्था के संचालक ईश्वर जोशी ने कहा कि ग्राम स्वराज की प्राप्ति स्थानीय स्वशासन की मजबूती के बिना संभव नहीं है। उन्होंने स्थानीय स्वशासन की मजबूती के लिए ग्राम पंचायत तथा ग्राम सभा को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। वनदरोगा चारु चंद्र जोशी ने जैव विविधता संरक्षण हेतु दावानल नियंत्रण में पंचायत से सहयोग की अपील की, जबकि पशु प्रसार अधिकारी पूरन सिंह पाटनी द्वारा क्षेत्र में पशुपालन में आ रही दिक्कतों से निपटने के तरीकों के बारे में बताया। ग्राम प्रधान नंदन सिंह नयाल ने भी ग्राम पंचायत विकास योजना के निर्माण प्रक्रिया एवं उसमें शामिल मुद्दों को ग्रामीणों के सामने रखा।

बैठक में सरपंच पूरन सिंह, संसाधन पंचायत अध्यक्ष निर्मल नयाल, वार्ड सदस्य रेवती भंडारी, ग्राम प्रधान नंदन सिंह, दीप्ति भोजक, हेमा भंडारी, ठाकुर सिंह, पुष्कर सिंह, जमन सिंह, नीरू भंडारी, प्रेमा बिष्ट, प्रीति, राजेंद्र सिंह, मोहिनी देवी, ममता भंडारी, गंगा सिंह समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।




ताकुला में आयोजित बैठक में मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

# भूपाल ने जीते जुजित्सु में दो पदक

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** जूजित्सु एशोसियेसन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में देहरादून परेड ग्राउंड के बहुउद्देशीय हाल में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय जूजित्सु चैंपियनशिप 2024 में रानीखेत के मौना निवासी भूपाल सिंह बिष्ट ने शानदार प्रदर्शन कर एक रजत एवं एक कांस्य सहित 2 पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया।

जुजित्सु इंडिया के कार्यकारी निदेशक एवं एशियाई कोच सतीश जोशी ने बताया कि उक्त सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भूपाल सिंह बिष्ट ने उत्तराखण्ड राज्य से प्रतिभाग किया था। चैंपियनशिप में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इस होनहार खिलाड़ी ने जूजित्सु खेल की फाइटिंग स्पर्धा में रजत पदक एवं नेवाजा स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों को भारतीय ओलंपिक संघ की संयुक्त सचिव डॉ. अलकनंदा अशोक ने पदक पहनाकर सम्मानित किया। चैंपियनशिप में सर्वाधिक पदक जीतकर उत्तराखण्ड राज्य देश में लगातार 7वीं बार चैंपियन बना हैं। उन्होंने बताया कि अतिशीघ्र भूपाल सिंह बिष्ट को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 2 पदक जीतने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, खेल मंत्री रेखा आर्या, राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार जोशी, एशियाई पदक विजेता प्रज्ञा जोशी, सहायक निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी, क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष अरुण सूद, भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पांडेय, ज़िला ओलंपिक संघ के सचिव गोपाल खोलिया, ध्रुव रौतेला, राष्ट्रीय जज नीलेश जोशी, कोच कुंदन सिंह ने बधाई दी है।



दो पदक पाने वाले भूपाल सिंह बिष्ट।

## एक नजर

### दुष्कर्म के बाद नाबालिग हुई गर्भवती

**बागेश्वर :** थान बैजनाथ क्षेत्र में दुष्कर्म के बाद नाबालिग के गर्भवती होने का मामला प्रकाश में आया है। गरूड़ क्षेत्र के एक गांव निवासी एक नाबालिग को पेट दर्द की शिकायत हुई तो उसे परिजन अस्पताल ले गए, जहां परीक्षण में उसके पेट में गर्भ पाया गया। परिजनों ने थाना बैजनाथ में मामले की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस को नाबालिग ने बताया कि विवाह समारोह में उसके साथ दुष्कर्म हुआ। वह आरोपी को ठीक से पहचान नहीं पा रही है, जिससे नामजद प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है।

### सरयू पैदल पुल की जांच को दिल्ली से आएगी टीम

**बागेश्वर :** नगर के बहुचर्चित सरयू नदी पर बने पैदल पुल की जांच के लिए दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम बागेश्वर पहुंचेगी। लोनिवि के अधिशासी अभियंता धन सिंह कुटियाल ने बताया कि लोनिवि ने टीम को इसके लिए पूर्व में शुल्क प्रदान किया था परंतु गत माह वह नहीं आ पाई। बताया कि टीम तीन से नौ मार्च तक टीम के विशेषज्ञ यहां आकर सरयू पैदल पुल का निरीक्षण करेंगे व इसके बाद इसे खोलने या मरम्मत किए जाने पर विचार किया जाएगा। बता दें कि पुल को खोले जाने की मांग को लेकर नगर व्यापार संघ लंबे समय से आंदोलित हैं।

### बिजली की कटौती जारी

**हल्द्वानी :** ऊर्जा निगम की ओर से आमजनों को बिजली कटौती की समस्या से लोगों को निजात मिल पा रही है। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में घंटे बिजली कटौती का सामना लोगों को करना पड़ा। इसमें समता आश्रम गली, रामपुर रोड, मुखानी, राजपुरा समेत अन्य इलाकों 2 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। लगातार हो रही बिजली कटौती के चलते आमजनों के रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इधर ईई डीडी पांगती ने बताया कि कुछ समय के लिए शटडाउन लिया गया था बाद में आपूर्ति फिर से सुचारू रुप से बहाल कर दी गई।

### कार्यशाला दून में कल

**हल्द्वानी :** निपुण भारत मिशन के लिए देहरादून में नैनीताल जिले के सभी बीईओ, उप शिक्षा अधिकारी, एफएलएन समन्वयक प्रतिभाग करेंगे। जिला परियोजना अधिकारी जगमोहनी सोनी के अनुसार दो मार्च को देहरादून के राजपुर रोड स्थित एक होटल में होगी। प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों को मेरा विद्यालय निपुण विद्यालय की स्थिति, प्राथमिक विद्यालयों के परिसर में निपुण लोगो, स्लोगन, प्रतिज्ञा, उद्देश्य के प्रदर्शन की स्थित ब्लॉक पीएमयू बैठक की रिपोर्ट को लेकर कार्यशाला में उपस्थित होना होगा।

# ध्वनिमत से पास हुआ 89 हजार करोड़ का बजट

## विधानसभा के बजट सत्र का चौथा दिन रहा हंगामेदार, कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष ने किया वॉक आउट

**ब्यूरो, देहरादून**

**अमृत विचार :** विधानसभा में बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 89 हजार करोड़ का बजट ध्वनिमत से पास हो गया। वहीं, विपक्ष ने किशोरी की मौत को लेकर सदन में हंगामा काटा। वेल में पुलिस और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई और वॉक आउट कर दिया। इसके बाद सदन की कार्रवाई एक दिन पूर्व अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई।

उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन सवाल जवाब हुए। पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने सरकार से सवालों के जवाब मांगें। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि आरक्षित वर्गों के पदों में लगातार कटौती से आरक्षित समाज के लिए राज्याधीन सेवाओं में जाने के अवसर कम व समाप्त होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व तक आरक्षित वर्गों में भर्तियों में पर्याप्त उम्मीदवार नहीं मिलने से सरकारी विभागों में आरक्षित वर्गों में कई पदों का बैकलॉग था। आज उन्हीं विभागों में सीधी भर्ती वाले पदों पर आरक्षित वर्गों के पदों की संख्या उनके तय कोटे से अधिक कैसे हो गई। भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने सदन में स्वास्थ्य व कृषि समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी की वजह से इलाज के लिए हल्द्वानी या नैनीताल जाना पड़ता है। ग्रामीणों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता है। उन्होंने राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओखलकांडा का उच्चीकरण कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने व भीमताल के चारों ब्लॉकों की स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने की मांग की।

उद्यान मंत्री गणेश जोशी से रामगढ़, धारी, ओखलकांडा में किसानो के ए, बी, सी ग्रेड के सेब खरीदे गए थे लेकिन इसका भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने भुगतान दिलाने की भी मांग की। चर्चा के दौरान ही कांग्रेस विधायकों ने गुरुवार की सुबह रेसकोर्स के पास 15 वर्षीय किशोरी का शव मिलने पर सदन में कानून व्यवस्था को लेकर जोरदार हंगामा काटा। वे कानून व्यवस्था पर चर्चा की मांग को लेकर अड़ गए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने कहा कि शुक्रवार को इसकी रिपोर्ट सदन के सामने रखी जाएगी। इस पर विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया और वेल में आकर पुलिस और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।



विधानसभा में क्षेत्र की समस्याएं रखते भीमताल के विधायक राम सिंह कैड़ा।

### विधायक कैड़ा ने सदन में उठाया भीमताल क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था और किसानों का मुद्दा

**देहरादून :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने गुरुवार को विधानसभा सत्र के दौरान सदन में सरकार से कहा कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉकों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है, जिस कारण क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए हल्द्वानी या नैनीताल जाना पड़ता है। ग्रामीणों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता है। जिस कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक कैड़ा ने सरकार से भीमताल क्षेत्र में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओखलकांडा का उच्चीकरण कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने व भीमताल क्षेत्र के चारों ब्लॉकों की स्वास्थ्य व्यवस्था को सही करने की मांग की। विधायक कैड़ा ने उद्यान मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात कर कहा पूर्व में रामगढ़ धारी, ओखलकांडा किसानों के ए ग्रेट, बी व सी ग्रेड के सेब को उद्यान विभाग के द्वारा 12 रुपये किलो के हिसाब से ख़रीदा गया था, विभाग द्वारा भीमताल विधानसभा क्षेत्र के किसानों के खाते लेकर, खातों में किसानों के ऑनलाइन पैसा डालने की बात कही थी लेकिन 6 महीने से किसानों के खातों में पैसा नहीं डाला गया है। जिस कारण किसान परेशान हैं, विधायक कैड़ा ने उद्यान मंत्री से किसानों के सेब का पैसा दिलाने की मांग की। मंत्री ने सम्बंधित विभाग को निर्देशित कर आचार सहिता से पहले किसानों के सेब का पैसा उनके खातों में डालने का अस्वासन दिया। साथ ही विधायक कैड़ा ने कहा इस बार बारिश नहीं होने से किसानो को काफी नुकसान हो गया है। किसानों को अभी तक बीमा कम्पनियों द्वारा आलू, आदि फसलों का बीमा भी नहीं दिया गया है। विधायक ने मंत्री से बीमा कम्पनियों से किसानों का आलू, फसलों का बीमा दिलाने की भी मांग की है।

# अनुपयोगी जमीन में होगा मोटे अनाज का उत्पादन

**संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कृषि एवं उद्यान विभाग को अनुपयोगी जमीनों को चिहिन्त कर उनमें मंडुआ, झंगोरा एवं चौलाई के बड़े स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र विस्तार की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मंडुआ, झंगोरा व चौलाई का उत्पादन बढ़ाने तथा सप्लाई चेन को बेहतर करने के सम्बन्ध में गुरुवार को विधानसभा भवन में हाउस ऑफ हिमालया तथा मिलेट मिशन की बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किये हैं। सीएस ने कृषि एवं उद्यान विभाग को प्रदेश में अनुपयोगी घाटियां एवं जमीनों को चिहिन्त कर उनमें मंडुआ, झंगोरा एवं चौलाई के बड़े स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र विस्तार की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि यह कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाना है। इसका संचालन महिला स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता से दिया जाना चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा है कि मंडुआ, झंगोरा, चौलाई तथा अन्य स्थानीय उत्पादों के उत्पादन तथा प्रोक्यूरमेंट को बढ़ाने के लिए कृषि एवं उद्यान विभाग के साथ ही सहकारिता विभाग को भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मुख्य सचिव ने विधानसभा, सचिवालय, सहित जीएमवीएन, केएमवीएन आदि सभी सरकारी भवनों एवं संस्थानों में परोसे जाने वाले खाद्य उत्पादों में मिलेट्स मंडुआ, झंगोरा आदि का उपयोग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने विशेषरूप से महिला विकास एवं बाल कल्याण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग को महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य विकास हेतु मंडुआ, झंगौरा, चौलाई जैसे मिलेट्स को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में एएनएम, आशा तथा आंगनबाड़ी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, राधिका झा, वीबीआरसी पुरुषोत्तम, विनोद कुमार सुमन, चन्द्रेश कुमार, अरविन्द सिंह हयांकी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कोसी नदी पर झूला पुल निर्माण की कवायद शुरू

**संवाददाता, गरमपानी**

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के कोसी नदी पार के गांवों को झूला पुल से जोड़ने की कवायद तेज हो गई है झूला पुल निर्माण के बाद गांव के बाशिंदों को जान जोखिम में डाल आवाजाही नहीं करनी पड़ेगी। लोक निर्माण विभाग ने कटिमी, गजार व बिसगुली गांव को झूला पुल से जोड़ने को पहले चरण के कार्य के लिए 25 लाख रुपये का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है। सरकार से हरी झंडी मिलते ही सर्वे, डीपीआर निर्माण समेत अन्य कार्य शुरु होंगे।

ब्लॉक के कटिमी, गजार व बिसगुली गांव के सैकड़ों बाशिंदे जान जोखिम में डाल कोसी नदी पार कर सेठी - रामनगर मोटर मार्ग पर पहुंचते हैं। स्कूली बच्चे व गांवों के किसानों के लिए भी जान हथेली पर रख आवाजाही करना नियति बन चुका है। बारिश होने पर नदी का प्रवाह बढ़ जाता है जिससे स्कूली बच्चे स्कूल ही नहीं पहुंच पाते। गांव के किसान भी उपज को बड़ी मंडियों तक भेजने में असमर्थ हो जाते हैं। उपज के मंडी न पहुंचने से खेतों में ही बर्बाद हो जाती है। किसानों को भारी नुक्सान भी उठाना पड़ता है। वहीं मरीजों व बुजुर्गो को भी बामुश्किल अस्पताल पहुंचाया जाता है पर अब समस्याओं से निजात मिलने की उम्मीद जग गई है। गांव के बाशिंदों के लगातार मांग उठाए जाने के बाद अब लोनिवि रामनगर ने भी कदम बढ़ा लिए है। नदी पर सुरक्षित आवाजाही को झूला पुल निर्माण की कवायद शुरु कर दी गई है बकायदा पुल निर्माण के पहले चरण के कार्य के लिए प्रस्ताव बनाकर भी सरकार को भेजा गया है।

# चार लाख की स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार

**देहरादून, अमृत विचार :** ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत पुलिस ने नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 41 ग्राम स्मैक बरामद हुई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पटेलनगर पुलिस टीम चेकिंग में जुटी थीं। तभी हरिद्वार बाईपास रोड कबाडी पुल के पास विजलेन्स रोड कच्ची सडक से एक युवक को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम शाहरुख पुत्र इस्लाम (21 )निवासी ग्राम बुड्ढा खेडा थाना चिलकाना जिला सहारनपुर बताया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से कुल 41 ग्राम स्मैक मय 1090 रु0 नगदी बरामद की गई। उसके विरुद्व थाना पटेलनगर में रिपोर्ट दर्ज की गई।

# नाबालिग नौकरानी की मौत से सनसनी

**संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार :** यहां रेसकोर्स रोड़ पर गुरुवार को एक घर में नाबालिग नौकरानी की मौत की खबर से सनसनी फैल गई। किशोरी की मां ने गृहस्वामी पर हत्या का आरोप लगाया। जिस पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। साथ ही घटना की सूचना देने आए गृहस्वामी व एक अन्य व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुदकुशी की पुष्टि हुई। घटना को लेकर विधानसभा में खासा हंगामा हुआ। विपक्षी विधायकों ने इसको लेकर विधानसभा से वॉक आउट कर दिया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार पूर्वांह 11: 25 बजे अभिषेक लूथरा निवासी डी-92 फ्लैट नंबर 1 रेसकोर्स रोड अपने पिता के साथ चौकी फव्वारा चौक पर आए। उन्होंने सूचना दी कि उनके घर में काम करने वाली नाबालिक (15 ) ने उनके घर के बाथरूम में फांसी लगा ली है। जिसे वे अपने घर में काम करने वाले अन्य लोगों की सहायता से नीचे उतारकर उपचार हेतु कोरोनेशन अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**दो हिरासत में**

- घटना को लेकर विधानसभा में हंगामा, विपक्षी विधायकों ने किया वॉक आउट
- मृतका की मां ने लिखाया हत्या का मुकदमा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुदकुशी की पुष्टि

इसके बाद वरिष्ठ उप निरीक्षक मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे तथा मौके पर फील्ड यूनिट की टीम को भी बुला लिया। घटना स्थल की फोटोग्राफी/ विडियोग्राफी करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई तथा घर पर लगे सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर को कब्जे में लिया गया । महिला उप निरीक्षक कुसुम पुरोहित ने मृतका के शव का पंचायतनामें की कार्यवाही की। साथ ही वीडियोग्राफी कराते हुए मृतका के शव का तीन डाक्टरों के पैनल ( महिला डॉक्टर सहित ) के माध्यम से पोस्टमार्टम कराया गया।

मृतका नाबालिक पुत्री लक्ष्मी साहनी निवासी मुजफ्फरपुर बिहार हाल निवासी खान वाली गली धर्मपुर थीं। वह अपने माता पिता तथा 04 अन्य भाई बहनों के साथ रहती थी तथा भाई-बहनों में सबसे बडी थी। किशोरी के पिता लक्ष्मी साहनी ने उसकी हत्या किए जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी। जिस आधार पर थाना नेहरू कालोनी धारा 302, 323, 354, 342 भादवि तथा 7/8 पोक्सो एक्ट, 3 (क)/4 बाल श्रम प्रतिशेध अधि0 1986 के तहत अभिषेक उर्फ राजा लूथरा, उसकी पत्नी तथा एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व में ही पुलिस द्वारा संदिग्धों को तत्काल हिरासत में ले लिया गया था, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार घर से बरामद डीवीआर से सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करने पर किशोरी (मृतका) सुबह लगभग 9:27 बजे के आस-पास स्टूल लेकर बाथरूम की ओर जाती दिखाई दी तथा समय लगभग 10: 19 पर अभिषेक लूथरा सहित 04-05 लोग युवती को खोजते हुए बाथरूम की ओर जाते दिखाई दिए।

वे लडकी को बाथरूम से वापस लाकर सीपीआर (प्रारम्भिक उपचार) देने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण लटककर मौत होना पाया गया है। साथ ही मृतका के शरीर पर कोई बाहरी चोटों के निशान नहीं पाए गए। डाक्टरों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।



## सार-संक्षेप

### कलेक्ट्रेट गेट पर प्रेमिका की मां ने प्रेमी को चप्पलों से पीटा

**बरेली :** कलेक्ट्रेट गेट पर बृहस्पतिवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज करने पहुंची प्रेमिका को उसकी मां ने पकड़ लिया और फिर प्रेमी की चप्पलों से पिटाई कर दी। प्रेमी को बचाने में प्रेमिका को भी चप्पलें पड़ गईं। बीच सड़क पर पिटाई से लोगों की भीड़ जुट गई, जिससे यातायात प्रभावित हो गया। अधिवक्ता ने बीचबचाव किया। कोतवाली पुलिस ने प्रेमी को पकड़कर इज्जतगर पुलिस के हवाले कर दिया। इज्जतनगर पुलिस उसे थाने लेकर गई। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के खेड़े गांव निवासी छोटे लाल ने बताया कि वह एक साल से मुड़िया अहमदनगर की युवती से प्यार करते हैं। दोनों शादी करना चाहते हैं। बुधवार देर रात प्रेमिका घर से भागकर उनके पास आई और शादी करने की जिद पर अड़ गई। बृहस्पतिवार सुबह दोनों कोर्ट मैरिज करने के लिए कचहरी में अधिवक्ता के चैंबर में पहुंचे। इस दौरान लड़की की मां आ गईं और उन्हें चप्पलों से पीटने लगीं। जिससे भीड़ जुट गई। लड़की ने बताया कि वह प्रेमी से ही शादी करना चाहती है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो अपनी जान दे देगी, जबकि उसकी मां अपहरण करने का आरोप लगाकर हंगामा करती रही।

### अवैध कब्जा हटाने पहुंची रेलवे टीम खाली हाथ लौटी

**बरेली :** बरेली जंक्शन और उसके आसपास विकास कार्यों में अतिक्रमण बाधा बन रहा है। सुभाषनगर साइड में सड़क चौड़ी करने के लिए गुरुवार को रेलवे की टीम कब्जा हटाने के लिए पहुंची लेकिन उसे खाली हाथ वापस आना पड़ा। आरपीएफ बरेली जंक्शन से इंजीनियरिंग विभाग ने रेलवे कालोनी में अवैध कब्जा हटाने के लिए मदद मांगी थी। जिसके बाद इंजीनियरिंग विभाग के साथ आरपीएफ ने अपना स्टाफ भेजा, लेकिन आरपीएफ निरीक्षक को पता चला कि साउथ रेलवे कालोनी में जिस स्थान से अवैध कब्जा हटाना है, वह एक धर्म स्थल है, इसलिए आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक ने अपनी टीम को वापस बुला लिया। पूरे मामले में अब संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस से मदद ली जाएगी, ताकि किसी प्रकार का विवाद नहीं हो।

### बोर्ड परीक्षा में नकल के लिए वसूली का आरोप

**बरेली/भमोरा।** यूपी बोर्ड परीक्षा में भमोरा के एक स्कूल में नकल कराने के नाम पर छात्रों से पैसों की वसूली का आरोप लगा है। आरोप है कि प्रधानाचार्य ने छात्रों से मारपीट भी की। छात्रों ने आंवला एसडीएम से मामले की शिकायत की है। वहीं विद्यालय ने आरोपों को गलत बताया है। हालांकि जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह का कहना है कि इस संबंध में उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि शिकायत आती है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। छात्रों की ओर से एसडीएम को दिए पत्र के मुताबिक आरोप है कि गुरुवार को सारांश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सुबह हाईस्कूल की विज्ञान की परीक्षा थी। इस दौरान परीक्षा कक्ष में स्कूल के ही नियुक्त कक्ष निरीक्षक खुलेआम छात्राओं को इमला बोलकर नकल कराने लगीं। इस पर बाकी छात्रों ने भी कक्ष निरीक्षक को बताने को कहा।

### स्टेशन मास्टर मामा की धौंस नहीं चली, भरना पड़ा जुर्माना

**बरेली :** जब मामा स्टेशन मास्टर हैं तो टिकट लेने की क्या जरूरत। शायद यही सोच कर एक लड़की राजधानी एक्सप्रेस में सफर कर रही थी। जब टेकिट चेकिंग स्टाफ ने उसे बिना टिकट पकड़ा तो वह अपने मामा की धौंस जमाकर भिड़ गई। उसे बरेली जंक्शन पर आरपीएफ ने उतारा और थाने ले जाया गया। यहां पर चेकिंग स्टाफ ने उसे सात हजार रुपये जुर्माना वसूलने के बाद छोड़ा। सुभाषनगर की रहने वाली एक युवती लखनऊ में रहकर पढ़ाई करती है। गुरुवार को लखनऊ से बरेली आने के लिए ट्रेन संख्या 20503 राजधानी एक्सप्रेस में बिना टिकट के ही सवार हो गई। ट्रेन के बी-7 कोच में सवार युवती से हरदोई के पास टीटीई ने टिकट मांगा तो वह स्टाफ से ही भिड़ गई। लड़की स्टाफ को अपने स्टेशन मास्टर मामा की धौंस दिखाने लगी और टिकट नहीं बनवाया। इस दौरान ट्रेन में ही काफी हंगामा हुआ। टीटीई ने पूरे मामले की जानकारी कंट्रोल रूम को दी।

# दंगा कराना चाहते थे तौकीर

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** वृंदावन की चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद ने बृहस्पतिवार को आईजी दफ्तर के बाहर धरना देकर आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि मौलाना ने शहर में एक बार फिर दंगा कराने की साजिश रची थी। इसी के तहत उनके समर्थकों ने शहामतगंज में पथराव और मारपीट की थी।

स्वामी सच्चिदानंद बृहस्पतिवार को दामोदर पार्क से अपने कुछ अनुयायियों के साथ पैदल मार्च कर आईजी कार्यालय पहुंचे। आईजी नहीं मिले तो उनके कार्यालय के गेट के बाहर अनुयायियों के साथ धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि तौकीर रजा ने 2010 में समुदाय विशेष के युवाओं को भड़काकर दंगा करा दिया था। कई महीने तक बरेली के हालात बेहद संवेदनशील रहे थे और लोगों ने लंबे समय तक कर्फ्यू की मार झेलनी पड़ी थी। इसके बाद मौलाना ने 2017 में भी सार्वजनिक मंच से आपत्तिजनक टिप्पणी कर दंगा भड़काने की कोशिश की। स्वामी सच्चिदानंद ने कहा कि पिछले महीने तौकीर रजा ने फिर जेल भरो आंदोलन का एलान कर बरेली को दंगे की आग में झोंकने की कोशिश की। अपने समुदाय के लोगों को भड़काया जिसके बाद शहामतगंज बाजार में पथराव और आगजनी के साथ फल बेचने वाले असहाय लोगों के साथ मारपीट की गई, लेकिन प्रशासन की सूझबूझ से दंगा होने से बच गया। उन्होंने तौकीर के खिलाफ धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने के साथ पेशेवर आपराधिक धाराओं के तहत केस दर्ज कर जेल भेजने की मांग की। स्वामी सच्चिदानंद ने सीओ प्रथम संदीप कुमार सिंह को इस बारे में ज्ञापन भी सौंपा।



आईजी कार्यालय में बैठे स्वामी सच्चिदानंद। ● अमृत विचार

# पिटाई के बाद गला दबाकर की थी यश मित्तल की हत्या

**संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** शहर निवासी इलेक्ट्रानिक्स व्यापारी के बेटे और बीबीए के छात्र यश की हत्या गला दबाकर की गई थी। इसके पहले उसकी पिटाई भी की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। गला दबाए जाने के बाद ही यश की नाक से खून निकला था। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार दोपहर यश का शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। बेसुध मां बदहवास होकर गिर पड़ीं।

शहर की टीचर्स कालोनी निवासी कारोबारी प्रदीप मित्तल के बेटे यश मित्तल की हत्या उसके दोस्तों ने गला दबाकर की थी। यश नोएडा की एक यूनिवर्सिटी में बीबीए का छात्र था। आरोप है कि पुलिस को गुमराह करने को यश के फोन से आरोपियों ने उसके पिता के फोन पर छह करोड़ रुपये की फिरौती के लिए मैसेज भी भेजा था। इसके बाद यश के पिता ने नोएडा के दादरी थाने में अज्ञात के खिलाफ फिरौती मांगने का मुकदमा दर्ज कराया था। नोएडा पुलिस के अलावा वहां की एसओजी भी मामले की जांच में जुटी थी। क्षेत्र के तिगरिया भूड़ निवासी यश के दोस्त रचित को पूछताछ के लिए हिरासत में लेने के बाद उसकी निशानदेही पर यश का शव एक तालाब में गड्ढा खोदकर बरामद किया था।

**खुलासा**

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा घर पहुंचा व्यापारी का शव
- यश नोएडा की एक यूनिवर्सिटी में बीबीए का छात्र था

# हत्या में दंपती को उम्रकैद, जुर्माना

**पीलीभीत, अमृत विचार :** आठ साल पुराने बहुचर्चित संजीव कुमार हत्याकांड में सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय ने आरोपी दंपती को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। स्पेशल जज एससी एसटी एक्ट महेशानंद झा ने दंपति को उम्रकैद के साथ 25-25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

दियोरियाकलां कोतवाली में ग्राम जगतपुर रामनगर निवासी रामगोपाल पुत्र लीलाधर ने तहरीर देकर बताया था कि तीन सितंबर 2016 को उसका भाई संजीव कुमार शाम छह बजे अचानक लापता हो गया था। पहले तो परिजन समझे कि संजीव मजदूरी करने चला गया होगा। तीन दिन बाद छह सितंबर की शाम करीब छह बजे वादी खेत से होकर गुजर रहे थे। तभी गांव के ही ताराचंद के मकान की तरफ गए तो वहां दुर्गंध आती महसूस हुई।

# स्कूटी सवार को बस ने रौंदा, मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्कूटी सवार बिल्डिंग कारीगर को बस में पीछे से टक्कर मार दी है। बस का पहिया चढ़ जाने से कारीगर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ सवार एक अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे में शामिल बस को छोड़कर चालक फरार हो गया है।

बताया जा रहा है कि मोहम्मद राशिद (23) पुत्र सफदर हुसैन गुरुवार सुबह मुरादाबाद से एक्सपोर्ट मैटेरियल का कुछ सामान खरीद कर स्कूटी से अपने गांव लौट रहा था। उसके साथ उसका साथी अकरम निवासी कबीरनगर भी स्कूटी पर सवार था।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले की सुनवाई 13 को

**विधि संवाददाता,प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में दाखिल याचिकाओं पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से मुस्लिम पक्ष ने अपने तर्क दिए। मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बहस की। मुस्लिम पक्ष की ओर से हिंदू पक्ष द्वारा दाखिल याचिकाओं को पोषणीय न बताते हुए तर्क दिए गए। इसके साथ ही एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष गोयल को पदमुक्त (डिस्चार्ज) करने के लिए सीपीसी की धारा 151 के तहत एक आवेदन दाखिल किया गया, जिसका हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि वह इस आवेदन के खिलाफ आपत्तियां दाखिल करेंगे। इसके अलावा वर्ष 1968 में हुए समझौते को लेकर भी मुस्लिम पक्ष ने तर्क दिए।

मालूम हो कि उक्त समझौते में केशव देव कटरा की 13.7 एकड़ भूमि शाही ईदगाह मस्जिद को दी गई है। मामले की अगली सुनवाई आगामी 13 मार्च को दोपहर 2 बजे से सुनिश्चित की गई है। मुस्लिम पक्ष की बहस पूरी होने के बाद हिंदू पक्ष को अपने तर्क प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

# सद्दाम समेत 11 पर लगाया गैंगस्टर

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर पुलिस ने माफिया रहे अशरफ के साले समद उर्फ सद्दाम, मो. रजा उर्फ लल्ला गद्दी, मो. फरहद खां उर्फ गुड्डू, मो. सरफुद्दीन, फुरकान नवी खान, राशिद अली, मो. आरिफ, आतिन जफर, जेल वार्डन मनोज कुमार, शिव हरी अवस्थी और कैंटीन संचालक दयाराम उर्फ नन्हे के खिलाफ गिरोहबंद की कार्रवाई की है। पुलिस ने कैंटीन संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और सद्दाम बदायूं जेल में है। पुलिस अन्य की तलाश में पुलिस जुट गई है।

बिथरी चैनपुर इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि पिछले साल प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के बाद इस गिरोह का नाम सामने आया था।

# पूर्व सांसद जयाप्रदा की दो याचिकाएं हुईं खारिज

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सपा सांसद जयप्रदा की दो अलग-अलग मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को वापस लिए जाने के आधार पर खारिज कर दिया। मंगलवार को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई सुनवाई के दौरान जयप्रदा के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि वह कुछ नए तथ्यों और दस्तावेजों के साथ नई अर्जी दाखिल करना चाहते हैं। रामपुर की जिला अदालत से दो मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को इसी आधार पर वापस लिए जाने की प्रार्थना की गई। मौजूदा दोनों मुकदमे वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान रामपुर में आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े हुए हैं। रामपुर की जिला अदालत से समन जारी होने के बावजूद जयाप्रदा कोर्ट में उपस्थित नहीं हुईं। कई बार समन जारी होने के बाद भी अभिनेत्री की गैर मौजूदगी के कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया था। अंत में कोर्ट ने जयप्रदा के अधिवक्ताओं के अनुरोध को स्वीकार करते हुए याचिकाओं को वापस लेने की शर्त पर खारिज कर दिया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1835, राज श्री 1360, फॉर्चून कि. 1685, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1390, सचिन 1435, सूरज 1415, अवसर 1535, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1430, क्लासिक (किलो) 1610, मोर 1580, चक्र टिन 1650, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज 3940, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

# देश में 3 सेमीकंडक्टर संयंत्र होंगे स्थापित

## मंजूरी के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा-1.26 लाख करोड़ रुपये का होगा निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार ने बृहस्पतिवार को 1.26 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। इनमें टाटा समूह और जापान की रेनेसस इलेक्ट्रॉनिक्स की परियोजनाएं शामिल हैं। चिप की जरूरत को पूरा करने के लिए भारत की आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल के प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रक्षा, ऑटोमोबाइल और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों के लिए चिप बनाने वाली इन इकाइयों का निर्माण कार्य अगले 100 दिनों में शुरू हो जाएगा। तीनों इकाइयां 'सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण परिवेश का विकास' कार्यक्रम के तहत स्थापित की जाएंगी। इस कार्यक्रम के तहत 76,000 करोड़ रुपये तक की सरकारी सहायता दी जाती है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प (पीएसएमसी) के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगी। इस संयंत्र की स्थापना गुजरात के धोलेरा में की जाएगी। इसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

### बाघों के संरक्षण के लिए 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' का होगा गठन

केंद्रीय कैबिनेट ने बाघों और ऐसे अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के लिए एक वैश्विक नेटवर्क 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) के गठन को मंजूरी दी। इस संस्था का मुख्यालय भारत में होगा। इसमें वन्यजीवों से संबंधित 96 देशों की बहु-एजेंसी संस्था के रूप में आईबीसीए की कल्पना की गई है। कुल सात वन्यजीवों (बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता) में से पांच बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता भारत में पाए जाते हैं। मंत्रिमंडल ने 2023-24 से 2027-28 तक पांच साल की अवधि के लिए आईबीसीए की खातिर 150 करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता को मंजूरी दी है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय करने के लिए एमएमडीआर अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस बारे में फैसला किया गया। बयान के मुताबिक-केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों के संबंध में रॉयल्टी की दर निर्दिष्ट करने के लिए खान एवं खनिज विकास और विनियमन (एमएमडीआर) अधिनियम, 1957 की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

### डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मुंबई हवाई अड्डे पर एक 80 साल के यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं कराने के मामले में एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। व्हीलचेयर नहीं मिलने के कारण यात्री को विमान से टर्मिनल तक चलना पड़ा था और वह गिर गया था। बाद में इस यात्री की मृत्यु हो गई थी। यह घटना 12 फरवरी को हुई थी। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है क्योंकि वह बुजुर्ग यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध कराने में विफल रही थी। अधिकारी ने कहा-इसके अलावा एयर इंडिया ने इस मामले में गलती करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई की भी जानकारी नहीं दी है।

# सरकार ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन किया तय

नई दिल्ली, एजेंसी

● खाद्य मंत्रालय ने फैसले के बारे में दी जानकारी



सरकार ने 2024-25 रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन तय किया है। खाद्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरकार के गेहूं खरीद के लक्ष्य को कुछ कम माना जा रहा है।

कृषि मंत्रालय को फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में 11.4-11.5 करोड़ टन के रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन की उम्मीद है। इसके बावजूद सरकार द्वारा खरीद का लक्ष्य कम रखा गया है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में में राज्यों के खाद्य सचिवों की बैठक हुई थी। इसी बैठक में विचार-विमर्श के बाद गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। मंत्रालय ने बयान में कहा-विचार-विमर्श के बाद आगामी रबी विपणन सत्र 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद का अनुमान तीन से 3.2 करोड़ टन का तय किया गया है। गेहूं के अलावा, मंत्रालय ने चावल के मामले में रबी धान खरीद का लक्ष्य 90 लाख से एक करोड़ टन तय किया है। सरकार ने रबी मोटे अनाज/बाजरा (श्रीअन्न) के लिए 6,00,000 टन का खरीद लक्ष्य भी निर्धारित किया है। केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से फसलों के आहार में पोषण बढ़ाने के लिए बाजरा की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,850 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,025 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,700-47,900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 71,500 |
| चांदी तैयार | 71,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 708 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,050 |
| चांदी आभूषण | 71,800। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 98 मसूरी 85 बासमती 145-165, **दाल दलहन**-काला चना 96 साबुत चना दाल 94 मूंग साबुत 118 राजमा- 147 दाल उड़द 147 साबुत मसूर दाल 109 मसूर दाल 110 उड़द साबुत 130 काबुली चना 180 अरहर दाल 160 लोबिया/करमानी 130 सोयाबीन 90 मूंगफली 130 मटर (सूखी) 60-68 मक्का 30 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 रुपये चना कावली: 145 से 160 रुपये राजमा लाल: 155 रुपये राजमा चित्ता: 145 लोबिया लाल: 94 रुपये लोबिया सफेद: 98 रुपये।

# देश में एफडीआई प्रवाह 13% घटकर 32 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह यानी अप्रैल-दिसंबर-2023 में 13 प्रतिशत घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, वाहन और फार्मा क्षेत्रों में कम निवेश के कारण एफडीआई घटा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश में 36.74 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान एफडीआई प्रवाह 18 प्रतिशत बढ़कर 11.6 अरब डॉलर रहा है, जो 2022-23 की समान तिमाही के दौरान 9.83 अरब डॉलर था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई प्रवाह (जिसमें इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेश आय और अन्य पूंजी शामिल है) अप्रैल-दिसंबर, 2022 के 55.27 अरब डॉलर के मुकाबले चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में सात प्रतिशत घटकर 51.5 अरब डॉलर रह गया है।

# 8 बुनियादी उद्योगों की वृद्धि 15 माह के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● आंकड़ों के अनुसार-जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6% पर आ गई



आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6 प्रतिशत पर आ गई। यह इसका 15 माह का निचला स्तर है। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात और बिजली जैसे क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण वृद्धि धीमी हुई।

गौरतलब है कि आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन दिसंबर, 2023 में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 9.7 प्रतिशत थी। इन आठ क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। जनवरी, 2024 से कम वृद्धि दर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी के दौरान बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 8.3 प्रतिशत थी। जनवरी, 2024 में रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक का उत्पादन घट गया है।

समीक्षाधीन महीने में कोयला, इस्पात और बिजली के उत्पादन में वृद्धि की गति धीमी हो गई। हालांकि, इस दौरान कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और सीमेंट के उत्पादन में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में आठ प्रमुख क्षेत्रों का योगदान 40.27 प्रतिशत है।

## राष्ट्रीय

# 400 पार का नारा जनता ने दिया, हमारी गारंटी पर देश को विश्वासः नरेंद्र मोदी

## मध्य प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री ने 17,551 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

भोपाल, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में उतर रही है तथा चारों ओर एक ही बात सुनाई दे रही है कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) इस बार 400 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा हमने नहीं, जनता ने दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के उनके कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की साख कई गुना बढ़ी है, जिससे देश में निवेश आकर्षित करने में मदद मिली है और दुनिया भर के देश भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने के इच्छुक हैं।

मोदी ने भाजपा शासित मध्य प्रदेश में 17,551 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद 'विकसित भारत, विकसित मध्य प्रदेश' कार्यक्रम को वर्चुअल तौर पर संबोधित किया।

### प्रधानमंत्री बिहार, झारखंड और बंगाल में करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार और शनिवार को झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और करोड़ों रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री एक मार्च को लगभग 11 बजे झारखंड के सिंदरी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वह राज्य में 35,700 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह करीब तीन बजे पश्चिम बंगाल के हुगली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अगले दिन शनिवार को प्रधानमंत्री लगभग 10:30 बजे पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कृष्णानगर पहुंचेंगे, जहां वे 15,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

### राष्ट्रपति ने केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दी

**तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दे दी है लेकिन उन्होंने तीन विश्वविद्यालय कानून विधेयकों पर अपनी स्वीकृति अभी नहीं दी है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राष्ट्रपति को ये विधेयक उनकी स्वीकृति के लिए भेजे थे। राजभवन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ने केरल विश्वविद्यालय कानून (संशोधन संख्या 2) विधेयक 2022 पर अभी अपनी स्वीकृति नहीं दी है। बयान के अनुसार इसके अलावा विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2022 और विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2021 को भी राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। राष्ट्रपति को भेजे गए सात विधेयकों में से केवल एक विधेयक केरल लोकायुक्त संशोधन विधेयक, 2022 को सहमति दी गई है।




**बीकानेर :** महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (एमएफएफआर) में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' के पांचवें संस्करण के दौरान भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के जवान। ● एजेंसी

## एक नजर

### भाजपा में शामिल हुए बीआरएस सांसद रामुलु

**नई दिल्ली।** तेलंगाना से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सांसद व दलित नेता पी रामुलु बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वह लोकसभा में नागरकुरनूल (आरक्षित) संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य के लक्ष्मण, राष्ट्रीय महासचिव व तेलंगाना के प्रभारी तरुण चुघ और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी के अरुणा की मौजूदगी में रामुलु ने भाजपा की सदस्यता ली।

### फड़णवीस को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने गुरुवार को कथित तौर पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान योगेश सावंत के तौर पर हुयी है और इसने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया पेज पर एक विवादास्पद वीडियो साझा किया था, जिसमें उसने श्री फड़नवीस को जान से मारने की धमकी दी थी। बाद में सावंत को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# कोर्ट ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगों का मामला




दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को शहर पुलिस से जवाब मांगा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के दौरान पठान पर एक पुलिसकर्मी पर खुलेआम बंदूक तानने का आरोप है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने पठान की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। उच्च न्यायालय ने पठान के जेल में उसके आचरण का विवरण देने का भी आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

अदालत ने कहा-नोटिस जारी किया जाता है। लोक अभियोजक ने नोटिस स्वीकार कर लिया है और स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा है।'' पठान के वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि उस पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है, जिसके लिए अधिकतम सजा 10 साल है। उन्होंने इस आधार पर जमानत मांगी कि पठान पिछले चार साल से हिरासत में हैं। अभियोजक ने अदालत से आग्रह किया कि वह आरोपी के आचरण पर जेल से भी रिपोर्ट मांगे। पठान ने निचली अदालत के पिछले साल 14 दिसंबर के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। पठान के वकील ने कहा कि उसने इस आधार पर राहत मांगी थी कि वह मार्च 2020 से हिरासत में हैं और लगभग 90 गवाहों से पूछताछ की जानी बाकी है। जाफराबाद में 24 फरवरी, 2020 को सांप्रदायिक दंगों के दौरान पठान पर दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल पर पिस्तौल तानने और गोलीबारी करने का आरोप है। पठान को तीन मार्च, 2020 को उत्तर प्रदेश के शामली जिले से गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह यहां एक जेल में बंद है। उत्तर पूर्वी दिल्ली में 24 फरवरी, 2020 को नये नागरिकता कानून का समर्थन और इसका विरोध करने वालों के बीच सांप्रदायिक झड़पें हुईं थीं। इन झड़पों में 53 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

# मणिपुर में शांति बनाए रखने के लिए असम राइफल्स की मांगी मदद

इंफाल, एजेंसी

● सरकार ने हिंसा प्रभावित छह जिलों के लिए बनाई रणनीति

मणिपुर सरकार ने राज्य के हिंसा प्रभावित छह जिलों में शांति कायम रखने और जनता का विश्वास बहाल करने के लिए असम राइफल्स से मदद मांगी है।

इंफाल पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट ने बृहस्पतिवार को कानून व्यवस्था के उल्लंघन की खबरों, खासतौर पर भीड़ हिंसा की घटनाओं का उल्लेख किया। आदेश में कहा गया, हालात जिला प्रशासन और पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो गए हैं। इसमें कहा गया है कि जिले के विभिन्न हिस्सों में 29 फरवरी से पांच मार्च तक असम राइफल्स की सेवाएं मांगी गई हैं। इससे पहले बुधवार रात को इंफाल पश्चिम में हजारों महिलाओं ने मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार और कुकी उग्रवादी समूहों के बीच अभियानों का निलंबन (एसओओ) समझौते को समाप्त करने की मांग की। करीब 200 हथियारबंद लोगों ने 27 फरवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम अमित सिंह के आवास में गोली चलाई और तोड़फोड़ की थी।

# राजस्थान में लव जेहाद के मामले में दो लड़कियों सहित तीन लोग गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान में अलवर शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत एक मोहल्ले में किराए पर रहने वाली हिंदू लड़कियों से दोस्ती कर 'लव जेहाद' कराने के मामले में पुलिस ने दो लडकियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि गत 27 फरवरी को अलवर में कॉलेज में पढने वाली दो लड़कियों ने थाना कोतवाली में एक शिकायत दी कि उनकी दो रूममेट काजल उर्फ बबीता और सकीना मेव है जो धर्म परिवर्तन करने की बात कहती हैं और जबरन वसीम नामक युवक से दोस्ती करने की बात कहती है। शिकायत के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### रोहिंग्या शरणार्थियों की रिहाई संबंधी याचिका पर कोर्ट करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देश भर की जेलों और हिरासत केंद्रों में 'अवैध और मनमाने ढंग से' हिरासत में रखे गये रोहिंग्या शरणार्थियों को रिहा करने के लिए सरकार को निर्देश देने संबंधी याचिका की मार्च में सुनवाई करने पर बृहस्पतिवार को सहमति जता दी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ वकील प्रशांत भूषण द्वारा मामले का विशेष उल्लेख किये जाने के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमत हुई। भूषण ने दलील दी थी कि इस मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है। भूषण ने कहा कि केंद्र को नोटिस जारी करने के बावजूद, भारत सरकार ने आज तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है।

# असम : विपक्ष ने राष्ट्रपति से सीएए रद करने का किया आग्रह

गुवाहाटी, एजेंसी

## हस्तक्षेप की मांग

● सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच यूओएफए ने लागू करने पर आंदोलन की दी चेतावनी




असम में विपक्षी दलों ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को रद करने के लिए बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप करने की मांग की और कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे राज्य भर में 'लोकतांत्रिक जन आंदोलन' करेंगे। सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच असम (यूओएफए) ने मुर्मू को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा।

यूओएफए ने कहा-यह अधिनियम न केवल असंवैधानिक है बल्कि यह इतिहास, संस्कृति, सामाजिक ताने-बाने, अर्थव्यवस्था और असमिया लोगों की पहचान को खतरे में डालकर 1985 के ऐतिहासिक असम समझौते को भी रद करने वाला है। यूओएफए ने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप करने और केंद्र को असम में नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 को लागू करने के अपने फैसले से बचने व इस 'असंवैधानिक और राष्ट्र-विरोधी' अधिनियम को रद्द करने का निर्देश देने का आग्रह किया। ज्ञापन में कहा गया, ''हम आपको सूचित करते हैं कि अगर भारत सरकार इन मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो हम विपक्षी राजनीतिक दलों और असम के लोगों के पास सरकार को मजबूर करने के लिए लोकतांत्रिक जन आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

### सीएए के खिलाफ अब प्रदर्शन का कोई मतलब नहीं आंदोलनकारी उच्चतम न्यायालय जाएंः हिमंत



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि इस समय नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ किसी प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है और कानून के खिलाफ लोग उच्चतम न्यायालय का रुख कर सकते हैं। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद, जिसने कानून पारित किया था, 'सर्वोच्च नहीं' है क्योंकि शीर्ष अदालत इसके ऊपर है और वह किसी भी कानून को रद कर सकती है जैसा उसने चुनावी बांड के मामले में किया। उन्होंने कहा कि सीएए के खिलाफ प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है क्योंकि आंदोलन संसद द्वारा पारित किसी कानून के संबंध में कारगर नहीं हो सकते। बदलाव केवल उच्चतम न्यायालय में हो सकता है जैसा कि उसने भाजपा द्वारा लागू चुनावी बांड के मामले में किया।



# पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर ट्रायल के बाद : डब्ल्यूएफआई

## 15 महीने बाद शिविर की तैयारी कर रहा है महासंघ, किसान आंदोलन के कारण दिल्ली में हो सकता है आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10-11 मार्च के ट्रायल के बाद शिविर





भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) 15 महीने बाद सीनियर राष्ट्रीय शिविर की तैयारी कर रहा है और किसान आंदोलन से शिविर पटियाला की बजाय दिल्ली में आयोजित हो सकता है। डब्ल्यूएफआई के राष्ट्रीय शिविर जनवरी 2023 के बाद से बंद है जब देश के तीन शीर्ष पहलवानों ने तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया था।

इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10 और 11 मार्च को होने वाले ट्रायल के तुरंत बाद राष्ट्रीय शिविर शुरू होगा। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद कुश्ती का काम देख रही तदर्थ समिति ने जयपुर में अपनी राष्ट्रीय चैंपियनशिप कराने के बाद रोहतक (पुरुष) और पटियाला (महिला) में अभ्यास शिविर शुरू किए। युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा निलंबन वापिस लेने के बाद डब्ल्यूएफआई ने बिशकेक में 11 से 16 अप्रैल तक होने वाली एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप और 19 से 21 अप्रैल तक उपमहाद्वीपीय ओलंपिक क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम चुनने को ट्रायल का ऐलान किया। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि ट्रायल के बाद हर वर्ग के शीर्ष 4 पहलवानों को राष्ट्रीय शिविर में बुलाया जाएगा। समझा जाता है कि सोनीपत के साइ केंद्र में पुरुष और दिल्ली के आईजी स्टेडियम में महिला वर्ग के शिविर लगेंगे। सूत्र के अनुसार पंजाब में गतिविधियों पर प्रतिबंध से हर किसी के लिए पंजाब पहुंचना आसान नहीं होगा। सरकार से महिलाओं के शिविर के लिए आईजी स्टेडियम देने का अनुरोध किया है।

### ट्रायल में उतरने से बजरंग का इंकार, अदालत की ली शरण



**नई दिल्ली।** आगामी राष्ट्रीय ट्रायल में भाग लेने के भारतीय कुश्ती महासंघ के न्योते को ठुकराते हुए पहलवान बजरंग पूनिया ने दिल्ली हाईकोर्ट में आपात संयुक्त याचिका दायर करके 10-11 मार्च को आयोजित चयन ट्रायल पर रोक की मांग की है। बजरंग, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान ने अदालत की शरण ली है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। बजरंग ने याचिका दायर करने की पुष्टि नहीं की लेकिन भारतीय कुश्ती पर सरकार की चुप्पी पर सवाल दागे। दो महीने से रूस में अभ्यास कर रहे बजरंग ने कहा कि अगर ट्रायल संजय सिंह की अगुवाई वाली डब्ल्यूएफआई करा रही है तो वह इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने कहा अगर मुझे ट्रायल में भाग नहीं लेना होता तो मैं अभ्यास पर 30 लाख खर्च नहीं करता लेकिन निलंबित डब्ल्यूएफआई ट्रायल कैसे करा रहा है।

**पूर्व सीईओ नोर्मन ने विवादास्पद हालात में पद से दिया था त्यागपत्र**

# हॉकी इंडिया प्रमुख टिर्की ने कहा- एलेना ने सीईओ के रूप में शानदार काम किया

राउरकेला, एजेंसी



एलेना नोर्मन भले ही विवादास्पद हालात में पद छोड़कर गई हों लेकिन हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पूर्व सीईओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह खेल के विकास में इस ऑस्ट्रेलियाई अधिकारी के योगदान की सराहना करते हैं।

टिर्की ने हालांकि हॉकी इंडिया में गुटबाजी के नोर्मन के दावे को खारिज कर दिया। टिर्की ने कहा कि पद संभालने के बाद हमने अच्छा काम किया है और मैं इसकी सराहना करता हूं। हमने दो साल में टीमों का प्रदर्शन देखा है। हमारी सीईओ ने भारतीय हॉकी के लिए शानदार काम किया है। हम उनके प्रयासों और योगदान की सराहना करते हैं। टिर्की और सचिव भोलानाथ सिंह ने इससे एक दिन पहले संयुक्त बयान जारी कर नोर्मन के दावे को खारिज किया था।

नोर्मन ने मंगलवार को इस्तीफा दिया था और आरोप लगाया कि संघ में गुटबाजी है। एक में दिलीप टिर्की और मैं तथा दूसरे में भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। नोर्मन का इस्तीफा भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच यानेक शॉपमैन के पद छोड़ने के ठीक बाद आया है। उन्होंने भी काम की मुश्किल परिस्थितियों की शिकायत की थी। नीदरलैंड की कोच ने हॉकी इंडिया पर महिला हॉकी के साथ सौतेला व्यवहार करने का भी आरोप लगाया था।

**खेल डायरी**

### यूवेंटस के मिडफील्डर पॉल पोग्बा डोपिंग के लिए प्रतिबंधित, खेल पंचाट में करेंगे अपील



**रोम, एजेंसी।** इटली की डोपिंग रोधी अदालत ने यूवेंट्स के मिडफील्डर पॉल पोग्बा पर टेस्टोस्टेरॉन का पॉजिटिव पाए जाने के बाद गुरुवार को 4 साल के लिए प्रतिबंध लगाया। पोग्बा ने कहा कि वह स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट में अपील करेंगे, लेकिन पोग्बा ने पॉजिटिव आने के लिए कोई कारण नहीं बताया। खेल पंचाट के फैसले में एक साल लग सकता है। विश्व कप विजेता फुटबॉलर पोग्बा के सितंबर में पॉजिटिव पाए जाने के बाद इस अधिकतम प्रतिबंध की घोषणा की गई। पोग्बा ने कहा कि उनका मानना है कि यह फैसला गलत है। मैं इस फैसले से दुखी हूं क्योंकि मैंने अपने पेशेवर खेल करियर में जो कुछ भी हासिल किया, वो सब मुझसे छीन लिया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी जानबूझकर कोई सप्लीमेंट नहीं लिया है, जिससे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन हुआ हो। 20 अगस्त को उडिनेसे में युवेंटस के मैच के बाद उनकी जांच हुई थी। वह सीरी ए के इस मैच में नहीं खेले थे। पोग्बा ने इटली की डोपिंग रोधी एजेंसी से कोई समझौता नहीं करने का फैसला किया जिसके बाद मामला डोपिंग रोधी अदालत में गया। पोग्बा की सजा को सार्वजनिक नहीं किया गया।

### प्रज्ञानानंदा ने की चूक प्राग में दूसरे दौर में हारे

**प्राग, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ईरान के परहाम मघसूडलू से पराजित होना पड़ा। साथ ही क्लासिकल शतरंज में उनका 47 मैचों का अपराजेय अभियान खत्म हो गया। इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष स्थान भी गंवा दिया जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया है। डी गुकेश ने चेक गणराज्य के एंगुयेन थाई दाइ वान को हराया। टूर्नामेंट के सात दौर बाकी हैं जबकि परहाम दो अंक लेकर शीर्ष पर हैं। गुकेश और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव उनसे आधा अंक पीछे हैं। उजबेक खिलाड़ी ने भारत के विदित गुजराती से ड्रा खेला। प्रज्ञानानंदा, गुजराती, रोमानिया के रिचर्ड रैपो और चेक गणराज्य के डेविड नवारा चौथे स्थान पर हैं।

### अश्लील इशारे पर रोनाल्डो 1 मैच के लिए निलंबित

**रियाद, एजेंसी।** सउदी प्रो लीग फुटबॉल में अल नासर के लिए खेलते हुए अश्लील इशारे करने की वजह से पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक मैच के लिए निलंबित कर दिए गए हैं। अल नासर ने स्थानीय प्रतिद्वंद्वी अल शबाब को रविवार को 3-2 से हराया, जिसके बाद रोनाल्डो ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र इशारे किए। दर्शक उनके चिर प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के नाम से 'मेस्सी मेस्सी' के नारे लगा रहे थे। सउदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को निलंबन की घोषणा की। अल नासर को अगले मैच में अल हजम से खेलना है। रीयाल मैड्रिड और मैनचेस्टर युनाइटेड के पूर्व स्टार रोनाल्डो को 5 हजार डॉलर अल शबाब को और आधी राशि महासंघ को जुर्माने के तौर पर देनी होगी।

### खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी होंगे: खेल मंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को घोषणा की कि सरकार देश भर में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी। इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतिभागिता को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी। डिजिटल सर्टिफिकेट में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की तारीफ रहेगी और यह उनकी उपलब्धियों का सबूत होगा। ठाकुर ने एक्स पर लिखा, हमारे खेल ढांचे की धुरी खिलाड़ी हैं और इसे ध्यान में रखकर खेल मंत्रालय ने उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट देने का फैसला किया है। खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए चीजें आसान करने की योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था। उस समय एनएसएफ पोर्टल भी शुरू हुआ था। ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ी सर्वोपरि नीति के अनुरूप राष्ट्रीय खेल महासंघों को डिजिलॉकर के जरिए खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देने के लिए कहा गया है। यह फैसला एनएसएफ के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और कुशलता को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के दस्तावेजों की सुरक्षा, पहुंच और सत्यता सुनिश्चित करने को लिया गया है।

# राहुल पांचवें टेस्ट से बाहर, बुमराह की वापसी

## बीसीसीआई ने कहा- चोट के कारण धर्मशाला के टेस्ट में नहीं खेलेंगे राहुल, टीम में भागीदारी फिटनेस पर थी निर्भर

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को कहा कि केएल राहुल चोट के कारण धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेलेंगे जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम में वापसी करेंगे।

राहुल के दाएं पैर की जांघ में सूजन है और वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। यह विकेटकीपर बल्लेबाज जनवरी में हैदराबाद में श्रृंखला के पहले मैच के बाद से ही उपलब्ध नहीं है और बीसीसीआई के अनुसार वह राजकोट में तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। बीसीसीआई ने कहा कि राहुल की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक श्रृंखला के अंतिम टेस्ट में भागीदारी फिटनेस पर निर्भर थी लेकिन वह धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी चोट पर नजर रखे है और लंदन में विशेषज्ञों से सलाह लेने की कोशिश कर रही है। टीम की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत रांची में चौथे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज बुमराह 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट के लिए टीम से जुड़ेंगे। भारत ने चौथे टेस्ट में जीत के बाद श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बनाई है। अंतिम टेस्ट में राहुल की अनुपस्थिति से रजत पाटीदार टीम में रहेंगे, लेकिन अंतिम एकादश में उनका होना निश्चित नहीं है क्योंकि वह 6 पारियों में 63 रन ही बना सके हैं। वाशिंगटन सुंदर को भी टीम से रिलीज किया गया है।





बीसीसीआई ने कहा कि वह दो मार्च से मुंबई के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी सेमीफाइनल मैच के लिए अपनी टीम तमिलनाडु में शामिल होंगे और जरूरत पड़ी तो घरेलू मैच पूरा होने के बाद पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम में जुड़ जाएंगे। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स का नेतृत्व करेंगे और उन्हें आईपीएल से पहले फिट होना होगा। चोट से राहुल पिछले साल भी 4 महीने तक टीम से बाहर थे। आईपीएल में चोटिल होने के बाद राहुल ने पिछले सितंबर में एशिया कप के दौरान वापसी की। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे में राहुल भारत के लिए शतक बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। यह श्रृंखला ड्रा थी। बीसीसीआई ने बताया कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी 26 फरवरी को सर्जरी के बाद अच्छी तरह उबर रहे हैं। वह रिहैबिलिटेशन शुरू करने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाएंगे।

### रोहित और कोहली को भी घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए : आजाद



**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य कीर्ति आजाद ने क्रिकेटरों के लिए रणजी खेलने के बीसीसीआई के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि यह अच्छी पहल है और रोहित शर्मा तथा विराट कोहली समेत भारतीय टीम के हर सदस्य पर लागू होनी चाहिए। ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी नहीं खेलने से केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। आजाद ने कहा कि यह निर्देश बहुत अच्छी पहल है। हर किसी को रणजी खेलनी चाहिए। पांच दिन का क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। घरेलू क्रिकेट खेलना अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि जब भी खिलाड़ी खाली हो तो उन्हे अपने प्रदेश के लिए रणजी खेलना चाहिए। चाहे वह रोहित शर्मा हो या विराट कोहली। प्रदेश ने आपको खिलाड़ी बनने का मौका दिया, जिससे आप देश के लिए खेल सके। उन्होंने कहा कि सिर्फ ईशान और श्रेयस को सजा देना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो को सजा देना सही नहीं है। हर किसी को सजा मिलनी चाहिए। सभी को समान नजर से देखा जाना चाहिए। आजाद ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया कि क्या ईशान और श्रेयस के लिए रास्ते अब बंद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल यह है कि क्या वे पर्याप्त घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। वे टी-20 खेल रहे हैं और हर प्रदेश में टी-20 लीग है। जब हम खेलते थे तब सारे सदस्य प्रदेश के लिये खेलते थे और इसमें गर्व महसूस करते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है।

### पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

### अय्यर-ईशान को लेकर इरफान ने उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने रणजी खेलने के आदेश का पालन नहीं करने पर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा है कि हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों के लिए यह मानदंड नहीं था। बीसीसीआई ने ईशान और श्रेयस के केंद्रीय अनुबंध रद कर दिए जबकि 2018 से एक भी टेस्ट नहीं खेले पंड्या को ग्रेड 'ए' का अनुबंध दिया गया। इरफान ने एक्स पर लिखा, अगर हार्दिक जैसे खिलाड़ी लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेलना चाहते तो क्या उन्हें और उनके जैसे दूसरों को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सफेद गेंद का घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। अगर यह सब पर लागू नहीं होता तो भारतीय क्रिकेट को इच्छित नतीजे नहीं मिलेंगे। ईशान पिछले साल दिसंबर में द. अफ्रीका दौरा छोड़ने के बाद झारखंड के लिए रणजी खेलने नहीं आए। उन्होंने आईपीएल की तैयारी शुरू कर दी जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे।

# आरसीबी के खिलाफ लौटेंगी हरमनप्रीत



बेंगलुरू, एजेंसी





मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने कहा कि कप्तान हरमनप्रीत कौर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ शनिवार को डब्ल्यूपीएल के अगले मैच में उपलब्ध होंगी। फॉर्म में चल रही हरमनप्रीत कौर चोट के कारण बुधवार को यूपी वारियर्स के खिलाफ नहीं खेल सकी थी। मुंबई को सात विकेट से पराजय का सामना करना पड़ा था।

एडवर्ड्स ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हरमनप्रीत कौर आज चयन के लिए उपलब्ध नहीं थी लेकिन शनिवार को आरसीबी के खिलाफ वह खेलेगी। मुझे इसका पूरा यकीन है। हरमनप्रीत ने इस डब्ल्यूपीएल में दो मैचों में 101 रन बनाए हैं। मुंबई को अनुभवी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल की कमी भी खली जो चोटिल है। एडवर्ड्स ने कहा कि उनकी फिटनेस पर नजर रखी जा रही है लेकिन आरसीबी के खिलाफ उनका खेलना काफी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हम उसके लिए इंतजार कर रहे हैं। यह लंबा नहीं होना चाहिए, लेकिन हम कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। यूपी वारियर्स की वृंदा दिनेश के कंधे में भी फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी और उनका स्कैन कराया गया है जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है।

# ऑस्ट्रेलिया के पहले दिन 9 विकेट पर 279 रन

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन लगातार विकेट गंवाने के बावजूद कैमरन ग्रीन (नाबाद 103 रन) की शतकीय पारी से स्टंप तक 9 विकेट गंवाकर 279 रन बना लिए। न्यूजीलैंड ने सुबह टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। लंच से 10 मिनट पहले न्यूजीलैंड ने स्टीव स्मिथ (31) का विकेट झटका था, लेकिन लंच के बाद मार्नस लाबुशेन (1), उस्मान ख्वाजा (33) और ट्रेविस हेड (1) आउट हो गए। इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 4 विकेट पर 89 रन हो गया। मिशेल मार्श (40) और ग्रीन ने पांचवें विकेट के लिए 67 रन की भागीदारी की। मार्श मैट हैनरी का शिकार हुए। ग्रीन ने इसके बाद न्यूजीलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उन्होंने अपना दूसरा टेस्ट शतक जमाया जिसमें 16 चौके जड़े थे। न्यूजीलैंड के लिए हैनरी ने 4 तो विलियम ओरोरके और स्कॉट कुगेलेजिन ने दो दो विकेट लिए। रचिन रविंद्र को 1 विकेट मिला। ग्रीन के साथ जोश हेजलवुड क्रीज पर थे जिन्होंने खाता नहीं खोला था।





# मई में आ सकती है जॉली एलएलबी 3





**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार-अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 मई 2024 में फ्लोर पर जा सकती है। 2013 में 'जॉली एलएलबी रिलीज हुई थी, जिसमें अरशद वारसी थे। वहीं, दूसरे पार्ट यानी 'जॉली एलएलबी' में अक्षय कुमार ने लीड रोल किया था। अब तीसरे पार्ट में अक्षय और अरशद दोनों नजर आएंगे। इसको सुभाष कपूर निर्देशित कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 को मई में फ्लोर पर लाया जाएगा। वहीं 2025 में इसे सिनेमाघरों में रिलीज कर दिया जाएगा। जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद दोनों का रोल बराबर का होगा। इससे पहले दोनों 'बच्चन पांडे' में साथ नजर आए थे।

### दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द बनने वाले हैं माता-पिता



बॉलीवुड की स्टार जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। यह जानकारी खुद अभिनेता दंपति ने दी है। कुछ दिन पहले से ही सोशल मीडिया पर दीपिका पादुकोण के गर्भवती होने की खबरें सामने आ रही थीं। दंपति ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में यह खबर साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में तस्वीर साझा की, जिसमें बच्चे के जूते और कपड़े बने हैं और उसमें लिखा है सितंबर 2024। अभिनत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, श्रेया घोषाल, विक्रांत मैसी और आलिया भट्ट सहित बॉलीवुड के कई अभिनेताओं ने उन्हें बधाई दी। दीपिका-रणवीर की पोस्ट के कमेंट सेक्शन में प्रियंका ने लिखा, 'मुबारक', वहीं आलिया ने कई सारे दिल वाले इमोजी साझा किए। घोषाल ने कहा कि वह जोड़ी के लिए उत्साहित और खुश हैं, वहीं विक्रांत ने लिखा, आप दोनों को बहुत बहुत शुभकामनाएं। दीपिका और रणवीर 2018 में इटली में शादी के बंधन में बंधे थे।

# तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज इन दिनों अपनी मां बनने की जर्नी को एन्जॉय करती हुई नजर आ रही है। फैंस अक्सर उनसे ऑनस्क्रीन वापसी कब करेंगी सवाल कर रहे हैं। इसी बीच उनकी अपकमिंग फिल्म तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें उनका अलग अंदाज देखने को मिला है। इतना ही नहीं उनके साथ रणदीप हुड्डा भी हैं, जिनकी हाल ही में लिन लैशराम से शादी हुई है। फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है क्यों इलियाना का हटकर अंदाज और रणदीप हुड्डा का हरियाणवी लुक फैंस का ध्यान खींच रहा है। तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर त्वचा के रंग और दहेज के साथ भारत के स्थाई निर्धारण को दिखाता है। बलविंदर सिंह जांजुआ द्वारा निर्देशित, यह अपकमिंग फिल्म गोरी त्वचा के जुनून और दहेज प्रथा से जुड़ी जटिलताओं के बारे में बातचीत शुरू करने का वादा करती है। मूवी में इलियाना डिक्रूज, रणदीप हुड्डा और करण कुंद्रा अहम किरदार में हैं, जिसका ट्रेलर सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। इस फिल्म में एक महिला की कहानी दिखाई गई है, जो दूल्हा खोजने के सामाजिक दबाव से जूझ रही है। यह किरदार इलियाना डिक्रूज़ का है, जिसकी यात्रा ने केवल उसके रंग के आधार पर आंके जाने की कठोर वास्तविकताओं का खुलासा किया है। फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। निर्देशक बलविंदर सिंह जंजुआ की फिल्म में रणदीप हुडा एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं, जिसे दहेज चुराने वाले चोरों को पकड़ने का काम सौंपा गया है। कहानी में नायक और पुलिस अधिकारी के बीच की लव स्टोरी को दिखाया गया है, जिसमें भी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# श्रेयस ने बताई गोलमाल 5 की रिलीज डेट



बॉलीवुड की कॉमेडी फिल्मों ने दर्शकों में खास जगह बना रखी है। इनमें से एक गोलमाल की फ्रेंचाइजी भी है। इसी बीच गोलमाल 5 को लेकर अपडेट सामने आई है। एक्टर श्रेयस तलपड़े ने खुलासा किया है कि गोलमाल 5 कब रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी एक्टर ने जानकारी साझा कर दी है। बॉलीवुड की कई फिल्मों के अगले पार्ट का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस लिस्ट में एक नाम फिल्म 'गोलमाल 5' का भी है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइजी सुपरहिट है। मल्टी स्टारर इस फ्रेंचाइजी की दर्शकों के दिल में एक खास जगह हैफ्रेंचाइजी 'गोलमाल 5' को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। एक बार फिर से अजय देवगन अपनी पलटन के साथ लोगों को हंसाते हुए नजर आएंगे। 2020 में रोहित शेट्टी ने बताया था कि वह 'गोलमाल 5' पर काम कर रहे हैं, लेकिन इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आ गई है। फिल्म में लक्ष्मण का रोल निभाने वाले श्रेयस तलपड़े ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया है कि ये फिल्म कब आ सकती है। श्रेयस ने बताया कि 'गोलमाल 5' की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है और दीवाली 2025 पर इसे रिलीज भी किया जा सकता है। श्रेयस की मानें तो 'गोलमाल 5' पैंडेमिक के दौरान अनाउंस की गई थी, लेकिन तब हालातों के चलते सारे प्लान को बदलना पड़ा था। एक्टर ने कहा कि उन्हें फिल्म के सेट पर काफी मजा आता है।

### प्रभास के चक्कर में रणबीर की एनिमल पार्क अटकी



रणबीर कपूर की 'एनिमल' के बाद अब हर किसी को 'एनिमल पार्क' का इंतजार है। पता चला था कि इसमें विक्की कौशल विलेन होंगे, हालांकि, ये फिल्म अभी नहीं बनने वाली है। संदीप रेड्डी वांगा ने प्रभास की फिल्म के लिए कुछ प्लानिंग कर रखी है। उसे पूरा करने के बाद ही 'एनिमल पार्क' के बारे में सोचेंगे। रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने बीते साल 915 करोड़ का कारोबार किया है। थिएटर्स के बाद ओटीटी पर भी फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिला। फिल्म को लेकर रोजाना नए-नए अपडेट्स आ रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म की प्लानिंग कर ली है। हालांकि, इसे शुरू कब किया जाएगा, ये पता नहीं चल पाया है। विक्की कौशल इस पार्ट में विलेन बने हैं, लेकिन इसी बीच खबर आ रही है कि प्रभास के चक्कर में ये फिल्म अटक गई है। संदीप रेड्डी वांगा ने 'एनिमल' को डायरेक्ट किया था। इस फिल्म को जो रिस्पॉन्स मिला। उसके बाद 'एनिमल' के सीक्वल का ऐलान किया गया था। इस वक्त संदीप कई सुपरस्टार्स के साथ फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसमें प्रभास और अल्लू अर्जुन का नाम भी है। पहले ऐसी चर्चा थीं कि संदीप पहले रणबीर की एनिमल पार्क की शूटिंग खत्म करेंगे। इसको कंप्लीट करने के बाद उन्हें प्रभास की स्पिरिट पर काम करना था, लेकिन अब डायरेक्टर ने प्लानिंग बदल दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार संदीप जल्द ही स्पिरिट की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस पिक्चर में प्रभास लीड रोल में हैं। वो फिल्म में कॉप का किरदार निभा रहे हैं, इसकी शूटिंग अक्टूबर से शुरू होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### प्रवासी भारतीयों से जुड़ने के लिए शुरू की लेबर इंडियंस पहल

**लंदन।** इस साल के आखिर में होने वाले आम चुनाव में विपक्षी लेबर पार्टी अपनी नैया पार लगाने के लिए ब्रिटिश भारतीयों को साधने में जुट गई है। लेबर पार्टी ने प्रवासी भारतीयों से जुड़ने और सत्ता में आने के बाद एक साल में भारत के साथ बातचीत को मजबूत करने के मकसद से नया प्रवासी आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है। लेबर पार्टी के विदेश मामलों के सचिव डेविड लैमी ने लंदन में संसद भवन परिसर में लेबर इंडियंस' पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी हालिया भारत यात्रा का जिक्र किया।

### छत्तीसगढ़ के प्रख्यात पुरातत्वविद अरुण कुमार शर्मा का निधन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री अरुण कुमार शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। 92 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। अरुण शर्मा वही शख्स हैं जिनकी मांग पर अयोध्या में राम जन्म भूमि पर खुदाई कराई गई थी। उन्होंने ही खुदाई में मिले अवशेषों के रिसर्च के आधार पर कोर्ट में मंदिर होने के सबूत पेश किए थे। अरुण के बेटे मनीष ने बताया कि रायपुर स्थित आवास पर पिता ने अंतिम सांस ली। बता दें, वह छत्तीसगढ़ सरकार के पुरातत्व सलाहकार भी रहे थे।



### चाय वाले के साथ छा गई बिल गेट्स की जुगलबंदी

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर और समाजसेवी बिल गेट्स बड़े कारोबार के अलावा अपने अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। इस समय वह अपने भारत दौरे के कारण सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में बिल गेट्स का नागपुर के फेमस डॉली चायवाले के साथ एक वीडियो वायरल हुआ है। इंस्टाग्राम हैंडल पर डॉली चाय वाले के साथ वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने भारत की तारीफ की है।

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में छह आतंकियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने कहा- सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना पर एक अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा, अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई जिसमें छह आतंकवादी मारे गए, एक सैनिक भी घायल हुआ है।

## डब्ल्यूटीओ में भारत ने कहा ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क स्थगन की समीक्षा करने की जरूरत

**अबू धाबी, एजेंसी।** भारत ने गुरुवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विकासशील और अल्प विकसित सदस्य देशों के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन की फिर से समीक्षा करने की जरूरत है। भारत ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन को आगे जारी रखने के पक्ष में नहीं है, इसका असर विकासशील देशों पर पड़ रहा है।

यह मुद्दा विश्व व्यापार संगठन के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में ई-कॉमर्स सत्र के दौरान उठा। बता दें, मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का गुरुवार को अंतिम दिन रहा। भारत ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का यह उभरता हुआ खंड अल्प विकसित देशों (एलडीसी) सहित विकासशील देशों के लिए आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं लाता है। ऐसे में भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि डिजिटल औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क लगाने सहित सभी नीतिगत विकल्प डब्ल्यूटीओ सदस्यों के पास होने चाहिए। वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा, भारत ने बताया कि विकसित और विकासशील देशों के बीच एक बड़ी डिजिटल खाई है। इससे वैश्विक ई-कॉमर्स में विकासशील देशों की भागीदारी बढ़ाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

## सर्वाधिक संख्या के साथ मध्य प्रदेश के सिर सजा 'तेंदुआ स्टेट' का ताज

मध्य प्रदेश का तेंदुआ स्टेट का तमगा इस बार भी बरकरार है। देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या 3,907 मध्य प्रदेश में है, वर्ष 2018 में 3421 थी। इसके बाद महाराष्ट्र में 1985, कर्नाटक में 1,879 और तमिलनाडु में 1,070 रही। टाइगर रिजर्व या सबसे अधिक तेंदुए की आबादी वाले स्थल आंध्रप्रदेश के श्रीशैलम में नागार्जुन सागर और इसके बाद मध्य प्रदेश में पन्ना और सतपुड़ा हैं। यह तथ्य गुरुवार को नई दिल्ली में भारत में तेंदुओं की स्थिति पर जारी रिपोर्ट में रेखांकित हुआ है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसकी रिपोर्ट जारी की।

**3,907**

**के साथ मध्य प्रदेश देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या वाला प्रदेश है, वर्ष 2018 में 3421 थी संख्या**



### तेंदुओं की आबादी का अनुमान



वहीं वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि वन्य जीव हमारे जंगल की शान है। उल्लेखनीय है कि पांचवें चक्र में तेंदुओं की आबादी का अनुमान राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्य जीव संस्थान द्वारा, राज्य वन विभागों के सहयोग से किया जा रहा है। चतुर्वर्षीय "बाघों की निगरानी, शिकारियों, शिकार और उनके आवास की निगरानी" अभ्यास के एक भाग के रूप में यह प्रयास किया गया था। इससे बाघ संरक्षण प्रयासों को गति मिली है।

### तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियां

बाघ रेंज वाले राज्यों और विविध परिदृश्यों को शामिल करते हुए, व्यापक सर्वेक्षण में तेंदुए की बहुतायत का आकलन करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके मजबूत वैज्ञानिक पद्धतियों का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान कैमरा ट्रैपिंग, आवास विश्लेषण और जनसंख्या के संयोजन की एक सावधानीपूर्वक प्रक्रिया के माध्यम से, तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि का पता चला।

### भारत में तेंदुओं की कितनी है आबादी

भारत में तेंदुओं की आबादी 13,874 (रेंज: 12,616 – 15,132) व्यक्ति होने का अनुमान है। यह 2018 में 12852 (12,172–13,535) व्यक्तियों के समान क्षेत्र की तुलना में स्थिर आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। यह अनुमान तेंदुए के निवास स्थान की 70 प्रतिशत आबादी को दर्शाता है। इसमें हिमालय और देश के अर्धशुष्क हिस्सों का नमूना नहीं लिया गया है, क्योंकि यह बाघों का निवास स्थान नहीं हैं।

### सबसे बड़ी वृद्धि दर मध्य भारत

मध्य भारत में तेंदुओं की आबादी की स्थिर या थोड़ी बढ़ती दिखाई देती है। शिवालिक पहाड़ियों और गंगा के मैदानी इलाकों में गिरावट देखी गई। यदि हम उस क्षेत्र को देखें जिसका पूरे भारत में 2018 और 2022 दोनों में नमूना लिया गया था, तो प्रतिवर्ष 1.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शिवालिक पहाड़ियों में, प्रतिवर्ष -3.4 % की गिरावट हो रही है।

## पाकिस्तान नेशनल असेंबली का पहला सत्र शुरू, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी


### संविधान की शक्तियों का हुआ इस्तेमाल, 21 दिनों के भीतर होगा सत्र चुनाव

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान की नवनिर्वाचित संसद ने गुरुवार को अपना पहला सत्र शुरू कर दिया है। कार्यवाहक सरकार के साथ चल रहे मतभेदों के बाद राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने आखिरकार विधानसभा सत्र बुलाया है। दोनों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीटें आवंटित किए जाने के मुद्दे को लेकर विवाद चल रहा था। पिछली संसद के निवर्तमान अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ की अध्यक्षता में उद्घाटन सत्र एक घंटे से अधिक की देरी के बाद शुरू हुआ।

एक्स अकाउंट पर जारी बयान में कहा गया, 'कुछ आपत्तियों के अधीन, राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 54(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 29 फरवरी को नेशनल असेंबली बुलाई है।' बता दें कि कि राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 91 (2) में दी गई समयसीमा के जनादेश और निहितार्थों को ध्यान में रखते हुए और कुछ आरक्षणों के अधीन और 21वें दिन से पहले आरक्षित सीटों के मुद्दे के समाधान की उम्मीद करते हुए अपनी मंजूरी दे दी। गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को अल्वी द्वारा उठाई गई आपत्तियों को सीरे से खारिज कर दिया था। साथ ही कहा कि पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक, नेशनल असेंबली सत्र चुनाव के 21 दिनों के भीतर होना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 91 के तहत, नेशनल असेंबली के पहले सत्र की जरूरी तारीख 29 फरवरी है। इस मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने मगंलवार को कहा कि संविधान की अवज्ञा करने पर अल्वी के खिलाफ कई कानूनी कार्रवाई की जाएंगी।

### नवाज शरीफ सहित कई नवनिर्वाचित सांसदों ने ली शपथ कल होगा प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव



पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा नेशनल असेंबली का सत्र बुलाए जाने के बाद देश के नवनिर्वाचित सांसदों ने गुरुवार को शपथ ली। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीट आवंटित करने के मुद्दे पर कार्यवाहक सरकार के साथ मतभेद के कारण अल्वी के शुरुआती इनकार के बाद नई संसद का पहला सत्र आयोजित किया गया। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सांसदों ने चुनाव में धांधली के नारे लगाए। चुनाव में धांधली के आरोपों के बीच नवाज शरीफ, पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी और पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी अन्य सांसदों ने शपथ ली। बता दें, चुनाव में पार्टी का अच्छा प्रदर्शन नहीं होने के कारण उन्होंने रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनने का अपना प्रयास छोड़ दिया। नवनिर्वाचित सांसद नेशनल असेंबली के नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव शनिवार को होने की उम्मीद है और पीएमएल-एन तथा पीपीपी के बीच चुनाव बाद समझौते के तहत नवाज शरीफ के छोटे भाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सदन का नया नेता चुना जाना तय है।

## रूस के परमाणु हथियार इस्तेमाल को पूरी तरह तैयार: पुतिन



**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों पर भड़ास निकाली है। पुतिन ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम वार्षिक संबोधन में आरोप लगाया है कि पश्चिमी देश परमाणु संघर्ष के हालात पैदा करने चाहते हैं, जो मानव सभ्यता को नष्ट कर देगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश परमाणु युद्ध का 'वास्तविक' खतरा पैदा कर रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि रूस के परमाणु हथियार उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार में हैं। पुतिन ने आगाह किया है कि यूक्रेन युद्ध में दखलअंदाजी करने वालों के लिए परिणाम बहुत ही दुखद होंगे...उन्हें (पश्चिम) समझना चाहिए। मैंने उनसे कहा है कि हमारे पास भी ऐसे हथियार हैं जो उनके क्षेत्रों पर लक्ष्यों को नष्ट कर सकते हैं। पुतिन ने कहा कि रूस किसी को भी अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं देगा।

## यूएनएचआरसी: भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकारा

**संयुक्त राष्ट्र/ जिनेवा**

- जिनेवा में स्थायी सचिव अनुपमा ने कहा- भारत का यह आंतरिक मामला, टिप्पणी करना गलत



भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में बुधवार को डिबेट के दौरान कश्मीर के मुद्दे को उठाने के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाई। साथ ही भारत ने इसे झूठ फैलाने के लिए हताश प्रयास बताया।

परिषद में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान जवाब देने के अधिकार में कहा, 'आज जब हम यूएनएससी सुधारों पर चर्चा करने के लिए मिल रहे हैं, तो पाकिस्तान के एक प्रतिनिधि ने फिर से जम्मू-कश्मीर का बेफिजूल संदर्भ उठा दिया। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है, भले ही पाकिस्तान का प्रतिनिधि कुछ भी मानता हो।

अनुपमा सिंह ने यूएनएचआरसी के 55वें सत्र में दोनों देशों द्वारा अपने बयानों में कश्मीर का मुद्दा उठाने के बाद भारत ने तुर्किये और पाकिस्तान को जवाब दिया। अनुपमा ने कहा, हमें तुर्किये द्वारा ऐसे मामले पर की गई टिप्पणी को लेकर खेद है जो भारत का आंतरिक मामला है और हम उम्मीद करते हैं कि वह भविष्य में हमारे आंतरिक मामलों पर अवांछित टिप्पणी करने से बचेगा।

### भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण

हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकी सरगनाओं के बारे में भारत ने कहा, एक ऐसा देश जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित आतंकवादियों को पनाह देता है, उसका भारत पर टिप्पणी करना जिसकी लोकतांत्रिक साख दुनिया के लिए एक मिसाल हैं, हर किसी के लिए एक विरोधाभास है। भारत के व्यापक संदर्भों के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि परिषद के मंच का इस्तेमाल एक बार फिर भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

## पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी नहीं ठहराया जा सकता, तीन दशक बाद आरोपी बरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सुप्रीम कोर्ट फैसला सुनाते हुए बोला- पत्नी की आत्महत्या के लिए पति के खिलाफ ठोस सबूत जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के एक केस में अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दर्ज एक पति की सजा को रद करते हुए व्यक्ति को बरी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने तीन दशक पहले अपनी पत्नी को सुसाइड के लिए उकसाने के आरोप से एक व्यक्ति को बरी करते हुए कहा है कि शादी के सात साल के भीतर अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने पर किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, जब तक कि उसके खिलाफ उत्पीड़न या क्रूरता के ठोस सबूत न हों।

भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 113ए उन मामलों में पति और ससुराल वालों द्वारा उकसाने की धारणा स्थापित करती है, जहां शादी के सात साल के भीतर एक महिला की आत्महत्या होती है और वह क्रूरता का शिकार हुई है।

इस मामले में, आदमी की शादी 1992 में हुई थी। अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि शादी के तुरंत बाद, आदमी और उसके माता-पिता ने पैसे की मांग करना शुरू कर दिया क्योंकि वह राशन की दुकान शुरू करना चाहता था। रिकॉर्ड के अनुसार, 19 नवंबर 1993 को महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, उसने अपने पति के लगातार उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली।शीर्ष अदालत ने कहा कि अदालतों को शादी के सात साल के भीतर किसी महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के विषय पर कानून के सही सिद्धांतों को लागू करने में बहुत सावधान और सतर्क रहना चाहिए, अन्यथा यह धारणा बन सकती है कि दोषसिद्धि कानूनी नहीं बल्कि नैतिकता है।

पीठ ने कहा, "इस अदालत ने माना है कि शादी के सात साल के भीतर आत्महत्या के तथ्य से, किसी को तब तक उकसाने के नतीजे पर नहीं पहुंचना चाहिए जब तक कि क्रूरता साबित न हो जाए। उत्पीड़न या क्रूरता के किसी ठोस सबूत के अभाव में, किसी आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

## एटमी हथियार केंद्र बंद...





**टेक्सास:** सैन फ्रांसिस्को अमेरिका में टेक्सास के जंगलों में लगी आग विकराल हो गई है। 5 स्थानों पर लगी इस आग ने 3.7 लाख एकड़ क्षेत्र को चपेट में ले लिया है। इससे अमेरिका का परमाणु हथियार सुविधा संचालन केंद्र खतरे में पड़ गया है। आग के बेकाबू होने के बाद अमेरिका के परमाणु शस्त्रागार को जोड़ने और अलग करने वाली मुख्य सुविधा ने मंगलवार रात टेक्सास में काम करना बंद कर दिया। आग बढ़ती देख छोटे शहरों को खाली करने के आदेश दिए गए हैं। गवर्नर ग्रेग एबॉट ने इसे आपदा घोषित कर दिया है। ● एजेंसी

## विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ

- मॉरीशस में परियोजनाओं के उद्घाटन पर मोदी बोले- 10 वर्षों में संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली

**नई दिल्ली, एजेंसी**





मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ के साथ वर्चुअली माध्यम से विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ ने गुरुवार को मॉरीशस के अगालेगा द्वीप पर छह सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही नई हवाई पट्टी (एयरस्ट्रिप) और सेंट जेम्स जेट्टी का भी संयुक्त रूप से लोकार्पण किया।

पीएम कार्यालय के एक बयान के अनुसार, यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया था। इन कई परियोजनाओं का उद्घाटन दोनों देशों, भारत और मॉरीशस के बीच मजबूत और दशकों पुरानी विकास साझेदारी का प्रमाण है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में, भारत-मॉरीशस संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली है। हमने इस रिश्ते में नई ऊंचाइयां हासिल कीं।

हमने वैज्ञानिक और ऐतिहासिक संबंधों को एक नया रूप दिया। विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ रही है। भारत ने हमेशा मॉरीशस की जरूरतों का सम्मान किया है'। आधिकारिक बयान के अनुसार, ये परियोजनाएं मुख्य भूमि मॉरीशस और अगालेगा के बीच बेहतर कनेक्टिविटी की मांग को पूरा करने में मदद करेंगी। पीएमओ के अनुसार इससे समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

दरअसल, कुछ सप्ताह पहले दोनों नेताओं ने मॉरीशस में यूपीआई और रुपे कार्ड सेवाओं के शुभारंभ किया था। इसके बाद अब इन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन इस क्षेत्र में बहुत महत्व रखता है।

**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने जताई थी तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना, कम हो रही दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद

## खत्म हो रहा बाहरी सौरमंडल के ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वातावरण

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार:** सात ग्रहों का ट्रैपिस्ट एक्सोप्लैनेट (बाहरी ग्रहों) का सौरमंडल खत्म हो जाएगा। कुछ ऐसी ही संभावनाएं खगोल वैज्ञानिक जता रहे हैं। ताजा शोध में पता चला है कि रहने योग्य इस इस सोलर सिस्टम का एक ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वारावरण नष्ट हो रहा है। इस जानकारी के बाद किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद जाती रही।

ट्रैपिस्ट सात ग्रहों वाला सौर मंडल है। जिसके तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना वैज्ञानिकों ने जताई थी। मगर अब जो जानकारी मिली है, उससे पता चलता है कि इस बाहरी सिस्टम में रहने योग्य ग्रहों को उसके लाल बौने तारे से निकलने वाले कठोर विकिरण उसके वायुमंडल से खत्म कर रहा है। जिसमे ट्रैपिस्ट-1ई जीवन के लिए दुर्गम बना सकती है।

वैज्ञानिकों के अनुसार प्रतीत होता है कि इस ग्रह के अपने लाल बौने मेजबान तारे के चारों ओर विद्युत धाराएं उत्पन्न हो रही हैं। इस सोलर सिस्टम के ग्रह लाल बौने तारे की परिक्रमा करते हैं। इस सिस्टम में सभी सात ग्रह पृथ्वी के समान चट्टानी हैं। जिनमें 3 रहने योग्य क्षेत्र में स्थित हैं। यह क्षेत्र न तो बहुत गर्म है और न ही बहुत ठंडा है और इनमें तरल पानी की प्रबल संभावना थी। ट्रैपिस्ट-1ई पृथ्वी से 40 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। ट्रैपिस्ट-1 ई एक्सोप्लैनेट में वायुमंडल की विस्तृत जानकारी के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद ली गई थी और गहन अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों को निराश होना पड़ा है। अमेरिका के सेसिलिया गैराफो, हार्वर्ड और स्मिथसोनियन के वैज्ञानिक इस सौर मंडल का सामूहिक अध्ययन कर रहे हैं।



ट्रैपिस्ट-1 का सौरमंडल।

### पृथ्वी के आकार का है ट्रैपिस्ट 1ई, 0.7 गुना है द्रव्यमान

ट्रैपिस्ट-1ई लगभग पृथ्वी के आकार का है। इसका द्रव्यमान हमारे ग्रह के लगभग 0.7 गुना है। यह अपने तारे से चौथे नंबर का ग्रह है, जो पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी से केवल 0.028 गुना दूरी पर परिक्रमा करता है, और केवल 6.1 पृथ्वी दिनों में एक चक्कर लगाता है। एक्सोप्लैनेट ट्रैपिस्ट-1बी का अपना वातावरण पहले ही खो चुका है। इस सौरमण्डल के सातों ग्रहों के नाम ट्रैपिस्ट-1बी, 1ई, 1सी 2डी आदि रखे गए हैं।

## गाजा में राहत सहायता की प्रतीक्षा कर रहे लोगों पर हमला, 70 की मौत

**राफा।** गुरुवार को गाजा शहर में मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर इजराइली हमले में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हो गए। स्थानीय अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

शिफा अस्पताल के नर्सिंग विभाग के प्रमुख डॉ. जदल्लाह शफाई ने अल जजीरा नेटवर्क को बताया कि लगभग 70 लोग मारे गए और 250 घायल हो गए। उन्होंने सटीक मरने वालों की संख्या नहीं बताया। अल जजीरा ने फुटेज चलाया जिसमें कई शव और घायल लोग शिफा पहुंचते हुए दिखाई दे रहे थे। कमल अदवान अस्पताल में एम्बुलेंस सेवा के प्रमुख फारेस अफाना ने कहा कि घटनास्थल पर पहुंचने वाले चिकित्सकों ने सैकड़ों को जमीन पर पड़ा हुआ पाया। उन्होंने कहा कि मृतकों और घायलों को गधे द्वारा खिंची जाने वाली गाड़ियों पर अस्पतालों में लाया जा रहा था।

## एच-1बी वीजा प्रक्रिया में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- भारतीय-अमेरिकियों को लेकर बोला-व्हाइट हाउस

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एच1बी वीजा प्रक्रिया, 'ग्रीन कार्ड' बैकलॉग और देश की कानूनी आव्रजन प्रणाली से संबंधित अन्य मुद्दों में सुधार के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। एच1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियोजित करने की अनुमति देता है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ने बुधवार को कहा, अगर हम एच1बी वीजा प्रक्रिया को देखें, तो हमने उसमें सुधार करने के लिए कार्रवाई की है और वैध स्थायी निवासियों (ग्रीन कार्ड) के लिए प्रक्रिया और बैकलॉग जो अमेरिकी नागरिक बनने के लिए पात्र हैं।

### भारत की अध्यक्षता में क्वाड की प्रगति बरकरार रहेगी : व्हाइट हाउस

व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को उम्मीद है कि क्वाड 2024 में भारत की अध्यक्षता में अपने पिछले तीन वर्षों की गति को बरकरार रखेगा। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान चार देश शामिल हैं। जीन-पियरे ने कहा, राष्ट्रपति पिछले तीन वर्षों में क्वाड की प्रगति पर बहुत गर्व महसूस करते हैं। क्वाड के सदस्यों ने मार्च 2021 में व्हाइट हाउस में अपना पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। उन्होंने कहा- क्वाड की 2024 में वर्षगांठ आ रही है, हम उम्मीद कर रहे हैं अमेरिका के बारे में नहीं, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बारे में भी बात कर रहे हैं।

## ट्रंप एक और राज्य के प्राथमिक चुनाव के लिए अयोग्य घोषित



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को कैपिटल हिल हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली। शीर्ष अदालत उनकी दलीलों को सुनने पर सहमत हुआ।

वहीं दूसरी ओर, इसी मामले को लेकर इलिनॉय राज्य में एक स्थानीय अदालत से उन्हें झटका लगा। अदालत ने ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के लिए होने वाले प्राथमिक मतदान से बाहर करने का आदेश दिया है। इससे पहले मेन और कोलाराडो राज्य भी ट्रंप को राज्य के प्राथमिक मतदान के लिए अयोग्य घोषित कर चुके हैं। इलिनॉय में 19 मार्च को प्राथमिक चुनाव होंगे। कोर्ट ने कहा- ट्रंप ने एक विद्रोह में भाग लिया था। इसलिए उन्हें राज्य के मतपत्र में रहने की अनुमतिनहीं है।